चैत्र मास, कृष्ण पक्ष 6, वर्ष 12, अंक 33, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, सोमवार, 13 मार्च, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : गिल ने खेल के तीसरे दिन 235 गेंद में 128 रन की पारी खेली थी




अन्दर : किसान को उसका हक मिलना चाहिए

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# कांग्रेस मेरी कब्र खोदने में व्यस्त

## और मैं एक्सप्रेस-वे बनाने में मस्त : प्रधानमंत्री मोदी

**हुबली-धारवाड़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे और दुनिया का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म राष्ट्र को समर्पित किया।

प्रधानमंत्री मोदी रविवार को कर्नाटक को लगभग 16,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने मांड्या में एक रोड शो किया, जिसमें भारी संख्या में लोग प्रधानमंत्री को देखने पहुंचे।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को कर्नाटक के हुबली-धारवाड़ में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया, जहां पर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे की

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
916 हॉलमार्क ज्वेलरी
SUNDAY OPEN

**कांग्रेस पर तंज**

**कर्नाटक को पीएम मोदी ने 16,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं की दी सौगात**

**हुबली और धारवाड़ में पीएम के रोडशो में उमड़ी भीड़**

**देश के करोड़ों लोगों का आशीर्वाद मोदी का सबसे बड़ा सुरक्षा कवच**

**राहुल पर बरसे पीएम मोदी, बोले-लंदन में भारतीय लोकतंत्र पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण**





तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। युवा वर्ग देश की तरक्की देखकर गर्व महसूस कर रहा है। ये सभी प्रोजेक्ट विकास और समृद्धि के नए रास्ते खोलेंगे। बेंगलुरु और मैसूर, कर्नाटक के दो अहम शहर हैं। एक तकनीक के लिए जाना जाता है और दूसरा परंपरा के लिए जाना जाता है। ऐसे में इन दोनों शहरों का तकनीक के माध्यम से जुड़ना अहम है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस ने गरीब लोगों को तबाह करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। कांग्रेस सरकार ने गरीब लोगों के पैसों को लूटा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में आपने मुझे वोट देकर सेवा का मौका दिया तो देश में गरीब का दुख दर्द समझने वाली संवेदनशील सरकार बनी। इसके बाद भाजपा की केंद्र सरकार ने पूरी ईमानदारी से गरीब की सेवा करने का प्रयास किया। गरीब के जीवन से मुश्किल कम करने का प्रयास किया। बीते नौ सालों में भाजपा सरकार की योजनाओं से करोड़ों गरीबों का जीवन आसान हुआ है। कांग्रेस की सरकार में गरीब को सुविधाओं के लिए सरकार के पास चक्कर लगाने पड़ते थे। अब भाजपा की सरकार गरीब के पास जाकर सुविधाएं दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, मोदी की कब्र खोदने में व्यस्त है और मोदी, बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे बनाने में व्यस्त है। कांग्रेसियों को पता नहीं है कि देश की करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद मोदी का सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।

बता दें कि 10 लेन वाले और 118 किमी लंबे बेंगलुरु मैसूर एक्सप्रेसवे को लगभग 8,480 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। यह बेंगलुरु और मैसूर के बीच यात्रा के समय को तीन घंटे से घटाकर लगभग 75 मिनट कर देगा। बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे एनएच-275 का एक हिस्सा है। इसके तहत चार रेल ओवरब्रिज, नौ बड़े और 40 छोटे पुलों और 89 अंडरपास और ओवरपास का निर्माण किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री ने श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि स्टेशन पर दुनिया का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म राष्ट्र को समर्पित किया। अधिकारियों ने कहा कि इस उपलब्धि को हाल ही में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' द्वारा मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि 1,507 मीटर लंबा प्लेटफॉर्म लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। पीएम मोदी ने यहां एक कार्यक्रम में क्षेत्र में संपर्क बढ़ाने के लिए होसपेटे-हुब्बल्लि-तिनाईघाट खंड के विद्युतीकरण और उन्नत होसपेटे स्टेशन को भी राष्ट्र को समर्पित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) धारवाड़ के स्थायी परिसर का उद्घाटन किया।

इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि धारवाड़ में आइआइटी का नया कैम्पस कर्नाटक की विकासयात्रा में नया अध्याय लिख रहा है। जितने ज्यादा उत्तम इंस्टीट्यूट होंगे उतने ज्यादा लोगों तक अच्छी शिक्षा की पहुंच होगी। यही कारण है कि बीते 9 वर्षों में भारत में अच्छे एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की संख्या लगातार बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि धारवाड़ केवल एक गेटवे ही नहीं रहा, बल्कि ये कर्नाटक और भारत की जीवंतता का एक प्रतिबिंब बन गया है। इसे कर्नाटक की सांस्कृतिक राजधानी के रुप में जाना जाता है। गौरतलब है कि फरवरी 2019 में पीएम मोदी ने ही इस संस्थान की आधारशिला भी रखी थी। इस संस्थान को 850 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। इस संस्थान से वर्तमान में 4 वर्षीय बी.टेक, 5-वर्षीय बीएस-एमएस कार्यक्रम, एम.टेक और पीएच.डी. कार्यक्रम किया जा सकेगा।

आईआईटी धारवाड़ में शैक्षणिक गतिविधियां जुलाई 2016 में कर्नाटक उच्च न्यायालय की धारवाड़ बेंच के बगल में जल और भूमि प्रबंधन संस्थान में स्थित पारगमन परिसर में शुरू हुईं। आइआइटी धारवाड़ ने लगातार प्रगति की है और वर्तमान में 856 छात्र, 73 संकाय सदस्य हैं, जिनके पास 400 से अधिक प्रकाशन हैं, 30 करोड़ रुपये की आर.डी प्रायोजित परियोजनाएं हैं और उनके सामूहिक क्रेडिट के लिए 32 समझौता ज्ञापन हैं।

### मैसूरु-खुशालनगर चार लेन राजमार्ग की भी आधारशिला रखी

प्रधानमंत्री मोदी मांड्या के बाद हुबली-धारवाड़ में विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मोदी ने मैसूरु-खुशालनगर चार लेन राजमार्ग की आधारशिला भी रखी। 92 किमी की इस परियोजना को करीब 4,130 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। इस परियोजना से बेंगलुरु के साथ कुशलनगर की कनेक्टिविटी बढ़ेगी और यात्रा का समय पांच घंटे से घटकर सिर्फ 2.5 घंटे रह जाएगा। इसी बीच प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि लंदन में भारतीय लोकतंत्र पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत केवल सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं बल्कि लोकतंत्र की जननी है। ये मेरा सौभाग्य रहा कि कुछ वर्ष पहले मुझे लंदन में भगवान बसवेश्वर की प्रतिमा के लोकर्पण का अवसर मिला, लेकिन ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि लंदन में ही भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाने का काम किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के लोकतंत्र की जड़ें, हमारे सदियों के इतिहास से सींची गई हैं। दुनिया की कोई ताकत भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं को नुकसान नहीं पहुंचा सकती।

# सुल्तानपुर में खून से लाल हुई सड़क



**हादसा**

**पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर खड़े डम्पर से भिड़ी कार**

**मां-बेटे समेत पांच की मौत**

**कार में एक बच्चे की डेड बॉडी लेकर दिल्ली से बिहार जा रहा था परिवार**

**सुल्तानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर एक बार फिर बड़ा हादसा हुआ है। रविवार को दिल्ली से बिहार के सासाराम जा रहा एक परिवार हादसे का शिकार हो गया। जिले के अखंडनगर थाना क्षेत्र से होकर गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किमी 183 एलएचएस पर मरम्मत कार्य के लिए खड़ी डंपर में पीछे से आ रही स्वीफ्ट डिजायर कार भिड़ गई। इस भीषण दुर्घटना में कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार में पहले से ही एक बच्चे की डेड बॉडी मौजूद थी। मौके पर पहुंचीं डीएम जसजीत कौर, एसपी सोमेन बर्मा समेत अन्य अधिकारियों ने हालात का जायजा लिया। यूपीडा ने राहत बचाव कार्य करते हुए यातयात बाधित नहीं होने दिया है।

यह हादसा रविवार को तकरीबन 11:40 मिनट पर हुआ। डिजायर कार चालक शाहरूख एक चार साल के बच्चे एहसान गौस का शव लेकर एम्स दिल्ली से सासाराम बिहार जा रहा था। उस समय कार पर साइना खातून (37) पत्नी गुड्डु, साहिल खान (19) पुत्र गुड्डु, जमीला पत्नी जमाल, रूखसार (31) पत्नी सलीम सवार थे। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किमी 183 पर लखनऊ की तरफ से आ रही कार आगे खड़ी डंपर में पीछे से जा घुसी। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और डंपर भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार पांचों लोगों की मौत हो गई।

सूचना पाते ही पहुंचे यूपीडा के गस्ती दल के प्रभारी एएसओ राजेंद्र सिंह की नेतृत्व में कार्यदायी संस्था के सेफ्टी टीम ने एम्बुलेंस व क्रेन, जेसीबी बुलाकर सभी शवों को बाहर निकाला। क्षतिग्रस्त वाहनों को एक्सप्रेसवे से हटाया गया। यातायात संचालित रहा। सूचना पाते ही डीएम जसजीत कौर, एसपी सोमेन बर्मा, एसडीएम कादीपुर समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। डीएम एसपी ने सभी शवों को अखंडनगर पुलिस से पंचनामा कराते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# डिप्टी सीएम के फोटो पर अखिलेश का तंज

**साधा निशाना**

**केशव प्रसाद और ब्रजेश पाठक की विमान में मुस्कुराते हुई हाथ मिलाने वाली तस्वीर पर बोले अखिलेश-'चलो मिलकर पलटाई'**



**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक की एक विशेष विमान में मुस्कुराते हुई हाथ मिलाने वाली तस्वीर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। इस वायरल तस्वीर को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी रविवार को तंज कसा है। अखिलेश यादव ने इस तस्वीर के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्रियों के बीच कथित तनाव के मामले पर निशाना साधा है।

रविवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने समाजवादी मीडिया सेल के दो ट्वीट को रीट्वीट किया, जिनमें एक विशेष विमान में गर्मजोशी से हाथ मिलाते हुए दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक की मुस्कुराती हुई तस्वीर साझा करते हुए कहा गया है- 'चलो मिलकर पलटाई।' दूसरे ट्वीट में कहा गया है, '50-50 का जुगाड़ मिलकर कर लिया, 100 सपा वाले प्लस राजभर, निषाद, पटेल बन गयी अपनी सरकार।'

बता दें कि इससे पहले अखिलेश यादव ने बीते सितंबर में एक चैनल को दिये गये साक्षात्कार में कहा था, केशव प्रसाद मौर्य अपने 100 विधायक लेकर आएं, हम उन्हें मुख्यमंत्री बना देंगे। उसके बाद केशव मौर्य ने अखिलेश यादव को सपा में टूट रोकने की नसीहत देते हुए दावा किया था कि सपा के 100 विधायक भाजपा में आने को तैयार हैं। सपा प्रमुख के ट्वीट के कुछ देर बाद उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को एक ट्वीट में निशाना साधते हुए कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार की सफलता से जनता खुश, विपक्ष परेशान है, एक पूर्व मुख्यमंत्री मंडली सहित हैरान हैं, यही भाजपा की पहचान है।'

# अतीक की फरार पत्नी पर इनाम

**वांछित**

**उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी शाइस्ता पर 25 हजार का इनाम**

**अतीक को प्रयागराज लाने की तैयारी में पुलिस**



**प्रयागराज।** राजूपाल हत्या कांड के मामले में सजा काट रहे माफिया अतीक अहमद और उसके परिवार की मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। उमेश पाल हत्याकांड में शामिल आरोपियों के साथ पत्नी का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद प्रयागराज पुलिस ने फरार चल रही अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन के खिलाफ 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। साथ ही गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

बता दें कि उमेश पाल की हत्या के बाद प्रयागराज पुलिस ने अतीक और उसके परिवार की नकेल कसने शुरू कर दिया। इधर अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन फरार हो गई।

कुछ दिनों बाद शाइस्ता परवीन की शार्प शूटर साबिर और बल्ली से मुलाकात का सीसीटीवी फुटेज सामने आया। जिसके बाद माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के खिलाफ प्रयागराज पुलिस का एक्शन तेज हो गया है। इधर, अतीक अहमद को अहमदाबाद के साबरमती जेल से पूछताछ के लिए प्रयागराज लाया जा सकता है। पुलिस का मानना है कि अतीक ने हत्याकांड की पूरी रूपरेखा साबरमती जेल में ही बनाई थी। पुलिस कोर्ट में रिमांड अर्जी लगाने के लिए दस्तावेज तैयार कर रही है। माना जा रहा कि अगले सप्ताह अतीक को प्रयागराज लाया जा सकता है।

# समलैंगिक विवाह को केंद्र का रेड सिग्नल

**किया विरोध**

**केंद्र सरकार सेम सेक्स मैरिज को मान्यता देने के खिलाफ**

**सुप्रीम कोर्ट में दिए हलफनामे में कहा- यह भारतीय परंपरा के मुताबिक नहीं**



**नई दिल्ली।** कानूनी मान्यता देने का विरोध किया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक रविवार को सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने इसको लेकर हलफनामा दायर किया। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सेम सेक्स मैरिज को मान्यता देने के लिए दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई होनी है। इससे पहले केंद्र सरकार का हलफनामा बताता है कि सरकार इसके पक्ष में नहीं है।

न्यूज एजेंसी ने जानकारी दी है कि केंद्र ने रविवार को कोर्ट में 56 पेज का हलफनामा दाखिल किया। इसमें कहा गया कि सेम सेक्स मैरिज भारतीय परंपरा के मुताबिक नहीं है। यह पति-पत्नी और उनसे पैदा हुए बच्चों के कॉन्सेप्ट से मेल नहीं खाती। हलफनामे में समाज की वर्तमान स्थिति का भी जिक्र है। केंद्र ने कहा- अभी के समय में समाज में कई तरह की शादियों या संबंधों को अपनाया जा रहा है। हमें इस पर आपत्ति नहीं है।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले को लेकर दिल्ली समेत अलग-अलग हाईकोर्ट में दाखिल सभी याचिकाओं की सुनवाई एक साथ करने का फैसला किया था। कोर्ट ने 6 जनवरी को इस मुद्दे से जुड़ी सभी याचिकाएं अपने पास ट्रांसफर कर ली थीं। चीफ जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस पी. एस. नरसिम्हा और जस्टिस जे. बी. पारदीवाला की बेंच सोमवार को इस मामले की सुनवाई करेगी।

हलफनामे में सरकार ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने अपने कई फैसलों में व्यक्तिगत स्वतंत्रता की व्याख्या स्पष्ट की है। इन फैसलों के आधार पर भी इस याचिका को खारिज कर देना चाहिए, क्योंकि उसमें सुनवाई करने लायक कोई तथ्य नहीं है। मेरिट के आधार पर भी उसे खारिज किया जाना ही उचित है।

कानून में उल्लेख के मुताबिक भी समलैंगिक विवाह को मान्यता नहीं दी जा सकती, क्योंकि उसमें पति और पत्नी की परिभाषा जैविक तौर पर दी गई है। उसी के मुताबिक दोनों के कानूनी अधिकार भी हैं। समलैंगिक विवाह में विवाद की स्थिति में पति और पत्नी को कैसे अलग-अलग माना जा सकेगा।

# सतीश महाना की बनाई फर्जी आईडी

**चकेरी।** कानपुर के चकेरी थानाक्षेत्र में विधानसभा अध्यक्ष की तरफ से एक एफआईआर दर्ज कराई गई है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के नाम से एक फर्जी फेसबुक आईडी चलाई जा रही है। इसमें सिर्फ अश्लील फोटो और वीडियो समेत अन्य अश्लील कंटेंट परोसा जा रहा है। चकेरी थाना प्रभारी ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच थाने के साथ ही क्राइम ब्रांच और साइबर सेल भी करेगी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के सोशल मीडिया प्रमुख मनीष मिश्रा की ओर से चकेरी थाने में आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मनीष मिश्रा के मुताबिक कुछ समय से सोशल मीडिया के फेसबुक प्लेटफॉर्म पर सतीश महाना के नाम से फर्जी आईडी चलाई जा रही है। इसमें सिर्फ आपत्तिजनक फोटो और वीडियो पोस्ट किए जा रहे हैं। जो कि अत्यंत खेदजनक है। इससे अध्यक्ष के साथ ही सदन की गरिमा को भारी ठेस पहुंचाई जा रही है। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष के सोशल मीडिया प्रभारी की तहरीर पर चकेरी थाने में आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# निवेशकों को सीएम योगी ने दी गारंटी

**हम हैं आपके साथ**

**गोरखपुर में इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का उद्घाटन कर सीएम योगी बोले- आप यूपी में निवेश कीजिए**

**आपके पैसे और आपकी सुरक्षा की गारंटी हमारी**

**राहुल पर योगी ने बोला हमला, कहा- खुद लोकतंत्र का गला घोंटते रहे दुनिया में भारत को कोसने वाले**



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि निवेश के लिए सुरक्षा जरूरी होती है। उन्होंने उद्यमियों से अपील करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश करें उनकी एवं उनके पूंजी की सुरक्षा की पूरी गारंटी सरकार की है। पूंजी की सुरक्षा के साथ ही आसपास बाजार भी मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार नीतियों में संशोधन भी करेगी। यदि गुणवत्ता युक्त उत्पाद है तो उसे प्रोत्साहन मिलना चाहिए। चोरी के स्टील को पूरी तरीके से प्रतिबंधित किया जाएगा। मुख्यमंत्री रविवार को सहजनवा गीडा स्थित अंकुर उद्योग लिमिटेड के परिसर में इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना जोरदार हमला बोला। लंदन में राहुल द्वारा दिए गए बयान पर सीएम योगी ने बगैर नाम का उल्लेख किए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक तरफ वैश्विक मंचों पर भारत का दबदबा बढ़ रहा है तो दूसरी तरफ कुछ लोग दुनिया के देशों में जाकर भारत की आलोचना कर रहे हैं।

भारत के लोकतंत्र को कोसने वाले ये वही लोग हैं जो मौका मिलने पर स्वयं लोकतंत्र का गला घोंटने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं। पीएम मोदी दुनिया में देश का नाम कर रहे हैं तो कुछ लोग देश को बदनाम करने में जुटे हैं। सीएम योगी भाजपा के बशारतपुर प्रथम शक्ति केंद्र पर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में जाकर देश की आलोचना करने वाले वही लोग हैं जो केरल में रहते हैं तो यूपी की बुराई करते हैं और दिल्ली में रहते हैं तो केरल को। इन चेहरों को पहचानने की जरूरत है। ये देश के सुदृढ़ लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं। इनकी खानदानी विरासत ही बांटों और राज करो की विभाजनकारी राजनीति की रही है। इनकी विभाजन की मानसिकता और इनके षड्यंत्र को सफल नहीं होने देना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 8-9 वर्षों में हासिल देश की उपलब्धियां नए भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं। आने वाले दिनों में भारत दुनिया को राह दिखाने वाला देश होगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण में इसकी गूंज को अंगीकार कर जन जन तक पहुंचाने का दायित्व सभी कार्यकताओं पर है।

# यूपी में 8 आईपीएस का ट्रांसफर, पीयूष मोर्डिया बने एडीजी लखनऊ जोन




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शनिवार देर रात 8 आईपीएस के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। राजधानी के संयुक्त पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था पीयूष मोर्डिया को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए एडीजी लखनऊ जोन बनाया है। जारी तबादला सूची के अनुसार आईजी देवीपाटन उपेंद्र अग्रवाल को लखनऊ का संयुक्त पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था बनाया गया है। डीआईजी अयोध्या परिक्षेत्र अमरेंद्र प्रसाद सिंह को डीआईजी देवीपाटन बनाया गया है। मेरठ आईजी प्रवीण कुमार को आईजी अयोध्या, आईजी आगरा नचिकेता झा को आईजी मेरठ, आईजी अलीगढ़ दीपक कुमार को आईजी आगरा, अपर पुलिस आयुक्त कानपुर सुरेश ए कुलकर्णी को डीआईजी अलीगढ़ और डीआईजी एसआईटी अमित वर्मा को अपर पुलिस आयुक्त कानपुर बनाया गया है।

# 'आप' ने 633 निकाय सीटों पर बनाए प्रभारी

**यूपी में एंट्री**

**हाउस टैक्स हाफ, वाटर टैक्स माफ के नारे संग आई 'आप'**

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी ने शहरी मतदाताओं को लुभाने के लिए रविवार को हाउस टैक्स हाफ, वाटर टैक्स माफ नारे के साथ उत्तर प्रदेश में होने वाले शहरी स्थानीय निकाय चुनाव के लिए 633 सीटों पर अपने प्रभारियों की घोषणा की है। उत्तर प्रदेश में करीब 762 नगर निकाय हैं जिनमें 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद और बाकी नगर पंचायतें हैं। उत्तर प्रदेश के प्रभारी और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रविवार को लखनऊ में हाउस टैक्स हाफ, वाटर टैक्स माफ़ के नारे के साथ 633 सीटों के लिए प्रभारियों के नामों की घोषणा की।

आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण के लिए ओबीसी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दे दी है, जिसे उत?तर प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल ने भी मंजूरी दे दी है और हमें उम्मीद है कि जल्द ही सरकार चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगी। संजय सिंह ने आगे कहा कि 'आप' उत्तर प्रदेश की हर सीट पर चुनाव लड़ेगी और जनता के बीच पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी जनता कहेगी कि अपने शहरों को साफ करने का उसे मौका दे। आम आदमी पार्टी ने 2022 में उप्र विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन जीत हासिल करने में विफल रही थी।

अब आप स्थानीय निकाय चुनावों में जीत के लिए राज्य में अपना प्रभाव बनाने की कोशिश कर रही है। संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने पार्टी को मौका दिया और पार्टी ने उन्हें एक स्वच्छ शहर, मोहल्ला क्लीनिक और बेहतरीन शिक्षा प्रणाली दी और यहां तक कि पंजाब सरकार भी दिल्ली मॉडल पर काम कर रही है। उन्होने कहा, कोई जल कर नहीं होगा और हर उस स्थानीय निकाय अध्यक्ष की सीट पर हाउस टैक्स घटाकर आधा कर दिया जाएगा, जिसे आप जीतेगी, जैसा कि हमारे नारे में वादा किया गया है।

# 20 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**धराया**

**लक्ष्मीनगर कॉलोनी में महिला को घर में बंधक बनाकर लूटपाट की थी**

**लालपुर-पांडेयपुर, मंडुवाडीह, गाजीपुर समेत अन्य थानों में हैं दो दर्जन मुकदमे दर्ज**

**वाराणसी।** बरेका पहाड़ी गेट के पास लक्ष्मीनगर कॉलोनी में महिला को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाला 20 हजार इनामी शातिर बदमाश को सारनाथ पुलिस ने फरीदपुर अंडरपास के पास से तड़के गिरफ्तार किया। अभियुक्त की पहचान राजकुमार उर्फ रीतिक पटेल के तौर पर हुई और इसके खिलाफ करीब दो दर्जन संगीन अपराधों में मुकदमा दर्ज है। पुलिस की तलाशी में उसके पास से एक तमंचा, एक कारतूस व साढ़े नौ हजार रुपया बरामद किया गया।



सारनाथ थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि बीते साल नवंबर में 14 बरेका पहाड़ी गेट के पास लक्ष्मीनगर कॉलोनी में महिला को बंधक बनाकर लूटपाट की घटना अंजाम दिया था और इस काम में राजकुमार का एक और साथी विनोद पटेल शामिल था जिसे बीते साल 30 दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया था। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह संजय नगर कालोनी रमरेपुर, थाना-लालपुर पांडेयपुर और हालपता गेवीपुर, थाना- सैदपुर (गाजीपुर) का निवासी है। लूट चोरी और छिनैती जैसी घटनाओं को अपने साथियों के साथ मिलकर अंजाम देता था। सुनसान रास्ते पर चलने वाली महिलाओं और ऐसे घर में जिसमें महिलाएं अकेली रहती हैं उसने लूटपाट इसके गिरोह का सॉफ्ट टारगेट था। मुकदमा दर्ज होने के बाद वाराणसी और गाजीपुर में छिपकर रहता था। गिरफ्तार करने वाली टीम में आशापुर चौकी प्रभारी अखिलेश वर्मा, पुराना पुल चौकी प्रभारी आदित्य सिंह, हेड कांस्टेबल राम बाबू और हेड कांस्टेबल रामानंद यादव शामिल रहे।

## इंटरलॉकिंग को पुलिस ने रुकवाया

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के मलहथ (बैरामपुर) ग्राम निवासी घनश्याम सिंह ने एसडीएम पिंडरा के यहां गुहार लगाई है कि उनके आराजी नंबर 1236 पर ग्राम प्रधान कुछ लोगों को लेकर इंटरलॉकिंग करा रहे है। राजस्व विभाग की सूचना पर राजस्व निरीक्षक राजनाथ सोनकर ने कठिरांव चौकी प्रभारी सूचना देकर इस बाबत काम रुकवाया कि जबतक जमीन की पैमाइश नहीं हो जाती कोई काम नहीं होगा।

घनश्याम सिंह ने बताया कि जो नक्शे में रास्ता है वह आराजी नंबर 1231 है जबकि मेरा आराजी नंबर 1236 है और रास्ता मेरे आराजी नंबर पर बनाई जा रही है मेरा सिर्फ यही कहना है कि जो नक्शे में रास्ता है वही पर बनाया जाए।

वहीं ग्राम प्रधान से पूछने पर उन्होंने बताया कि पहले से यह रास्ता बना हुआ है इस पर पूर्व.ग्राम प्रधान ने खड़ंजा भी लगाया गया था। अब उसी के ऊपर इंटरलॉकिंगकराया जा रहा है जो भी कार्य हो रहा है वह सही है।

# रोप-वे के लिए कैंट स्टेशन पर तैयारी तेज

**मंथन**

**अधिकारियों की ओर से की जाने लगी बैठक, इसी माह आधारशिला रखने के संकेत**

**वाराणसी।** काशी में प्रधानमंत्री के महत्वकांक्षी योजनाओं में शामिल रोप-वे योजना के लिए रेलवे की ओर से अधिकारियों द्वारा मंथन शुरू कर दिया गया है। लगतार बैठक कर रोज इसपर अपडेट लिया जा रहा है। कैंट स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के ऑटो स्टैंड परिसर में बनने वाले रोप-वे स्टेशन के लिए ऑटो संचालाको की ओर से इस संदर्भ में अधिकारियों को ज्ञापन भी दिया जा चुका है।



रेलवे के अधिकारियों के अनुसार कैंट रेलवे स्टेशन परिसर में ही देश की पहली पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे की आधारशिला रखने की तैयारी को देखते हुए इसपर मंथन किया जा रहा है। रेलवे के सूत्रों की माने तो रेलवे बोर्ड से मिले संकेत के अनुसार प्रधानमंत्री की ओर से इस रोप-वे स्टेशन की आधारशिला रखी जा सकती है। लखनऊ मंडल केअधिकारियों ने इस बाबत संकेत भी दिये हैं कि इसपर 15 मार्च तक पूरा खाका भी खींच लिया जायेगा। ज्ञात हो कि शहर में जाम से छुटकारा दिलाने के लिए रोप-वे परियोजना की परिकल्पना की गयी, इसके लिए कैंट स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित ऑटो स्टैंड पर ही स्टेशन बनाने की प्रक्रिया पूरी की जाने की बात की गयी। रोप-वे प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। जिसकी तैयारी रेलवे की ओर से शुरू कर दी गयी है।

## संक्षेप

### आशीष मिश्रा को मिला सिंधोरा थाना

**वाराणसी।** पुलिस स्थापना बोर्ड की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन ने रविवार को तीन इंस्पेक्टरों और पांच दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। आदेश के अनुसार प्रभारी न्यायिक शाखा इंस्पेक्टर मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक पर्यटन थाना बनाये गये हैं। इसके अलावा प्रभारी इन्वेस्टमेंट सेल राकेश पाल प्रभारी निरीक्षक जंसा होंगे।

प्रभारी निरीक्षक सिंधोरा प्रेम नारायण विश्वकर्मा को प्रभारी न्यायिक प्रकरण शाखा व इंन्वेस्टमेंट सेल होंगे। इसी तरह एसआई चंद्रदीप कुमार थानाध्यक्ष जंसा से जी-20 सेल के प्रभारी होंगे। पुलिस आयुक्त के पीआरओ एसआई आशीष मिश्रा को थानाध्यक्ष सिंधोरा बना दिया गया है। थानाध्यक्ष पर्यटन थाना एसआई अरविंद कुमार को एसएसआई कैंट बनाया गया है। इसके अलावा कैंट थाने के एसएसआई इंदुकांत मिश्रा को चौबेपुर थाने का एसएसआई बनाया गया और कछ्वांरोड चौकी प्रभारी मनोज कुमार कोरी को पुलिस आयुक्त का पीआरओ बनाया गया।

### पुलिस अधिकारियों समेत 143 ने साधा निशाना

**वाराणसी।** कमिश्नरेट वाराणसी के अधिकारियों ने राइफल क्लब शूटिंग रेंज में फायरिंग का अभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) सूर्यकान्त त्रिपाठी, अपर पुलिस उपायुक्त (वरूणा) मनीष कुमार शांडिल्य, अपर पुलिस (उपायुक्त) सरवणन टी, सहायक पुलिस आयुक्त ( भेलूपुर ) प्रवीण कुमार सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त (रोहनियां) विदुष सक्सेना, सहायक पुलिस आयुक्त (पिण्डरा ) अमित कुमार पाण्डेय, सहायक पुलिस आयुक्त (सारनाथ) ज्ञान प्रकाश राय, सहायक पुलिस आयुक्त (राजातालाब) अंजनी कुमार राय, सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) विकास कुमार श्रीवास्तव व विभिन्न थानों के कुल 143 उप निरीक्षकों ने भी फायरिंग का अभ्यास किया।

### बिना नंबर की कार ने विधायक के वाहन में मारी टक्कर

**तरना।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ एयरपोर्ट जा रहे अजगरा विधानसभा के विधायक त्रिभुवन राम की गाड़ी को तरना ओवरब्रिज के समीप रॉग साइड से आ रही गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे में विधायक का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। त्रिभुवन राम ने अज्ञात के खिलाफ शिवपुर थाना में मुकदमा दर्ज कराया। विधायक त्रिभुवन राम की माने तो शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ एयरपोर्ट जा रहे थे, सुबह लगभग 11 बजे तरना ओवरब्रिज के पास रॉग साइड से आ रही बिना नंबर की भाजपा मण्डल अध्यक्ष लिखी टाटा सफारी गाड़ी ने उनकी इनोवा क्रिस्टा गाड़ी को टक्कर मार दी। जिससे उनकी गाड़ी का बम्फर, बोनट और गेट क्षतिग्रस्त हो गया। विधायक की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### पशु को बचाने में डिवाइडर से टकराया बाइक सवार

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद क्षेत्र के रूपापुर ओवरब्रिज पर रविवार की दोपहर अचानक गाड़ी के सामने छुट्टा पशु आ जाने के कारण बाइक सवार डिवाइडर से टकरा कर घायल हो गया। हादसे में पीछे बैठा एक अन्य भी घायल हुआयुवक की पहचान प्रयागराज आशेपुर निवासी संतोष कुमार राजभर और दिनेश कुमार के तौर पर हुई। ग्रामीणों की मदद से दोनो युवक को पास के नर्सिंग होम में दवा इलाज कराया गया। बाइक सवार बीएचयू स्थित ट्रॉमा सेंटर में भर्ती अपने किसी परचित को देखने जा रहे थे।

### किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के मानिकपुर इलाके में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी 26 फरवरी को घर से निकली लेकिन लौटी नहीं। इस मामले में खोजबीन कर घरवालों ने भेलूपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज करायी। पुलिस सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से किशोरी की तलाश में जुट गयी है।

### कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी में चार पर मुकदमा

**पिंडरा।** फूलपुर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर रविवार को कूट रचित कर फर्जी ढंग से बैनामा कराने वालों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। कैथौली निवासी अछैवर पटेल ने दिये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है मानसिक रूप से कमजोर भाई छेदीलाल के हिस्से और उसके मृत भाई के हिस्से की जमीन फर्जी ढंग से सन 2022 में रघुनाथपुर फूलपुर निवासी प्रेमनारायण सिंह, सलमा देवी, आकाश पटेल, विकास पटेल के खिलाफ 419,420, 467, 468, 471 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

### झोपड़ी में लगी आग

**चिरईगांव।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के बभनपुरा चौराहे के पास शनिवार की रात झोपड़ी में आग गयी। झोपड़ी में रखा हजारों का सामान जलकर राख हो गया। बाबूलाल वनवासी बभनपुरा चौराहे के पास बाबूलाल का परिवार झोपड़ी लगाकर रहता है। शनिवार की देर रात्रि में अचानक मड़ई में आग लग गयी। आग की लपट से नींद खुलने पर वहां से लोग भागकर जान बचाए। आसपास के लोग आग पर काबू करने का पूरा प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। झोपड़ी में रखा गृहस्थी का सामान और कपड़ा जलकर राख हो गया। बाबूलाल जाल्हूपुर का मूल निवासी है। पीड़ित ने आशंका व्यक्त की है कि आग किसी ने लगायी है। ऐसे में चांदपुर चौकी प्रभारी चांदपुर सत्यप्रकाश सिंह का कहना है कि आग लगने की जानकारी है। मामले की जांच की जा रही है।

### ऑटो ने बाइक में मारी टक्कर, भाई-बहन घायल

**वाराणसी।** कैंट थाना क्षेत्र के टकटकपुर गैस गोदाम चौराहे के समीप तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार भाई-बहन घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक ऑटो छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। ऑटो को पुलिस ने कब्जे में लिया और चालक की तलाश में जुट गयी। शिवपुर थाना क्षेत्र के मीरापुर बसही निवासी आनंद सोनकर अपनी बहन शालू सोनकर के साथ बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान टकटकपुर गैस गोदाम के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। घायलों ने मेडिकल मुआयना के बाद ऑटो चालक के खिलाफ कैंट थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर कैंट पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

### इमाम मेहदी की विलादत पर जश्न- ए- बकीयतुल्लाह का आयोजन

**वाराणसी।** हकीम मोहम्मद काजिम के निवास पर हैदरी यूथ फेडरेशन के संयोजन में जश्न बकीयतुल्लाह का आयोजन किया गया जिसमें शायरों के साथ-साथ ओलमाय कराम अपनी नूरानी तकरीर पेश किया। जश्न का आगाज जनाब कारी इमाम अली साहब के तिलावते कुरान से हुआ। जश्न की सदारत मौलाना सैयद शमीम उल हसन साहब करेंगे और नूरानी तकरीर भी पेश किया। जश्न की निजाम़त मौलाना सैयद हैदर अब्बास साहब और सैयद जुल्फेकार हैदर साहब ने किया। बनारस के मशहूर शायर जनाब प्रोसेसर अजीज हैदर साहब शाद शिवानी साहब रेहान बनारसी साहब इमरान हैदरी साहब जनाब मौलाना दिलकश गाजीपुरी साहब जनाब मौलाना गुलजार मौलाई साहब जनाब अतश बनारसी साहब जनाब ऋषि बनारसी साहब जनाब मौलाना बाकर बलियावी साहब मौजूद रहे।

# विश्व बैंक की तीन टीमों का यूपी दौरा आज से

**कवायद**

**कृषि क्षेत्र के विकास समेत ग्रामीण पारिस्थितिकी की तलाशेंगे संभावना**

**वाराणसी समेत पूर्वांचल के कई जनपदों का जायजा लेने आ रहा है दो दल**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** प्रदेश के कृषि क्षेत्र में विकास और ग्रामीण पारिस्थितिकी को चिह्नित कर उनके विकास की संभावनाओं को तलाशने के उद्देश्य से विश्व बैंक की तीन टीमें सोमवार से यूपी के विभिन्न जनपदों का दौरा करेंगी। आगामी 18 मार्च तक चलने वाले इस दौरे में खास यह कि उन दलों में से दो टीमें वाराणसी को केंद्र में रखते हुए पूर्वांचल के कई जिलों में जाएंगी। संबंधित प्रस्तावों को लेकर वर्ल्ड बैंक का यह पहला दौरा है।

विश्व बैंक की इन टीमों में से पहला दल बुंदेलखंड इलाके का दौरा करेगा। जबकि शेष दो दल वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मीरजापुर, देवरिया और गोरखपुर जाएगा। इनमें से दोनों टीमें अलग-अलग दौरा करने के बाद लखनऊ जाकर सूबे के कृषि उत्पादन आयुक्त को फीडबैक देंगी। वर्ल्ड बैंक के यह दल प्रस्तावित 'उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ' और 'रूरल इंटरप्राइज इको सिस्टम स्ट्रेंथनिंग प्रोजेक्ट' की संभावनाएं तलाशने के उद्देश्य से कई बैठकें करेंगे।

वह मुख्य रूप से कृषि, उद्यान, मत्स्य, एमएसएमई विभाग के अफसरों, कृषि उत्पादक संगठनों यानि एफपीओ के किसानों समेत कलेक्ट्री फॉर्म क्षेत्र स्थित इर्री और कृष अनुसंधान संस्थानों के अधिकारियों आदि के साथ दो चरणों में मीटिंग करेंगे। इसके अलावा एफपीओ से जुड़े किसानों द्वारा की जा रही खेती-बाड़ी और प्रोसेसिंग कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी होगा। पूर्वांचल के दौरे का नेतृत्व वरिष्ठ ग्रामीण विकास विशेषज्ञ एवं टास्क टीम लीडर विनायक नारायण घटाटे करेंगे। उप निदेशक कृषि अखिलेश कुमार सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वर्ल्ड बैंक की टीमों का दौरा देखते हुए नोडल अफसर तैनात किये गये हैं।

## एक साथ सुनवाई पर आज आदेश संभव

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर का कब्जा, भगवान आदि विश्वेश्वर को सौंपने आदि सभी मामले एक साथ सुनवाई करने सबंधित प्रार्थना पत्र पर सोमवार को जिला जज डा अजय कृष्ण विश्वेष की कोर्ट आदेश आने की संभावना है। पिछले तिथि पर केस स्थानांतरण सबंधित अर्जी पर सभी ने अपना अपना दलील पेश की थी। उसके बाद कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखते हुए एक मार्च की तिथि नियत कर दी थी। मगर

मगर न्यायिक कार्य से विरत रहने के कारण उक्त तिथि पर आदेश नही आने पर कोर्ट ने 13 मार्च की तिथि नियत की।

बता दे की श्रृंगार गौरी प्रकरण के चार वादिनि लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास और रेखा पाठक की ओर से आवेदन दिया गया है। कहा गया था की किरण सिंह और अन्य द्वारा दाखिल वाद को स्थानातरण कर स्वम जिला जज की कोर्ट सुने के आदेश देने को गुहार लगाई गई थी। इस अर्जी पर आपत्ति करते हुए किरन सिंह कहा कि जिस वाद को स्थानांतरण की मांग की गई है। इस पर पिछले तिथि सभी के पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने आदेश के तिथि नियत की थी।

# दो वाहन चोर गिरफ्तार चार बाइक बरामद

**चढ़े हत्थे**

**बाइक का फर्जी पेपर तैयार कर कम दाम में बेच देते थे**

**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह पुलिस ने रविवार को चोरी की चार बाइक के साथ दो शातिर चोरों को ठाकुर बाड़ा लहरतारा के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों की पहचान प्रेम मौर्या (21) और उमेश मौर्या (23) वर्ष निवासी गोपालपुर, कोरौता थाना लोहता के तौर पर हुई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि हम लोग विभिन्न क्षेत्रों से बाइक चुराकर तथा फर्जी कागज बनवाकर कम पैसों में बेच देते हैं।



थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग जल्दी पैसा कमाने और अपनी शान-शौकत व दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न थाना क्षेत्रो से बाइक चोरी कर उसे औने-पौने दाम पर बेच देते थे। बाइक बेचने से पहले फर्जी कागजात तैयार करते और नंबर प्लेट बदल देते थे। थे और फउनके नम्बर प्लेट बदल कर व फर्जी कागजात तैयार कर बेचकर अपने 2 शौक को पुरा करते है। पांच दिन काशी विधापीठ ब्लाक शिवदासपुर, वाराणसी के परिसर से चोरी बाइक को बेचने के लिए दोनों ठाकुर बाड़ा लहरतारा के पास जुटे थे। कड़ाई से पूछताछ में सामने आया कि तीन अन्य बाइक भी चोरी कर उसे लहरतारा ओवर ब्रिज के आगे गेट नम्बर नम्बर चार से करीब 200 मीटर आगे सुनसान स्थान पर छिपा कर रखे थे जिसे अभियुक्तों की निशानदेही पर बरामद किया गया।

## ऑटो को टक्कर मारते हुए कार दुकान में घुसी

**रोहनिया।** राजातालाब थाना क्षेत्र के कस्बा पुलिस चौकी राजातालाब ओवरब्रिज के नीचे सर्विस रोड पर शनिवार की देर रात अनियंत्रित एक्सयूवी कार ऑटो में टक्कर मारते हुए दुकान में जा घुसी। घटना में चार लोगों को चोट आयी। पुलिस ने चालक समेत दो को हिरासत में लिया और पूछताछ कर रही है।

जानकारी के मुताबिक दिनेश सिंह यादव की राजातालाब सर्विस रोड के किनारे मिष्ठान की दुकान है। पास में ही एक पान की गुमटी थी। यहां लोग सोते भी हैं। शनिवार की रात ऑटो को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित एक्सयूवी कार दुकान में जा घुसी। इस दौरान चार लोग घायल हुए। घटना की सूचना पर राजातालाब पुलिस मौके पर पहुंची और चालक बृजेश शुक्ला निवासी तितिरा शुक्लान रामपुर नैकिन सीधी मध्य प्रदेश समेत वाहन में सवार आशुतोष मिश्रा को हिरासत में लिया। घायल होने वालों में सोनू,अंश,आर्यन व मोनू है। जिन्हें इलाज के लिए भिजवाया गया। चालक नशे में बताया गया।

# 52 शीशी देशी शराब के साथ गिरफ्तार

**मिजार्मुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के कोषडा गांव स्थित श्यामा माता मंदिर के समीप घर से ही देशी शराब बेच रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत ने बताया कि शनिवार की रात 11.30 बजे मुखबिर से सूचना मिला की कोषडा गांव निवासी डिंगुर राजभर अपने घर के पास देशी शराब का ठीका बन्द हो जाने पर ऊचे दामों पर देशी शराब बेच रहा है। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए रात में फोर्स के साथ डिंगुर के घर के पास पहुंचा तो बोरी लेकर भागने लगा। दौड़ा कर पकड़ने पर बोरी में 52 शीशी देशी शराब बरामद हुई। अभियुक्त को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनयम के तहत मुकदमा दर्ज कर रविवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत, एसआई हरिकेश यादव, अतुल कुमार त्रिपाठी, कांस्टेबल आशुतोष सिंह, आशुतोष यादव रहे।




जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 1987 अनुक्रमांक 1448086 का अंकपत्र व मूलप्रमाणपत्र खो गया है। लालमनी यादव पुत्र बल्ली यादव, ग्राम बघौरा, इनामपुर आजमगढ़।

मेरा स्नातक वर्ष 2009 अनुक्रमांक 801815 तृतीय वर्ष का अंकपत्र खो गया है। मोहम्मद ओबैदुर्रहमान पुत्र मोहम्मद एकराम, ग्राम-बनावां, पो. बिषहम आजमगढ़।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2000 अनुक्रमांक 1555782 की सनद व इण्टर मीडिएट वर्ष 2004 अनुक्रमांक 754287 का अंकपत्र खो गया है। मोहम्मद ओबैदुर्रहमान पुत्र मोहम्मद एकराम ग्राम बनावां पो. विषहम आजमगढ़।

**आवश्यकता**



**आवश्यकता है- टारगेटेड इन्टरवेन्सन कार्यक्रम** जनपद गाजीपुर-**सीधी भर्ती** संचालित **सेन्टर ऑफ टेक्नोलाजी एण्ड इन्टरप्रिनियोरशिप डेवेलपमेन्ट जगदीशपुर अमेठी,** क्रमांक-(1) **पद-कार्यक्रम प्रबंधक** शैक्षिक योग्यता-परास्नातक, सामाजिक संस्थाओं में कार्यानुभव को वरीयता। समस्त शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव के दस्तावेजों के साथ संस्था के गाजीपुर कार्यालय पर दिनांक 20.03.2023 को प्रातः 11.00 बजे उपस्थित होएं।
email id cted.ti@gmail.com
ctedinfo@gmail.com
**मोबाइल नम्बर 9919539341, 8318568264**
ई0 संजय सिंह
(परियोजना निदेशक)

## शराब के साथ एक को पकड़ा

**वाराणसी।** जीआरपी कैंट की टीम ने रविवार को शराब के साथ एक को पकड़ा, जीआरपी कैंट इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने बताया कि संदिग्धों की धड़पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत नये भवन से एक युवका को संदेह होने पर पकड़ा गया।



तलाशी लेने पर उसके पास से नौ बोतल अवैध शराब प्रत्येक 750 एमएल बरामद कुल 9.75 ली. बरामद किया गया। बताया कि उसकी पहचान चन्दन कुमार(20) पुत्र बृजेन्द्र कुमार निवासी कनौरा पटना के रुप में की गयी।

# सड़क किनारे बिखरा पड़ा कूड़ा, उठाए कौन

**सवाल तो है**

**लोगों को आवागमन के साथ दुर्गंध का भी करना पड़ रहा सामना**

**वाराणसी।** प्रशासन की ओर से शहर भर में जी-20 सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसके लिए नगर निगम और विकास प्राधिकरण की ओर से संयुक्त रूप से स्वच्छता अभियान के साथ सुंदरीकरण का कार्य भी चल रहा है। बावजूद इसके शहर के कई इलाके ऐसे हैं जहां मार्गों पर कूड़े बिखरे पड़े हैं। इन स्थानों पर एक ओर आवागमन अवरूद्ध होने के साथ ही दुर्गंध की समस्या से लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। समुचित कूड़ा उठान न होने से ऐसी दिक्कतें आ रही हैं। जिसपर निगम की निगाह नहीं जा रही।



शहर में आगामी माह अप्रैल से विदेशी मेहमानों के आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। जिसे लेकर प्रशासन की ओर से तमाम तैयारियों के साथ जागरूकता और सुंदरीकरण के कार्य शुरू कर दिए गए हैं। जिसे लेकर प्रशासनीक विभागों में बैठकों का दौर जारी है। काशी किस प्रकार से स्मार्ट हो इसके लिए नई योजनओं का भी सृजित हो रही है। वहीं शहर के कई इलाकों में कूड़ा लोगों के लिए दुश्वारियों का सबब बना हुआ है। कूड़ा उठान सही समय से न होने की वजह से राहगीरों और स्थानीय लोगों को संबंधित मार्गों पर आवागन के दौरान समस्या झेलनी पड़ रही है। इलाके में रहने वाले लोग दुर्गंध से भी जुझ रहे हैं।

# भूख हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प

**जनसंदेश न्यूज**

**होली मिलन**

**विद्युतकर्मी अपनी मांगों के समर्थन में आज से शुरू करेंगे आंदोलन**

**वाराणसी।** विद्युत मजदूर संगठन एवं विद्युत संविदा मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश की स्थानीय इकाई ने हाईडिल कॉलोनी-भिखारीपुर स्थित संगठन भवन में रविवार को होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। इस दौरान संगठन सदस्यों ने 16 मार्च से शुरू हो रहे 72 घंटे की भूख हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया।

पूर्वांचल अध्यक्ष इंद्रेश राय ने बताया कि यूपीपीसीएल के चेयरमैन एम देवराज व एमडी पंकज कुमार के साथ संगठन की हुई वार्ता के बावजूद कर्मचारियों की मुख्य मांगों के बाबत कोई आदेश जारी नहीं हुआ। इसमें 3000 ग्रेड पे, तृतीय टाइम स्केल रुपये 6600 तथा टीजी-टू को प्रथम टाइम स्केल जूनियर इंजीनियर पद देने, कुशल व अकुशल संविदाकर्मियों का वेतन बढ़ाने, दुर्घटना में मृत संविदाकर्मियों के आश्रितों को 20 लाख की सहायता राशि देने आदि मांग प्रमुख रूप से शामिल है। ऐसे में केंद्रीय कार्यकारिणी ने कर्मचारियों की 12 सूत्रीय मांगों के समर्थन में 13 मार्च से 15 मार्च तक हर जिले और परियोजना पर सत्याग्रह/कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। आंदोलन के तीसरे चरण में 16 मार्च को



संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष विमल चंद्र पांडे शक्ति भवन-लखनऊ पर 72 घंटे की भूख हड़ताल पर बैठेंगे। जिनके समर्थन में प्रदेश के सभी जिलों और परियोजनाओं पर भी संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता 72 घंटे की भूख हड़ताल करेंगे।

संगठन के पूर्वांचल महामंत्री वेद प्रकाश राय ने सरकार और प्रबंधन से टीजी 2, कार्यालय सहायक, परिचालकीय व रसायन संवर्ग आदि कर्मचारियों के ग्रेड पर और वेतन विसंगतियों को दूर करने और पूर्व की भाँति वर्ष 2009 के बाद भी तृतीय टाइम स्केल 6600 रुपया दिए जाने पर निर्णय लिए जाने की अपील की है। कार्यक्रम में वेद प्रकाश राय, राजकुमार यादव, उदयभान दूबे, संतोष सिंह, संदीप कुमार, मदन, श्रीनिवास यादव, शशिभूषण सिंह, राजू अंबेडकर, रंजीत मौर्या, भईयालाल भारद्वाज, भुवाल प्रजापति, सतवंत कुमार, प्रमोद गोंड, दिनेश सिंह, कांता लाल, धीरज, रोहित आदि उपस्थित रहे।

## शंकराचार्य ने भक्तों संग खेली फूलों की होली

**वाराणसी।** केदारघाट स्थित श्रीविद्यामठ में पूज्यपाद अनंतश्रीविभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने भक्तों संग फूलों की होली खेली। भक्तों ने शंकराचार्य पर पुष्प वर्षा की। शंकराचार्य बनने के बाद होली के अवसर पर प्रथम बार काशी आगमन से भक्तों व काशीवासियों का उत्साह दुगना हो गया है। होली मिलन समारोह का प्रारम्भ श्रीप्रकाश पाण्डेय जी ने पूज्य महाराजश्री का एक रचना के माध्यम से वर्णन किया। राष्ट्रीय कवि सांड बनारसी ने अपनी रचना से उपस्थित भक्तों को गुदगुदाया। कृष्ण कुमार तिवारी और गीतांजलि मौर्या ने होली व भक्ति गीत प्रस्तुत किया। भक्तों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए शंकराचार्य ने कहा कि काशी ज्ञान ध्यान विद्या बुद्धि व अपने अल्हड़पन हेतु जानी जाती है।

## अनाथ बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना बड़ी खुशी : अजय राय



**वाराणसी।** लहुराबीर स्थित काशी अनाथालय में रविवार की शाम रंगपंचमी के अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने अनाथ बच्चों के साथ होली पर्व को स्नेह होली मिलन समारोह के रूप में मनाया। इस मौके पर पार्टी के कई कार्यकर्ता भी रहे। कार्यक्रम में श्री राय ने कहा कि अपने परिवार और बच्चों के साथ तो सभी होली का उत्सव मनाते हैं लेकिन मुख्यधारा से कटे अनाथ बच्चे ऐसे समय पर अपनों की बहुत कमी महसूस करते हैं। यदि हम छोटे से प्रयास से इनके चेहरे पर मुस्कान ला सकें तो उसके बड़ी कोई खुशी नहीं हो सकती। जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल व महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे के संयोजन में इस अवसर पर अनिल श्रीवास्तव, सतीश चौबे, प्रजानाथ शर्मा, सीताराम केशरी, वीरेंद्र कपूर, मनीष मोरोलिया, अब्बास रिजवी शफक, ओमप्रकाश ओझा, अरविंद किशोर राय, चंचल शर्मा, रोहित दुबे, रंजीत तिवारी, राजीव राम, तरंग सेठ, छांगुर गुप्ता, किशन यादव, रामजी गुप्ता, रामश्रृंगार पटेल एवं कैलाश पटेल आदि की उपस्थिति रही।

**कार्यालय ग्राम पंचायत झरकटहा वि0ख0 रेवती, बलिया**

पत्रांक मेमो/12-03-2023 दिनांक 12.03.2023

**निविदा सूचना**

वितीय वर्ष 2022-23 में मनरेगा/राज्य वित/पन्द्रहवां वित्त से ग्राम पंचायत झरकटहा वि0ख0 रेवती में कराये जाने वाले कार्यों हेतु कार्य स्थल पर सामाग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है।

1-ग्राम पंचायत- ग्राम पंचायत झरकटहा में बबन पाण्डेय के खेत से ददन पाण्डेय के खेत तक पेवर्स ब्लाक का कार्य-अनुमानित लागत-3.65 लाख।

2-ग्राम पंचायत- ग्राम पंचायत झरकटहा काली मां के स्थान के पास से विक्रम पाण्डेय के खेत तक पेवर्स ब्लाक का कार्य-अनुमानित लागत-3.93 लाख।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 15.03.2023 तक दिन में 11.00 बजे से 03.00 बजे तक अपनी दरें लेटरहेड पर संलग्न बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

निविदा खुलने की तिथि 15.03.2023 को शाम 4.00 बजे होगी।


नियम व शर्तें कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं।

ग्राम प्रधान
**कल्पना सिंह**
ग्राम पंचायत झरकटहा
वि0ख0 रेवती, बलिया

ग्रा0पं0अ0/सचिव
**मित्रेश कुमार तिवारी**
ग्राम पंचायत झरकटहा
वि0ख0 रेवती, बलिया



# वाराणसी



# अब हर सोने की ज्वेलरी का होगा अपना 'यूनिक नंबर'

**कसेगा शिकंजा**

## बगैर हॉलमार्क के सोना और सोने के आभूषण की बिक्री करना मुमकिन नहीं

## एक अप्रैल से लागू हो जाएगा नया नियम, हर ज्वेलरी पर होगा छह अंकों का कोड

## मिलावटखोरों पर कसेगा शिकंजा, ग्राहकों को मिलेगा खरा सोना व सोने के आभूषण

जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** आमतौर पर यह सुनने को मिलता है कि जब कोई ग्राहक किसी सुनार से सोने के आभूषण खरीदता है और जरुरत के वक्त उसे उसी सुनार या किसी अन्य दुकान पर बेचने जाता है तो यह कहा जाता है कि इसमें खरा सोना कम है और बिक्री पर उसे वाजिब कीमत नहीं मिल पाती। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। सोने में मिलावट करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए केंद्र सरकार ने नया नियम बनाया है। यह नियम एक अप्रैल से लागू हो जाएगा। नये नियम के तहत अब हर सोने और सोने के आभूषण का अपना 'यूनिक नंबर' होगा। इसके बगैर कोई भी थोक या फुटकर आभूषण विक्रेता सोना या सोने की ज्वेलरी बेच नहीं पायेंगे।

बताते चलें कि आप सुनार से जो सोना या सोने के आभूषण खरीदते हैं, वह शुद्ध है या नहीं है। इसकी जांच भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) करती है। यह संस्था सोना, चांदी और दूसरी कीमती धातुओं या इन धातुओं से बनी ज्वेलरी या कलाकृतियों की जांच करती है। अगर धातु शुद्ध है तो इसे एक टैग दिया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया को ही हॉलमार्क कहा जाता है। अब केंद्र सरकार ने आदेश जारी कर कहा है कि बिना हॉलमार्क लगाए कोई भी आभूषण विक्रेता सोने की बनी कोई चीज नहीं बेच पाएंगे। सराफा बाजार विशेषज्ञों की मानें तो सोने की लगातार बढ़ती तस्करी और इसमें हो रही मिलावट पर शिकंजा कसने के लिए केंद्र सरकार ने यह सख्त कदम उठाया है। वैसे भी आम ग्राहक को यह पता नहीं रहता कि सोने में मिलावट हुई है या नहीं। ग्राहक तो बस विश्वास के सहारे इसकी खरीदारी करता है।

जानकारों का कहना है कि सराफा बाजार में ऐसा नहीं है कि हर जगह मिलावटी सोना या सोने के आभूषण बिकते हैं। लेकिन चंद लोगों के चलते यह बाजार बदनाम हो चुका है। इसके बीच लोग असली समझकर नकली या कम शुद्ध सोना न खरीद लें। इसके लिए सोने की हॉलमार्किंग की जा रही है। हॉलमार्क वाले सोने की पहचान करना अब काफी आसान होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि जैसे आधार कार्ड पर 12 अंकों का कोड होता है, उसी तरह से सोने पर छह अंकों का हॉलमार्क कोड होगा। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर (एचयूआईडी) कहते हैं। प्रत्येक सोने या सोने के आभूषण के अलग-अलग यूनिक नंबर होने से मिलावट की गुंजाइश नहीं के बराबर होगी। यदि मिलावट हुई तो आसानी से पकड़ में आ जाएगी और यह पता चल जाएगा कि किस सुनार के यहां से खरीदा गया है। यूनिक नंबर के चलते ग्राहकों को खरा सोना और सोने के आभूषण खरीदने में सहूलियत होगी और दुकानदार पर अविश्वास की भावना नहीं के बराबर होगी। इतना ही नहीं, नये हॉलमार्क नियम से आम लोगों को कुछ नुकसान नहीं होगा। इससे फायदा यह होगा कि अब आप हॉलमार्क वाले पुराने सोने को बेचने जाएंगे तो ज्वैलर्स इसे बिना कटौती के उस वक्त की कीमत पर खरीदेगा। हॉलमार्क का नया नियम फिलहाल सिर्फ सोना के लिए है, चांदी के लिए नहीं है।



### तब पता चल जाएगा सोना कितने कैरेट का

सराफा बाजार के जानकारों की मानें तो यूनिक नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है-बीसी2436। इस नंबर के जरिए सोना को ट्रेस करके ये पता करना संभव होगा कि कोई सोना कितने कैरेट का है। ऐसे में ग्राहकों को सोना या सोने के आभूषण खरीदने से पहले हॉलमार्क की जांच कर लेना होगा। स्थानीय थोक बाजार में ट्रेड मार्क देने के लिए कई सेंटर बनाए गए हैं। जानकारों की मानें तो नया हॉलमार्क नंबर सभी सोने, सोने से बने आभूषण, बिस्किट और सिक्कों के लिए जारी होंगे। हालांकि, ज्वैलर्स उपभोक्ताओं से बिना हॉलमार्क के पुराने सोने के आभूषण, बिस्किट और सिक्के वापस खरीदना जारी रख सकते हैं। सरकार ने यह भी साफ किया है कि ग्राहकों के पास पुरानी योजनाओं वाले हॉलमार्क आभूषण मान्य रहेंगे। लोग अपनी पुराने आभूषण को सुनार के यहां बेच सकते हैं।

### नियम तोड़ने पर देना होगा जुर्माना

जानकारों का कहना है कि नये नियम को तोड़ने पर संबंधित आभूषण विक्रेता को ज्वेलरी की कीमत से पांच गुना ज्यादा जुर्माना देना पड़ सकता है। इसके अलावा एक साल की कैद की सजा हो सकती है या दोनों हो सकते हैं। इतना ही नहीं, नये नियम के लागू होने के बाद मेकिंग चार्ज पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह पहले की तरह ही लगते रहेंगे। आप हॉलमार्क वाला सोना या ज्वेलरी बेचने जाएंगे तो अब ज्वैलर्स इसमें कटौती नहीं कर सकेगा। वह सिर्फ आपसे मेकिंग चार्ज ही लेगा।

### हॉलमार्क वाले सोने को ऐसे परखें

उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के जिला महामंत्री किशोर कुमार सेठ का कहना है कि सोना कठोर धातु होता है, ऐसे में ज्वेलरी बनाने के लिए उसे लचीला बनाना जरूरी है। इसके लिए सोने में दूसरी धातुओं को मिलाया जाता है। जिस ज्वेलरी में जितना सोना होता है, वह उतना ही ज्यादा महंगा होता है। हॉलमार्क कोड जारी होने के बाद कोई ज्वेलरी कितनी असली है या नकली, आप ऐसे परख सकते हैं। हर आभूषण पर बीआईएस का ट्रेडमार्क यानी लोगो होगा। हर आभूषण की कैरेट या फाइनेंस प्योरिटी का उल्लेख होगा। मान लीजिए सोने पर 22के916 लिखा है, तो इसका मतलब यह हुआ कि यह 22 कैरेट सोना है और यह 91.6 प्रतिशत शुद्ध है। इसी प्रकार, सोने पर 18के750 लिखा है, तो यह 18 कैरेट सोना है और 75 प्रतिशत शुद्ध है। यदि सोने पर 14के585 लिखा है, तो यह 14 कैरेट सोना है और 58.5 प्रतिशत तक शुद्ध है।

### इसको रखें ध्यान में

हर सोने की ज्वेलरी का होगा अपना यूनिक नंबर। इसी प्रकार, अब हर सोने का एक यूनिक हॉलमार्क नंबर होगा। यह नंबर और किसी दूसरे सोना का नहीं होगा। कहने का आशय यह कि प्रत्येक सोने या सोने के आभूषण का अलग-अलग यूनिक नंबर होगा। सोने पर हॉलमार्क लगने से आम लोगों को तीन अहम फायदा होगा। इससे नकली या कम शुद्ध सोने की बिक्री पर रोक लगाना संभव होगा। सोने से बनी ज्वेलरी कितने कैरेट की है, ग्राहकों को इसकी गारंटी दी जाएगी। सोना या उससे बने ज्वेलरी को ट्रेस करना बेहद आसान हो जाएगा।

# मोदी ने दिलाई जनजातियों को पहचान

**बोले राधा मोहन सिंह**

## भाजपा ने ही किया आदिवासियों का सम्मान : मरांडी

## अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातियों को पहचान दिलायी। उनका मान और गौरव बढ़ाया। वह रोहनिया स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक के समापन सत्र में रविवार को मुख्य अतिथि थे।

प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को आकार दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिए जो योजनायें एवं लक्ष्य तय किए हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिए व्यापक योजनाएं बनाई गई हैं। वह गरीब कल्याण, शोषित वंचित वर्गों के कल्याण के लिए हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग तथा समाज के अंतिम सीढ़ी पर खड़े व्यक्तियों का उत्थान ही प्रधानमंत्री मोदी का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद 75 वर्षों में पहली बार देश का नेतृत्व एक आदिवासी के हाथ में हैं। पहली बार एक आदिवासी महिला, राष्ट्रपति के रूप में सर्वोच्च पद पर भारत का गौरव बढ़ा रही हैं।



कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते राधामोहन सिंह

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मंराडी ने कहा कि पूरे देश में 10 करोड़ से अधिक आदिवासी जनजाति की आबादी है। इसके बाद भी देश के विभिन्न राजनीतिक पार्टियों ने आदिवासी जनजाति के नाम पर सिर्फ राजनीति की है। आजाद भारत में आदिवासी जनजाति समाज से ताल्लुक रखने वाले लोगों को उचित सम्मान नहीं मिल पाया, लेकिन देश में जब से एनडीए गठबंधन की सरकार बनी है। तब से न सिर्फ उनके सम्मान में वृद्धि हुई है, बल्कि आदिवासियों के विकास को लेकर भी कार्य हो रही है। भाजपा प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा ने कहा कि जनजातियों को जागरूक करने की आवश्यकता है। पार्टी को मजबूत बनाने में जनजातियों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। बैठक को मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर ओरांव, राज्यमंत्री असीम अरुण व संजीव गोंड आदि ने भी संबोधित किया। संचालन प्रदेश महामंत्री विद्या भूषण गोंड ने किया। धन्यवाद प्रदेश अध्यक्ष संजय गोंड ने दिया। इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र पटेल, प्रदेश प्रभारी एडवर्ड सोरेन, प्रदेश सह प्रभारी राधा सिंह, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, विधायक दुद्धी रामदुलारे गोंड, रामधनी गोंड, दीपक गोंड, सूर्य कुमार गोंड, मुन्ना खरवार, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, शारदा सिंह खरवार आदि उपस्थित थे।

### परियोजनाओं की सौगात देने 24 को आ सकते हैं मोदी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 मार्च को काशी की जनता को करीब दो हजार करोड़ रुपये परियोजनाओं की सौगात देने आ सकते हैं। इसका खाका तैयार कर लिया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने अब तक जो तैयारी की है, उसके मुताबिक, प्रधानमंत्री कैंट रेलवे स्टेशन परिसर में ही देश की पहली पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे की आधारशिला रखेंगे। रेलवे स्टेशन परिसर में ही प्रधानमंत्री जनसभा को भी संबोधित कर सकते हैं। हालांकि, जनसभा के लिए काशी विद्यापीठ और संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर स्थित ग्राउंड के विकल्प पर भी मंथन चल रहा है। इसी लिहाज से रेलवे स्टेशन परिसर का विकल्प रखा गया है। यह भी तय हुआ कि कैंट रेलवे स्टेशन परिसर में ही रोपवे की आधारशिला रखी जाएगी। पार्किंग एरिया समाहित करते हुए पूरे परिसर में जनसभा कराने की संभावनाओं पर लोक निर्माण विभाग से रिपोर्ट भी मांगी गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि 15 मार्च तक पीएम के दौरे की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली जाएगी। राजातालाब के गंजारी में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का भी शिलान्यास कर सकते हैं। स्टेडियम के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है।

# सूबे के कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह का आज आगमन

**समीक्षा करेंगे**

## जिले के प्रभारी मंत्री जनप्रतिनिधियों पार्टी पदाधिकारियों संग करेंगे बैठक जिला योजना की करेंगे समीक्षा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सूबे के पर्यटन एवं संस्कृति एवं वाराणसी के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह दो दिनी दौरे पर सोमवार को आएंगे। वह विभिन्न बैठकें, निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा एवं कई स्थलों का मौका मुआयना समेत काशी विश्वनाथ मंदिर समेत अन्य मंदिरों में दर्शन-पूजन करेंगे।



श्री सिंह 13 मार्च को अपराह्न तीन बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। उसके बाद 3.30 बजे जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों के साथ उनकी मीटिंग करेंगे। सायं चार बजे सर्किट हाउस सभागार में वह जिला योजना समेत कानून व्यवस्था, विकास कार्यों आदि की समीक्षा बैठक करेंगे। उसके बाद जनपद के प्रभारी मंत्री शाम सात बजे अनुसूचित जाति/जनजाति बस्तियों का भ्रमण कर रात्रि आठ बजे एससी/एसटी बस्ती में आयोजित सहभोज में उपस्थिति दर्ज कराएंगे। श्री सिंह सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद 14 मार्च को सुबह 7.15 बजे मंदिरों में मत्था टेकेंगे। वह नौ बजे विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर दिन में 11 बजे लखनऊ रवाना हो जाएंगे।

# विधायक ने खेली फूलों की होली

**होली मिलन**

## शिवाजीनगर कॉलोनी में होली मिलन समारोह में खूब उड़े अबीर गुलाल

## काव्य पाठ में रचनाकारों ने समा बांधा



**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी वाराणसी कैंट विधानसभा के होली मिलन समारोह 'रंगोंत्सव 2023' का रंगारंग आयोजन शिवाजी नगर कॉलोनी, महमूरगंज के उद्यान में भव्य रुप से किया गया। कार्यक्रम में आयोजित कवि सम्मेलन में चकाचौंध ज्ञानपुरी के कुशल संयोजकत्व में पधारे कवियों ने कविता, गीत और गजलों के माध्यम से रंगोत्सव 2023 को शानदार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के प्रदेश प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कैंट विधानसभा के विधायक सौरभ श्रीवास्तव व उनकी पत्नी सुगंधा श्रीवास्तव ने आगंतुकों का स्वागत अंगवस्त्रम ओढ़ा कर किया और कार्यकर्ताओं के साथ फूलों की होली खेली। कैंट विधानसभा के हजारों कार्यकर्ताओं ने समस्त मण्डल अध्यक्षों और पार्षदों ने एक दूसरे के साथ भी फूलों की होली खेली। पूर्व विधायिका कैंट डॉ ज्योत्सना श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को अपने आशीर्वाद से अभिसिंचित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश प्रभारी सुनील ओझा जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसियशन के अध्यक्ष आर के चौधरी, पूर्व एमएलसी केदारनाथ सिंह, नवीन कपूर, अभिषेक मिश्र, अशोक पटेल, गीता शास्त्री, सुधीर मिश्रा, कौशल किशोर मिश्रा व महानगर के तमाम प्रतिष्ठित चिकित्सक, चार्टर्ड अकाउंटेंट, सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक लोग शामिल थे। कार्यक्रम का कुशल संचालन भाजपा नेता अमित राय ने किया।

# बिजलीकर्मी 72 घंटे की हड़ताल पर अडिग

**लिया संकल्प**

## हड़ताल की सफलता के लिए कल निकालेंगे मशाल जुलूस

## प्रबंधन ने मांग नहीं मानी तो 15 मार्च को करेंगे कार्य बहिष्कार

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति से जुड़े कर्मचारी और अभियंता तीन दिसम्बर को हुआ लिखित समझौता लागू न होने पर खासे नाराज है। ऊर्जा प्रबंधन की ढुलमुत नीति के खिलाफ बिजली कर्मचारी अब आर-पार की लड़ाई लड़ने का मूड बना चुके हैं। इसके तहत 16 मार्च की रात से 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल करने पर अडिग है।

संघर्ष समिति वाराणसी क्षेत्र के मीडिया प्रभारी अंकुर पांडे ने बताया कि तीन दिसंबर 2022 को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा एवं मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी के साथ संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ हुई वार्ता में बनी सहमति के आधार पर हुए लिखित समझौते हुए। समझौते पर पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक के भी हस्ताक्षर है। लेकिन इन समझौतों को ऊर्जा निगमों के चेयरमैन मानने को तैयार नहीं है। लिखित समझौते को न मानना प्रदेश सरकार की छवि को धूमिल करना और हठवादिता का रुख अपनाकर जनता को बिजली-पानी संकट झेलने पर मजबूर करने का षड्यंत्र है।



इससे ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन एवं संघर्ष समिति के मध्य टकराव होना निश्चित है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले में प्रभावी हस्तक्षेप करने और लिखित समझौते का पालन कराने की अपील की है।

संघर्ष समिति वाराणसी के संयोजक चंद्रशेखर चौरसिया ने बताया है कि हड़ताल की सफलता के लिए लगातार जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। हड़ताल की सफलता के लिए 14 मार्च अपराह्न दो बजे भिखारीपुर स्थित एमडी कार्यालय से मशाल जुलूस निकाला जाएगा, जो लंका चौराहे तक जाएगा, जहां सभा होगी। जबकि 15 मार्च को सभी अभियंता, अवर अभियंता, नियमित व संविदा कर्मचारी कार्य बहिष्कार करेंगे। इसके बाद भी हम लोगों की मांगें नहीं मानी गयी तो 16 मार्च की रात 10 बजे से सभी अभियंता व कर्मचारी 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल पर चले जाएंगे। इस दौरान यदि किसी का उत्पीड़न किया गया तो सांकेतिक हड़ताल अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल जाएगा एवं जेल भरो आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

### 'लगातार खांसी आना इन्फ्लूएंजा नहीं'



**वाराणसी।** बदलते मौसम में खांसी व बुखार आना एक आम बात है, इसके लिए चिकित्सकीय सलाह के साथ ही घरेलू उपाय को भी तरजीह दिया जाना चाहिए। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) के पूर्व अध्यक्ष डॉ.ओपी सिंह ने बताया कि बदलते मौसम में बुखार व खांसी आना आम है, इसके लिए डरने की कोई बात नहीं अपने चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार दवाओं को सेवन करें, इसके साथ ही घरेलू काढ़ा को भी अपने दिनचर्या में शामिल करें। बताया कि हर बुखार व खांसी इन्फ्यूंलजा का संकेत नहीं है। होली के बाद के मौसम में तेजी से बदलाव देखा जाता है। इस समय रातें सर्द है तो दिन में गर्मी जिसके चलते ऐसी समस्या आ रही हैं। इसके लिए जांच बेहद जरुरी है।

**इसका करें परहेज :** डॉ.ओपी सिंह ने बताया कि खांसी आने पर लगभग एक सप्ताह तक ठंडी वस्तुओं से परहेज करें, इसके साथ खट्टी वस्तुएं, दही, भी खाना बंद कर दें।

**क्या करें :** दिन भर गरम पानी का सेवन करें, इसके साथ ही घर पर ही अदरक, तुलसी, काली मिर्च, शहद से निर्मित काढ़ा बनाएं व सेवन करें, रात में हल्दी वाला दूध जरुर लें, इसके अलावा बाजार में बड़ी आयुर्वेदिक कंपनियों के मिलने वाले काढ़े का भी उपयोग अत्यंत लाभकारी है।

# प्रतिभा केन्द्र के तौर पर विकसित होगा संत रविदास प्रशिक्षण संस्थान

**मुआयना**

## प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने परिसर का निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** प्रदेश के विद्यार्थियों को शिक्षा सहित रोजगारपरक प्रशिक्षण देने के लिए समाज कल्याण विभाग सभी जनपदों में अनुसूचित छात्रावासों को प्रतिभा केंद्र के तौर पर विकसित कर रहा है। इस दिशा में शासन विभिन्न योजनाओं से बजट भी उपलब्ध करा रहा है। उसी क्रम में 1.30 करोड़ रुपये की लागत से वाराणसी के राजकीय संत रविदास आईएएस/ पीसीएस परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण संस्थान की सूरत बदलेंगे। समाज कल्याण विभाग इस संस्थान को और बेहतर ढंग से संवारेगा। रविवार को संस्थान का निरीक्षण करते हुए यह जानकारी समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने दी।



सूबे के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने रविवार को संत रविदास प्रशिक्षण संस्थान में कराये जा रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया

उन्होंने बताया कि छात्रावासों को प्रतिभा केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए मेस, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय आदि की व्यवस्था हो रही है। इन छात्रावासों को उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के माध्यम से जोड़ेंगे जहां छात्र-छात्राओं को कौशल विकास के विभिन्न कार्यक्रमों से स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाएगा। मुआयने के दौरान श्री अरुण ने अफसरों को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को तकनीक आधारित शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए संसाधनों की कमी नहीं हो देंगे। एसटी वर्ग के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महकमा इन प्रतिभा केंद्रों को विकसित कर रहा है। इन कोचिंग संस्थानों में संपूर्ण यूपी के प्रतियोगी परीक्षार्थियों को ऑनलाइन-ऑफलाइन शिक्षा दी जा रही है। इन संस्थानों में आईएएस, पीसीएस, मेडिकल, इंजीनियरिंग आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी निःशुल्क करायी जा रही है।


सरस सब की जनसंदेश टाइम्स मेडिकल डायरेक्ट्री

मानसिक रोग, नशा मुक्ति व सेक्स रोगों का संपूर्ण इलाज
डॉ. प्रदीप चौरसिया
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (न्यूरोसाइकाइट्री) (आई.एम.एस., बी.एच.यू.)
मस्तिष्क व मानसिक रोग विशेषज्ञ
सरदर्द, माइग्रेन, बेहोशी, डिप्रेशन, OCD, मिर्गी, घबराहट, तनाव, याददाश्त व एकाग्रता में कमी, शंका करना, सिजोफ्रेनिया, बाइपोलर, डिमेंशिया, अल्जाइमर इत्यादि
गंगोत्री हॉस्पिटल 7518 5555 44/ 7317 5555 44
लेन नंबर- 4, गुरुधाम कॉलोनी, गुरुधाम क्रॉसिंग के पास, वाराणसी

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
लेप्रोस्कोपिक, मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
अत्याधुनिक लिथोट्रिप्सी मशीन द्वारा गुर्दे की पथरी का बिना आपरेशन सफल इलाज
डा. विनोद कुमार
सा. 6/174 ए-बी, अकथा, गाजीपुर रोड, पहड़िया, वाराणसी
मो0: 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586160

रिटेल डायरेक्ट्री

शिव रुद्राक्ष अनुसंधान केन्द्र (प्रा. लि.)

सरस सब की जनसंदेश टाइम्स एजुकेशन डायरेक्ट्री

We ensure Holistic Growth of yOur child...
S.G. Public School
Estd. 2002
Affiliated to C.B.S.E., 10 + 2, Co-Ed., Science & Commerce Stream (Physical Education & Computer Science Available)
ADMISSION OPEN!
SESSION 2023-24
for Montessori to Classes IX & XI
NO ADMISSION FEES Montessori to Class 5.
UP TO 30 APRIL 2023
Teachers are required in all subjects for all classes.

# हल्ट प्राइज रीजनल समिट में टक्कर देगी आईआईटी की टीम

आयोजन

**यह टीम दुबई में स्वच्छ ऊर्जा पर होने वाले हल्ट प्राइज रीजनल समिट में लेगी भाग**

**पेरिस में होगी अंतिम राउंड प्रतियोगिता, विजेता टीम को मिलेंगे 10,00,000 डॉलर**



आईआईटी-बीएचयू में आयोजित प्रतियोगिता की विजेता टीम

**वाराणसी।** 'हल्ट प्राइज' साल भर चलने वाली दुनिया की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय छात्र प्रतियोगिता है, जो विश्व भर में विश्वविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों से खाद्य सुरक्षा, जल पहुंच, ऊर्जा और शिक्षा जैसे विषयों के आसपास एक दबाव वाले सामाजिक मुद्दे को हल करने के लिए चुनौती देने के बाद लोगों से विचार प्राप्त करती है। इसी के तहत आईआईटी (बीएचयू) ने हल्ट प्राइज का ऑनकैंपस राउंड आयोजित किया। इसकी विजेता टीम हल्ट प्राइज रीजनल समिट में टक्कर देगी। इसका आयोजन दुबई में किया गया है।

यह जानकारी देते हुए हल्ट प्राइज बीएचयू ऑन-कैंपस प्रोग्राम का नेतृत्व कर रहे कैंपस निदेशक चिरायु मित्तल ने बताया कि प्रारंभिक दौर से चयनित शीर्ष 12 टीमों ने तीन प्रतिष्ठित न्यायधीशों के सामने पिच किया। इसमें संस्थान की पांच विद्यार्थियों की टीम 'पिका स्क्वॉड' विजेता चुनी गई है। इस टीम ने इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट पर दिये गए सुझावों पर सबसे ज्यादा अंक बटोरे। इस टीम में अनेश श्रीवास्तव, सुयश त्रिपाठी, अमृतांश सिंह, रोहन सिन्हा और प्रियांशु बंका शामिल हैं। विजेता टीम दुबई में स्वच्छ ऊर्जा पर होने वाले हल्ट प्राइज रीजनल समिट में भाग लेगी।

उन्होंने बताया कि कैंपस प्रोग्राम के अलावा, ओपन एप्लिकेशन से भी टीमों का चयन किया जाएगा। इसमें संस्थान के अलावा पूरे पूर्वांचल से इच्छुक टीमें इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकेंगी। इश्का आयोजन 12 मार्च को होगौ। इसके बाद आईआईटी के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों से योग्य टीमों की अंतिम संख्या घोषित की जाएगी। उन्होंने बताया कि हल्ट प्राइज प्रतियोगिता दुनिया की सबसे कठिन सामाजिक चुनौतियों में से एक का हल निकालने के लिए नवाचारी और अभूतपूर्व विचारों वाली टीम को एक मिलियन डॉलर की शुरूआती फंडिंग देती है।

हल्ट प्राइज नवाचारी स्टार्टअप की खोज में दुनिया भर के कॉलेज और विश्वविद्यालय आयोजन कर रहे हैं। हर शहर की जीतने वाली टीम समर एक्सेलरेटर में जाती है, जहां भागीदारों को मेंटरशिप, सलाह और योजनाकारी मिलती है ताकि वे प्रोटोटाइप बना सकें और अपने नए सामाजिक व्यवसाय की शुरूआत कर सकें। विश्व का अंतिम राउंड प्रतियोगिता पेरिस में आयोजित होगा। जहां जीतने वाली टीम को 10,00,000 डॉलर का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# हुनर से हासिल होगी सफलता : प्रो. टीएन सिंह



**वाराणसी।** माइक्रोटेक कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी के दीक्षांत समारोह-2023 का भव्य आयोजन रविवार को बड़ालालपुर स्थित ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टीएन सिंह ने कहा कि तकनीकी शिक्षा के समक्ष कई चुनौतियां हैं।

चुनौतियों के बिना काम करने में आनंद नहीं मिलता। आज के दौर में हुनर दिखाने की अपार संभावनाएं हैं। आप अपने भीतर हुनर विकसित कीजिए सफलता जरुर मिलेगी। विशिष्ट अतिथि आईआईटी बीएचयू कम्प्यूटर साइंस के डीन प्रो. राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि माइक्रोटेक कालेज अपनी मेहनत से आगे बढ़ा है। विशिष्ट अतिथि मैनेजमेंट स्टडीज बीएचयू के डीन प्रो. एचपी माथुर ने कहा कि नई शिक्षा नीति से बहुत बदलाव आयेगा।

संस्था के निदेशक पंकज राजहंस ने छात्र जीवन में गुरु के महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर कालेज के 50 छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। संचालन शिवा सिंह व खुशी मौर्य ने किया। दूसरे सत्र में कालेज का वार्षिक समारोह जोश 2023 का भव्य आयोजन किया गया।


## संक्षेप

### शिवशक्ति सामाजिक कल्याण समिति में मना होली मिलन



**वाराणसी।** शिव शक्ति सामाजिक कल्याण समिति की ओर से 12 मार्च रविवार को संगठन के पदाधिकारियों संग हनुमान नगर कालोनी मडॉव, रोहनिया में धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया गया। इस मौके पर सभी ने गले मिल कर अबीर-गुलाल लगाया। साथ ही होली की बधाई दी। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, संतोष वर्मा, चंचल मिश्र, अमित मिश्र, शुभम केशरी, उदय प्रताप सिंह, शैलेन्द्र कुमार पांडेय, वीरेन्द्र कुमार राय, सुनील बिंद, रामलखन बिंद, सागर यादव, अर्जुन यादव, रमेश श्रीवास्तव, आशीष वर्मा, अंकित गोस्वामी, रवि ठाकुर, मुकेश शर्मा, आशुतोष सिंह, मोनू पांडेय, सलमान अंसारी आदि मौजूद थे।

### भोजपुरी सिनेमा इंडस्ट्री में जान फूंकने वाले आलोक दुबे नहीं रहे



**वाराणसी।** सिंगल स्क्रीन सिनेमा को भोजपुरी फिल्मों के जरिये जिंदा रखने वाले आलोक दुबे नहीं रहे। शनिवार को दिल्ली के एक निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान 63 वर्ष की अवस्था में उनका निधन हो गया। सिनेमा एग्जीबिटर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट और शहर के सबसे बड़े सिंगल स्क्रीन सिनेमाहाल आनंद मंदिर के संचालक आलोक दुबे ने जिस समय सिंगल स्क्रीन सिनेमा लगभग खत्म होने की कगार पर था उस समय उन्होंने आनंद मंदिर सिनेमा में भोजपुरी फिल्मे ही प्रदर्शित करने का कठिन निर्णय लिया। जो पूरी तरह सफल रहा। आलोक दुबे अपने पीछे एक भाई और तीन बेटों एवं दो बेटियों का भरपूर परिवार छोड़ गए हैं। हरिश्चन्द्रघाट पर उनका अंतिम संस्कार रविवार को दिन में किया गया। अंतिम यात्रा कमच्छा स्थित आवास से निकली। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र आकाशदत्त दुबे ने दी। उनके निधन से उनके चाहने वालों के साथ पूरा भोजपुरी फिल्म समाज सदमे में है।

### संकटमोचन संगीत समारोह 10 से 16 अप्रैल तक, इस बार शताब्दी वर्ष मनेगा

**वाराणसी।** संकट मोचन संगीत समारोह का आयोजन 10 से 16 अप्रैल तक किया जाएगा। संकटमोचन संगीत समारोह का इस साल शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा। काशीवासियों के इंतजार की घंड़ी खत्म हुई। संकट मोचन संगीत समारोह की तिथि घोषित हो चुकी है। बनारस के लोगों को इस समारोह का इंतजार पूरे साल रहता है। काशी का संगीत महाकुंभ संकट मोचन संगीत समारोह का आयोजन 10 से 16 अप्रैल तक किया जाएगा। संकटमोचन संगीत समारोह का इस साल शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा। महंत प्रो. विश्वंभरनाथ मिश्र ने ट्वीट के जरिये बताया कि छह अप्रैल को हनुमान जयंती मनेगी। संगीत समारोह का शताब्दी वर्ष आयोजन 10 से 16 अप्रैल तक किया जाएगा।

### देववंशी होली मिलन में खूब उड़े अबीर गुलाल



**वाराणसी।** अखिल भारतीय देववंशी समाज की ओर से रविवार को पराड़कर स्मृति भवन में होली मिलन समारोह का भव्य रुप से आयोजन किया गया। कार्यक्रम डा शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि विधायक नीलकण्ठ तिवारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह में पद्मश्री अजीता श्रीवास्तव की ओर से एक से बढ़कर एक होली गीतों की प्रस्तुति की गयी,इसके साथ ही लोकगायिका उषा गुप्ता, पं. गणेश देववंशी, लक्की देववंशी, पं. आशीष शर्मा ने होली के गीतों से कार्यक्रम में समा बांध दिया। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाईदेते हुए देववंशी समाज के उत्थान के लिए अपने विचार व्यक्त किये। संचालन संचालन नवीन सिंह देववंशी ने किया। समारोह में रजत देववंशी, दीनानाथ देववंशी, राहुल देववंशी, विभूति, रोहित, राजू देववंशी, नवीन, अनिल, श्रीमुकेश, रांची रागिनी, सुधीर देववंशी, महारानी दीनदेववंशी शामिल रहे।

### चिकित्सकों ने लगाया अबीर गुलाल, दी बधाई



**वाराणसी।** आईएमए (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) के लहुराबीर स्थित प्रांगण में रविवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। चिकित्सकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया और होली की बधाई दी। आईएमए के अध्यक्ष डॉ.राहुल चंद्रा ने समारोह के शुभारम्भ कर सभी चिकित्सकों को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी, समारोह में होली गीतों की गूंज होती रही, होली गीतों पर चिकित्सक झूमते भी रहे तो लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। शाम से चला समारोह देर रात तक चलता रहा। इस दौरान इस दौरान डॉ. स्मिता चंद्रा, डॉ. कुसुम चंद्रा, डॉ. हेमन्त गुप्ता, डॉ. संजय राय, डॉ. अरविन्द सिंह, डॉ. शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी डॉ. एन पी सिंह, डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. अनिल ओहरी, डॉ. नीलम ओहरी, डॉ. प्रभाकर शुक्ला, डॉ. सौमित्र अग्रवाल, डॉ. अजीत सहगल, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. अमित सिंह, डॉ. ए के कौशिक, डॉ. अतुल सिंह, डॉ. आर प्रसाद, डॉ. धर्मेन्द्र पांडेय आदि थे।

### भारत-तिब्बत समन्वय संघ की मनी होली



**वाराणसी।** भारत तिब्बत समन्वय संघ द्वारा रविवार को संस्था के मंत्री शशांक अग्रवाल के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संघ के राष्ट्रीय महामंत्री अरविंद केसरी और राष्ट्रीय मंत्री विवेक सोनी केंद्रीय पदाधिकारी के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया और लजीज व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। शशांक अग्रवाल जी ने सबका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रांत के युवा विभाग अध्यक्ष रजत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शिव चरण अग्रवाल, अनूप चौरसिया, नवीन सेठ, नवीन, संजय जायसवाल आदि थे।

### अबीर उड़ाओ गुलाल उड़ाओ होली में...

**वाराणसी।** भारत भारती परिषद के तत्वावधान में रविवार को भारतेंदु हरिश्चंद्र भवन ठठेरी बाजार में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता डॉ अत्रि भारद्वाज ने किया। काव्यपाठ की शुरुआत करते हुए कवि डॉ जयशंकर जय ने पढ़ा- अबीर उड़ाओ गुलाल उड़ाओ होली में, और सुंदर रंग लगाओ दिल में छिपी अपने नफरत को होलिका में डाल जलाओ। कवि शंकर आनंद ने पढ़ा चले फगुनी बयार महकन लागे अमराई। सिद्धनाथ शर्मा ने सुनाया- प्यार का रंग सबसे निराला लगे। संचालन अध्यक्ष अशोक वल्लभ दास तथा अतिथियों का स्वागत भारतेंदु वंशज दीपेश चौधरी व धन्यवाद दीपक अग्रवाल व मोहन अग्रवाल ने दिया। मुख्य रूप से सुरेश दुबे, आलोक अग्रवाल, नंदन, उपेन्द्रनाथ, जगदीश, हरि प्रसाद, आदित्य नारायण आदि उपस्थित रहे।

### वेदव्यास ने भी की थी मां आदिशक्ति की आराधना

**वाराणसी।** डाफी स्थित वाटिका में चल रहे श्रीमद्देवी भागवत कथा के दूसरे दिन रविवार को कथा का अमृतपान कराते हुए देवी उपसिका साध्वी गीताम्बा तीर्थ ने कहा कि मां आदिशक्ति सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। जब मानव सब जगह से लाचार हो जाता है और मां की शरण में आता है तो उसकी सभी कष्टों को दूर करती है। कहा कि महर्षि वेदव्यास जो भगवान के अवतार थे उनको जब कोई संतान नहीं थी पत्नी उनकी हमेशा दुःखी रहते थे तो भगवान वेदो व्यास मां आदिशक्ति की आराधना की। मां आदिशक्ति उनसे प्रसन्न हुई और उनको शुकदेव के रूप में योग पुत्र की प्राप्ति हुई। कथा के बीच बीच में भजनों की प्रस्तुति से पूरा कथा पंडाल भक्ति में हो गया था।

### 25 महिलाओं को सिलाई मशीन देकर किया सम्मानित

**वाराणसी।** ईजी हेल्प संस्था की ओर से रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन सेंट्रल जेल रोड स्थित एक होटल में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र, विशिष्ट अतिथि डॉ. दिव्या सिंह, राघवेंद्र सिंह, आशुतोष सिंह मुख्यतः उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 25 महिलाओं को सिलाईमशीन,120 महिलाओं को सैनेट्री पैड एवं 9 महिलाओं को प्रेरणा स्तंभ देकर सम्मानित गया। समारोह का आयोजन महिला सशक्तिकरण के तहत किया गया था। जिससे ज्यादा से ज्यादा महिलाएं सशक्त हो सकें। संस्था के तरफ से निर्देशक विवेक कुमार सिंह, श्रीमती मंजू सिंह, सुश्री कोमल सिंह, डा. सुजीत कुमार चौबे, रतन सिंह, डा. जगदीश पिल्लई, संजय कांबेकर, डा. कैलाश विकास सिंह, राजेश गुप्ता एवं आनंद पाल राय आदि रहे।

### 'अवधानम मन की एकाग्रता है'

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के 66 वें स्थापनोत्सव के अवसर पर 25 मार्च को सुबह 11 बजे पाणिनि भवन सभागार में विश्वविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र एवं उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में दर्शकों बाद अखिल भारतीय 'अष्टावधान' कार्यक्रम होने जा रहा है। कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि देश के अतिविशिष्ट और प्रसिद्ध अष्टावधानी डॉ. उमाशंकर एन शृंगेरी के द्वारा भारत में विलुप्त हो रहे विधा को जागृत करने के उद्देश्य से यह विशेष ज्ञान शाखा को प्रदर्शित कर जागृत करेंगे। इससे अनेकों शिक्षक और विद्यार्थी लाभान्वित होकर इस विधा से परिचित होंगे।

## संक्षेप

### एनएसी ने सम्मान समारोह का किया आयोजन



**वाराणसी।** नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया के द्वारा शनिवार को एक भव्य सम्मान समारोह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान महात्मा गांधी जी मार्ग लखनऊ के प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि (उपमुख्यमंत्री) बृजेश पाठक और विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सतीशचंद्र द्विवेदी रहे। इनके साथ भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी, श्री 1008 बाबा बजरंग दास जी राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय गौ रक्षक दल से और सुरेशचंद तिवारी विधायक कैंट आदि लोग उपस्थित हुए। इस मौके पर अब्दुल बारी पोस्ट वार्डन आरक्षित प्रखंड कोतवाली नागरिक सुरक्षा वाराणसी व नेशनल एंटी करप्शन वाराणसी से महानगर उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक अमीरुल्लाह सेक्टर वार्डन के 3 प्रखंड कोतवाली नागरिक सुरक्षा वाराणसी को भी सम्मानित किया गया।

### मूल्यांकन बहिष्कार के लिए माध्यमिक शिक्षक संघ ने की बैठक

**वाराणसी।** पुरानी पेंशन बहाली सहित पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन में बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन बहिष्कार को लेकर यूपी कालेज के सभागार में रविवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चेतनारायण) वाराणसी मंडल के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में मूल्यांकन बहिष्कार के लिए वाराणसी, जौनपुर, चंदौली, गाजीपुर जनपद से आये जिलाध्यक्ष, जिलामंत्री आदि ने कहा कि शिक्षकों को जागरण के लिए जनपद के पदाधिकारी विद्यालयों में जाकर मांगों के प्रति जागृत कर मूल्यांकन बहिष्कार को सफल बनाएंगे।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संतसेवक सिंह और संचालन मंडल मंत्री वीरेंद्र सिंह ने किया। बैठक में जेपी राय, शिवमूरत यादव, विद्याधर, अशोक, नृसिंघ बहादुर, श्रीप्रकाश, हरिकेश, भानुप्रताप, सुधाकर सिंह, प्रमोद, अरविंद कुमार, प्रदीप सिंह, त्रिभुवन सिंह आदि लोग थे।

### जुमनीपुर के वृहद पशु आरोग्य मेले में किया जागरूक

**वाराणसी।** जक्खिनी क्षेत्र के ग्राम जमुनीपुर स्थित एक शिक्षण संस्थान में रविवार को मंडल स्तरीय पं. दीनदयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य मेला का आयोजन हुआ। विधायक नीलरतन सिंह पटेल 'नीलू' के मुख्य आतिथ्य में भाजपा महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम की विशिष्ट उपस्थिति रही। शिविर में 748 पशुपालकों के छोटे-बड़े पशुओं का उपचार किया गया। कार्यक्रम में मंडल के अपर निदेशक पशुपालन डॉ. आरके सिंह ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। पशुपालकों व किसानों को डेयरी, बकरी पालन, भेड़ पालन एवं मुर्गी पालन आदि के बारे में जागरूक किया गया। आयोजन में ग्राम प्रधान मरुई अजय सिंह, ग्राम प्रधान जमुनीपुर अनिल कुमार, सीवीओ डॉ. एके सिंह, डिप्टी सीवीओ डॉ. शिव कुमार, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक तिवारी, डॉ. जमालुद्दीन, डॉ. विजय त्रिपाठी, डॉ. त्रिभुवन यादव, डॉ. रामाधार चौधरी, डॉ. ललिता शर्मा, डॉ. संतोष राव, डॉ. धर्मेंद्र कनौजिया आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

### युवा भविष्य की चुनौतियों के लिये रहें तैयार : बीपी सरोज

**बड़ागांव।** क्षेत्र स्थित एक कालेज के परिसर में रविवार को दो दिवसीय विश्वविद्यालयी रोवर्स-रेंजर्स समागम 2022-23 का विशाल आयोजन हुआ। आयोजन में मुख्य अतिथि मछलीशहर सांसद बीपी सरोज ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स समागम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिये तैयार करना है जिससे युवा भविष्य में राष्ट्रहित में कार्य करें, प्राकृतिक आपदा आने पर कैसे समाज के सभी प्रभावित लोगों तक सेवा पहुंचे, यह रोवर्स रेंजर्स का प्रमुख दायित्व है। विशिष्ट अतिथि पिंडरा विधायक डॉ. अवधेश सिंह ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स समाज के प्रति आपको समपर्ण सिखाता है विषय का ज्ञान होना आवश्यक है लेकिन समाज में आपकी भूमिका का चयन मजबूत होना चाहिए क्योंकि आप साधारण नहीं है। रोवर्स रेंजर्स अनुशासन से ही विद्यार्थियों की उन्नति हो सकती है। शिक्षकों से आह्वान किया कि वे स्वयं श्रेष्ठ संस्कारों से मंडित होकर छात्र-छात्राओं में अच्छे संस्कारों का विकास करें जिससे श्रेष्ठ समाज का निर्माण हो सके। कालेज के प्राचार्य ने समागम में आए अतिथियों को स्मृति चिन्ह व बैज लगाकर सम्मानित किया। समागम में कुल वाराणसी, चंदौली सकलडीहा, मिजार्पुर, भदोही ,घोरावल, सहित कुल 13 रोवर्स रेंजर्स की टीमों ने हिस्सा लिया।

### कुलपति प्रो. त्रिपाठी उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष

**वाराणसी।** उप्र शासन के द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्वीक पटल पर स्थापित करने के लिए एक उच्च स्तरीय छह सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें संपूर्णानंद संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी को अध्यक्ष बनाया गया है। इस संबंध मे रविवार को उप्र शासन के उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. सुधीर एम बोबडे का पत्र प्राप्त हुआ। उच्च शिक्षा प्रमुख सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में सभी पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश किया जाना आवश्यक है, जिसमें विद्यार्थी न केवल भारतीय ज्ञान परंपरा से अवगत होंगे। साथ ही उसे वैश्विक पटल पर भी स्थापित कर सकेंगे। प्रदेश स्थित उच्च शिक्षण संस्थानों के पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परंपरा को समाहित करने की कार्ययोजना बनाने के उद्देश्य से एक समिति का गठन किया गया है, जिसमें कुलपति प्रो. त्रिपाठी को अध्यक्ष और कुलपति ऐमिटी विवि नोएडा गौतमबुद्ध नगर, प्रो. दिनेश चंद्र, कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर सदस्य महाविद्यालय बादलपुर, प्रो. निवेदिती कुमारी प्राचार्या आरजी कालेज मेरठ, प्रो. दीप्ति वाजपेयी कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर और निदेशक उच्च शिक्षा उप्र. प्रयागराज को सदस्य बनाया गया है। उक्त समिति दो माह के अंदर भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रम में सम्मिलित कराने की कार्ययोजना शासन को उपलब्ध कराएगी।

### मातृशक्ति के बिना विकास की कल्पना संभव नहीं

**वाराणसी।** महिला सशक्तिकरण पर रविवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता भवन में सेमिनार का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण -कल, आज और कल विषयक सेमिनार का बातौर मुख्य शहर दक्षिणी के विधायक डॉ.नीलकंठ तिवारी ने दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति को पहचाने बिना किसी भी तरह के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। मातृशक्ति के उत्थान मातृशक्ति को केंद्र में रखकर के योजनाओं का निर्माण हो रहा है मातृशक्ति समाज में अग्रिम पंक्ति पर खड़ी है, और समाज का मार्गदर्शन कर रही है। महिला संरक्षण के लिए अब तक 54 प्रकार के कानून बनाए जा चुके हैं। देवा फाउन्डेशन व सम्बल संस्था की ओर से आयोजित इस सेमिनार में स्थानीय सहित पूर्वांचल के विभिन्न शहरों की कुल 12 सौ महिलाओं ने शिरकत की। सेमिनार में महिलाओं को प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। किस तरह से रोजगार के नए-नए अवसरों को घर बैठे ही महिलाएं पूरा कर स्वावलंबन की दिशा तय कर सकती हैं। संबल की संचालिका डॉ.मोहिनी झंवर ने बताया कि इस संस्था के माध्यम से अब तक 80 हजार महिलाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जा चुका है।

# शीतला अष्टमी पर महिलाएं रखेंगी व्रत

**वाराणसी।** इस बार शीतलाष्टमी 14 मार्च को मनायी जाएगी और घर-घर में माता शीतला की पूजा होगी। शीतला जनित रोगों को दूर करने की कामना से महिलाएं माता शीतला का व्रत करती हैं। माता शीतला को बसौड़ा (बसिऔरा) का भोग लगाया जाएगा। व्रत के दिन घरों में चूल्हा नहीं जलता। शास्त्रों के अनुसार, होली के 8वें दिन शीतलाष्टमी का व्रत रखा जाता है। इस दिन मां शीतला की विधिवत पूजा करने के साथ व्रत रखने का विधान है। माना जाता है कि ऐसा करने से रोग-दोष से छुटकारा मिलने के साथ लंबी आयु का वरदान मिलता है। ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक शीतलाष्टमी व्रत करने से व्रती के कुल में दाहज्वर, पीतज्वर, विस्फोटक ज्वर, दुर्गंधयुक्त फोड़े, चेचक, नेत्रों के समस्त रोग, शीतला की फुंसियों के चिह्न तथा शीतलाजनित दोष दूर हो जाते हैं। इस व्रत के करने से शीतलादेवी प्रसन्न होती हैं। व्रत की विशेषता है कि शीतला देवी को भोग लगाने वाले सभी पदार्थ एक दिन पूर्व ही बना लिए जाते हैं अर्थात शीतला माता को एक दिन का बासी (शीतल) भोग लगाया जाता है।

# अग्रिम हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन

सुविधा

**विभिन्न रोगों के निदान के लिए बड़े शहर जाने से बचेंगे पूर्वांचल के लोग**



**वाराणसी।** रविंद्रपुरी कॉलोनी स्थित सौ बेड युक्त सुपरमल्टी स्पेशिलिटी अग्रिम हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन रविवार को किया गया।

अघोराचार्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम ने हॉस्पिटल का उद्घाटन कर सभी को शुभकामना दिया, हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. श्वेता सिंह, डॉ. अविनाश चंद्र सिंह, डॉ. कुमार उत्सव, डॉ एस. एस. बेहेरा व निदेशक संचालन संजय कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर बाबा का स्वागत किया और उनका आशीर्वाद लिया। बाबा सिद्धार्थ गौतमराम ने सभी को शुभकमाना देते हुए कहा कि कराहते हुए आये मरीज इस अस्पताल से हंसते हुए जाए यही आर्शीवचन है। डॉ. श्वेता सिंह ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि हॉस्पिटल के द्वारा उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवा उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यो के मरीजों को समस्त विभागो द्वारा सुचारू रूप से मिले। अग्रिम हॉस्पिटल अंतरराष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक चिकित्सीय सुविधा देने जा रहा है, जिससे मरीजों को बड़े शहरों जैसी सुविधाएं अग्रिम हॉस्पिटल में ही मिल जाएंगी।

अग्रिम सुपर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल नए स्वरूप में सर्व सुविधाओं से युक्त होगा। जहां मरीजो को एक छत के नीचे अत्याधुनिक आई.सी.यू. अत्याधुनिक एन.आई.सी.यू. डायग्नोस्टिक सेंटर, डायलिसिस, इमरजेंसी एवं ट्रामा, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, सर्जरी, ऑक्सीजन सुविधा, एंबुलेंस, 24 घंटे चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध होगी।

हृदय रोग विभाग, कैंसर रोग विभाग, हड्डी रोग एवं ट्रामा विभाग, शिशु एवं बाल रोग विभाग, यूरोलॉजी विभाग, मेडिसिन विभाग, पेट रोग विभाग, न्यूरो सर्जरी विभाग, जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जरी विभाग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, नेफ्रोलॉजी विभाग, पैथोलॉजी विभाग। प्रसिद्ध न्यूरो फिजिशियन डॉ. अविनाश चंद्र सिंह निदेशक-अग्रिम न्यूरो साइंस, डॉ. एस. एस. बेहेरा, निदेशक- अग्रिम क्रिटिकल केयर, और डॉ. कुमार उत्सव, निदेशक -अग्रिम पल्मोनोलॉजी के मार्गदर्शन के साथ चिकित्सीय सेवाएं दी जा रही हैं और हॉस्पिटल मानक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। हॉस्पिटल की प्रबंध निदेशक डॉ. श्वेता सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन किया।

# मुर्दहां के अजीत का 'रुस्तम-ए-बनारस' पर कब्जा

कुश्ती प्रतियोगिता

**उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ की ओर से बेलवरियां में विभिन्न खिताब के लिए पहलवानों ने की जोर आजमाइश**



उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ की ओर से हरहुआ ब्लॉक के बेलवरियां में हुई कुश्ती प्रतियोगिताओं में पहलवानों ने विभिन्न खिताब जीते

**चांदमारी।** उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ की ओर से हरहुआ ब्लॉक के बेलवरियां में पुरुषों की 'रूस्तम-ए-बनारस', 'बनारस टाईगर', 'बनारस भीम', 'बनारस बाल केशरी' कुश्ती प्रतियोगिता हुई। ग्राम पंचायत के हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित कंपटीशन में 'रूस्तम-ए-बनारस' का खिताब मुर्दहां के अजीत यादव को मिला। जबकि दूसरे स्थान पर अजगरा के बब्बू सिंह यादव रहेश तीसरा पुरस्कार संयुक्त रूप से अविनाश नैपुरा और अमन यादव मुर्दहा ने हासिल किया।

इसी प्रकार 'बनारस भीम' की उपाधि पर सौरभ नैपुरा ने कब्जा किया। जबकि विवेक बनियापुर द्वितीय और गया सेठ अखाड़े के रोशन यादव तथा विकास विश्वकर्मा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। आशीष बरियासनपुर ने 'बनारस टाईगर' की उपाधि जीती। पवन पाल सारनाथ दूसरे स्थान पर और आकाश यादव तथा ऋषभ पाल बीएलडब्ल्यू को संयुक्त रूप से तृतीय पर संतोष करना पड़ा। वहीं, 'बनारस बाल केशरी' का खिताब अंशु यादव गया सेठ के हिस्से में गया। जबकि करन यादव मुर्दहां द्वितीय स्थान पर रहे। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवम सेठ, सचिव बनारसी यादव, अशोक पहलवान, पारस पहलवान, सुरेंद्र पहलवान, जिला कुश्ती संघ के संरक्षक सुनील यादव, जिलाध्यक्ष रामसेवक यादव, संयुक्त सचिव वेद प्रकाश यादव, राजेश कुमार शर्मा, दयाराम यादव, गजानन यादव, निर्णायक रोशन लाल यादव, सुभाष पहलावान, सुरेंद्र पहलवान, संजय बाबाजी, विकास पटेल, जितेंद्र यादव, राजेश कुमार यादव, रवींद्र यादव 'भैरो पहलवान' की प्रमुख उपस्थिति रही। संचालन लालजी यादव 'झगड़ू भैया', राजेश कुमार यादव और रामसेवक यादव 'मास्टर' ने किया।

### स्कूल का बुनियादी ढांचा बच्चों के समग्र विकास की दिशा में तैयार : डॉ. एसएन यादव

**वाराणसी।** हरी बंधु इंटरनेशनल स्कूल गौरा कला में शनिवार को रामायण पाठ और रविवार को प्रीतिभोज का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि हरि नाथ यादव ने अपना आशीष देते हुए विद्यालय को सफलताओं की नई ऊंचाई को छूने का आशीर्वाद दिया। अध्यक्ष डॉ. एसएन यादव ने कहा की स्कूल का बुनियादी ढांचा बच्चों के समग्र विकास की दिशा में तैयार है। यह सह पाठ्यक्रम गतिविधियों पर जोर देता है और इसका उद्देश्य रोबोटिक्स और अन्य जैसे आवश्यक कौशल को प्राथमिकता देना है। उन्होंने छात्रों को अपने जीवन में आगे बढ़ने और आधुनिक भारत के आदर्श नागरिक व समाज का अभिन्न अंग बनने के लिए प्रोत्साहित किया। संचालन मान्या गुप्ता और नौशीन अंसारी ने की। प्रबंधक शशिबाला यादव ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या जया सिंह ने बच्चों के सवार्गीण विकास की बात कही। उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम से कीमती समय निकालकर स्कूल के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए माता पिता को धन्यवाद दिया।

# शहर का ऐसा इलाका, जहां जन सुविधाओं का टोटा



केदारनाथ



दीपू



गुलशन



शुभम

दुश्वारियां

**क्षेत्र में अब तक नहीं की गई सीवर और पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था**

**लोगों का है कहना- जनप्रतिनिधि भी आश्वासन देकर झाड़ लेते हैं पल्ला**

**वाराणसी।** पुराने पुल पुलकोहना के पास स्थित छोटी मस्जिद का इलाका जन सुविधाओं की आस लगाए हुए है। नगर निगम क्षेत्र में होने के बावजूद यह इलाका दुश्वारियों की मार झेल रहा है। इलाके में न तो पेयजल सप्लाई की व्यवस्था है और न ही सीवर लाइन का कार्य हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों से भी जन सुविधओं के लिए गुहार लगाई जा चुकी है, बावजूद इसके कोई अब तक कोई कार्य नहीं हो सका।

काशी को स्मार्ट सिटी बनाने में जहां एक ओर प्रशासनीक महकमा दम भरता है, वहीं दूसरी ओर जनप्रतिनिधि और नेता भी चुनावों से पहले बड़े-बड़े दावों से लोगों को ढांढस बनाए रखने को कहते हैं। जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। इलाके में रहने वाले केदारनाथ जायसवाल बताते हैं कि दीनदयादपुर वार्ड क्षेत्र में आने वाला यह इलाका पूरी तरह जनसुविधओं से अछूता है। गली में न तो सीवर है और न ही पीने के लिए पानी की पाइप लाइन की व्यवस्था और तो और यहां खड़ंजा तक नहीं बिछाया जा सका है।

हल्की बारिश में भी यहां की गलियां कीचड़ से सन जाती हैं। फिसलन होने से इनपर चलना मुश्किल हो जाता है। इलाके के ही रहने वाले दीपू यादव बताते हैं कि पेयजल पाइप लाइन की व्यवस्था न होने से लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। पार्षद से लेकर विधायक तक को इन समस्याओं से अवगत कराया जा चुका है। लेकिन सब आश्वासन देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। वहीं क्षेत्र के रहने वाले गुलशन और सुभम जायसवाल ने भी समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि सीवर लाइन की व्यवस्था न होने से कच्ची नालियों के सहारे मल आदि का निस्तारण किया जा रहा है। जिससे होकर इलाके के लोगों को गुजरना पड़ता है।



# गांव में फगुवा, अबीर, गुलाल संग फूलों से खेली होली


लोक गीत गायक अंजनी उपाध्याय को सम्मानित करते पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी व कार्यक्रम आयोजक योगेश्वर सिंह।


कलाकार हरेंद्र सिंह को सम्मानित करते पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी व आयोजक योगेश्वर सिंह।


कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी।


फूलों से होली खेलकर बधाई देते आयोजक योगेश्वर सिंह।


अवध बिहारी चौबे व व्यासजी गोंड को सम्मानित करते हुए पूर्व मंत्री व कार्यक्रम के आयोजक।


गांव में फगुवा कार्यक्रम में जनता का अभिवादन करते पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, साथ में दिनेश्वर सिंह, सोमेश्वर सिंह व योगेश्वर सिंह।


गांव में फगुवा कार्यक्रम में उपस्थित भीड़।


कार्यक्रम का दीप जलाकर उद्घाटन करते पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी दिनेश्वर सिंह व योगेश्वर सिंह।


कार्यक्रम प्रस्तुत करते अंजनी उपाध्याय।

**रोशन जायसवाल**

**जजज**

## सांस्कृतिक उत्सव में गांव के लोगों ने उठाया जमकर लुत्फ

**बलिया।** जिला मुख्यालय से लगभग 16 किलोमीटर दूर बाबा छितेश्वर नाथ मंदिर के समीप स्थित कुसौरा में गांव में फगुवा कार्यक्रम बहुत ऐतिहासिक रहा। कार्यक्रम के आयोजक योगेश्वर सिंह ने गांव के फगुवा कार्यक्रम में सबको अबीर गुलाल के साथ फूल लगाकर होली खेली और फगुवा का आगाज किया। इस दौरान पूरे कार्यक्रम में विद्वान पंडितों द्वारा शंखनाद कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की।

कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, गोंड समाज के नेता व्यास जी गोंड, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अवध बिहारी चौबे, अभिज्ञान तिवारी, आइडी मिश्रा, हरी सिंह, बेहाल आदि अतिथियों का आयोजक योगेश्वर सिंह की तरफ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपेंद्र तिवारी ने कहा कि गांव में फगुआ कार्यक्रम में मुझे अपना गांव याद आ गया। मैं बधाई देता हूं योगेश्वर सिंह, दिनेश्वर सिंह व सोमेश्वर सिंह को जिन्होंने इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कर एक बेहतर माहौल बनाने का प्रयास किया। जो काबिले तारीफ है। पुरानी परंपराओं को सहेजते हुए यह आयोजन सफल हो रहा है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें गायक अंजनी उपाध्याय व हरेंद्र सिंह के गीतों पर जमकर ठुमके लगे।

### दिनेश्वर, सोमेश्वर व योगेश्वर ने जताया आभार

गांव में फगुआ कार्यक्रम में जहां गांव की जनता सहित सलेमपुर लोकसभा से जुड़ी जनता मौजूद रहीं, वहीं दिनेश्वर सिंह, सोमेश्वर सिंह और योगेश्वर सिंह आए हुए अतिथियों के स्वागत और सम्मान में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी की। यहां उनके सबसे ज्यादा शुभचिंतक देखे गये सभी ने योगेश्वर सिंह व दिनेश्वर सिंह की जबरदस्त चर्चा करते रहे। कार्यक्रम की सफलता पर दिनेश्वर सिंह, सोमेश्वर सिंह व योगेश्वर ने जनता को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया।


कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व नेता।

### राजनीतिक नहीं, सामाजिक रहा कार्यक्रम

कुसौरा में गांव में फगुवा कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा। वैसे यह कार्यक्रम राजनीतिक नहीं बल्कि पूरी तरह से सामाजिक रहा। समाज के हर तरह के लोग यहां मौजूद रहे। विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े नेता व्यापारी, किसान, कलाकार व महिलाएं शामिल रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगश्वर सिंह ने कहा कि इस पुरानी परंपरा को जीवित रखने की नई शुरूआत है। आज के जीवन में जिस तरीके से हमारे और आपके अंदर व्यस्तता बढ़ती जा रही है। फिर भी हम अपने गांव को कभी नहीं भूल सकते। गांव में बचपन कैसे बीता और हम गांव से प्रदेश पहुंचकर बलिया का नाम रोशन करते हुए अपने गांव का नाम भी रोशन हो रहा है। बाबा छितेश्वर नाथ की कृपा से सबकुछ बेहतर हो रहा है।

### पूर्व मंत्री ने किया कलाकारों का सम्मान

पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने अंजनी उपाध्याय और हरेंद्र सिंह को अंगवस्त्रम व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान दिनेश्वर सिंह भी व्यासजी गोंड व अवध बिहारी चौबे को भी सम्मानित किया।

### गांव में फगुआ के मंच पर ब्राह्मणों का हुआ सम्मान

धार्मिक कार्यक्रम के तहत गांव में फगुआ कार्यक्रम के आगाज से पहले ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूरे कार्यक्रम को भक्तिमय किया गया। उसके बाद ब्राह्मणों ने योगेश्वर सिंह को पगड़ी बांधकर अपने मिशन में मिले सफलता को लेकर उन्हें आशीर्वाद दिया और उनके फूलों की वर्षा की। उसके बाद दिनेश्वर, योगेश्वर और सोमेश्वर सिंह ने ब्राह्मणों को भी सम्मानित करते हुए उनके उपर फूलों की वर्षा की। वहीं कार्यक्रम के संचालन में अहम भूमिका निभाने वाले चंदन को भी सम्मानित किया गया।

### गांव में फगुवा रहा लोकसभा सलेमपुर के नाम

भले ही गांव में फगुआ कार्यक्रम के आयोजक इस कार्यक्रम को राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक बताया लेकिन पूरे कार्यक्रम की चर्चा क्षेत्र में यह होती रही कि योगेश्वर सिंह सलेमपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहते है व किसी बड़ी राजनीतिक दल से वह संपर्क में भी है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह आयोजन माना जा रहा है। वहीं योगेश्वर सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से सामाजिक है और गांव के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित रहा।

### जन-जन बोल रहा सलेमपुर

कुसौरा में आयोजित गांव में फगुआ कार्यक्रम के मंच पर जैसे ही भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के हरेंद्र सिंह उतरे वैसे ही दर्शकों की तरफ से एक से बढ़कर एक गीतों की डिमांड शुरू हो गयी। हरेंद्र सिंह के गीत जैसे ही शुरू हुई, जन-जन बोल रहा है सलेमपुर वैसे ही तालियों की गड़गड़ाहट से आयोजन स्थल गूंज उठा और फूलों की वर्षा होने लगी। यहां तक कि पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने भी योगेश्वर सिंह को बधाई दी।

# जल्द ही हाईटेक होगा एआरटीओ कार्यालय

**मिलेगा उपहार**

## पहली किश्त के रूप में मिला 30.98 लाख

**बलिया।** जिले के एआरटीओ कार्यालय के नवीनीकरण कार्य को आरंभ करने के लिए शासन ने 30.98 लाख रुपये की पहली किश्त भेज दी है। जिले का सहायक संभागीय कार्यालय अब हाईटेक होगा। इसके लिए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की पहल पर शासन ने 198.43 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृति की है। लोक निर्माण विभाग वृत्त खंड की जिला इकाई द्वारा कार्य कराया जाएगा। इसके लिए शीघ्र ही निविदा निकाली जाएगी।

इस संबंध में शासन के विशेष सचिव केपी सिंह ने परिवहन आयुक्त को नौ मार्च को पत्र लिख कर निर्देशित किया है। पत्र में विशेष सचिव ने उल्लेख किया है कि एआरटीओ कार्यालय बलिया में कार्यालय भवन की विशेष मरम्मत के अलावा आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नए रिकार्ड रुम का भी बनाया जाए। इसके अलावा कार्यालय परिसर में बाउंड्रीवाल का उच्चीकरण, बरसात के दिनों में होने वाले जलजमाव की समस्या से निजात के लिए जल निकासी की व्यवस्था, सैनिटेशन की उच्चस्तरीय व्यवस्था भी की जाएगी। साथ ही एआरटीओ कार्यालय को अत्याधुनिक लुक देने के लिए उच्च स्तरीय फाल सिलिंग और कार्यालय भवन की रंगाई-पुताई भी कराई जाएगी। कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के उद्देश्य से शासन ने कुल धनराशि में से करीब 30. 98 लाख रुपये की पहली किश्त भी भेज दी है।

### शीघ्र ही शुरू होगा कार्य

**बलिया।** इस संबंध में एआरटीओ प्रशासन अरूण कुमार राय ने बताया कि कार्य भवन के आधुनिकीकरण के साथ ही बाउंड्रीवाल के उच्चीकरण, सैनिटेशन, जल निकासी आदि कार्यों के लिए शासन ने एक करोड़ 98 लाख 43 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इसमें 30 लाख 98 हजार रुपये की पहली किश्त प्राप्त हो गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा शीघ्र ही कार्य आरंभ कराया जाएगा।

## मुरलीछपरा को हरा उसकर की टीम विजेता

**बैरिया (बलिया)।** जिला बालीबाल संघ के आह्वान पर शिक्षा क्षेत्र मुरली छपरा के कंपोजिट विद्यालय रामनगर पर वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन शानिवार को किया गया। जिसमें बलिया जिले की उसकर की टीम व मुरली छपरा की टीम के बीच रोचक मुकाबला खेला गया। जिसमें उसकर की टीम विजेता रही,और मुरली छपरा की टीम उप विजेता रही। प्रतियोगिता के बाद बारह खिलाड़ियों को चयनित किया गया। जो लखनऊ में होने वाले राज्य स्तरीय खेल में भाग लेंगे। शिक्षा क्षेत्र मुरली छपरा के कंपोजिट विद्यालय रामनगर में शनिवार के दिन जिलास्तरीय बालीबाल खेला गया। एक दर्जन टीमो ने सहभागिता किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नवीन चंद, अजय कुमार, गुलजीत कुमार, विक्रम कुमार, आदित्य कुमार, अमित कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, राज, चितरंजन यादव, अजित, रघुराज, भूपेंद्र, बारह खिलाड़ियों को चयनित किया गया। जो राज्य स्तरीय टीम में जिले की तरफ से खेलेंगे। कोच रजनीश सिंह रहेंगे। जिला बालीबाल संघ के सचिव संजय सिंह ने बताया कि ये चयनित सभी खिलाड़ी पंद्रह से अठारह मार्च के बीच होने वाले राज्य स्तरीय बालीबाल प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# युवा व नारी शक्ति देश को विकसित बनाएंगे

**बोले जयप्रकाश साहू**

## घोड़हरा गांव में भाजपा के शक्ति स्थल केंद्र पर संगोष्ठी

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** दुबहड़ क्षेत्र के घोड़हरा गांव के भारतीय जनता पार्टी के शक्ति स्थल केंद्र पर पर रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने कहा कि आज तक किसी भी पिछली सरकार ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य नहीं किया था। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को जन-जन तक पहुंचाकर भारत के स्वर्णिम भविष्य के संकल्प को मजबूत करने का कार्य कर रही है।

आज भारत अपने दायित्वों को जागरूकता से पूरा करते हुए एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करने के पथ पर अग्रसर है। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसे सशक्त भारत का निर्माण कर रही है। जहां का प्रत्येक व्यक्ति आत्मनिर्भर हो। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से भारत देश की युवा शक्ति, महिला शक्ति राष्ट्र को सबल एवं विकसित बनाने की दिशा में संकल्पित है। आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबका साथ, सबका विकास के साथ-साथ सबका विश्वास और सबका प्रयास को जोड़कर एक विकसित एवं कर्तव्य पथ पर चलते रहने वाले देश का निर्माण कर रही है।

इस बीच भारतीय जनता पार्टी के ग्राम पंचायत स्तरीय बुथ अध्यक्षों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के चारों भाग को बारी-बारी से पढ़कर उपस्थित लोगों के बीच सुनाया। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार भारती, क्षेत्र पंचायत सदस्य संतोष कुमार यादव, राजा दुबे, रमेश पांडेय, अखिलेश वर्मा, विमलेश यादव, लिखू पांडेय, चंदन पटेल, राहुल सिंह, विकी श्रीवास्तव, रजनीश सिंह छोटू, आनंद मोहन पांडेय, बंटी गुप्ता, दीपू यादव आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता दुबहड़ मंडल अध्यक्ष, संचालन शशिकांत चौबे एवं सबका आभार प्रकट शक्ति केंद्र संयोजक रमेश चंद्र गुप्ता ने किया।


संगोष्ठी को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू।

## संक्षेप

### लोगों तक पहुंचाएं जदयू की नीतियां : अवलेश सिंह



**बलिया।** जदयू का देवरिया जिले के सलेमपुर के सर सैयद कॉलेज में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार थे। इस कार्यक्रम में जदयू के प्रदेश महासचिव अवलेश कुमार सिंह भी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अवलेश कुमार सिंह ने कहा कि जदयू का सदस्यता अभियान शुरू हो चुका है। अतः आप सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि आप सभी लोगों के बीच जाएं और जदयू की नीतियों और बिहार के विकास कार्यों से लोगों को अवगत कराएं जिससे लोग जदयू से जुड़ना पसंद करेंगे और हमारी पार्टी मजबूत होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि हम सभी को 2024 लोकसभा चुनाव को देखते हुए अभी से कमर कस लेनी चाहिए, क्योंकि हमारा मुकाबला लोगों को ठगने वाली एक पार्टी से है।

### रेलवे लाइन पर मिली अज्ञात युवती की लाश

**बलिया।** शहर से सटे सतनी सरांय कालोनी से सटे गुजर रही रेलवे लाइन पर लगभग 22 वर्षीय अज्ञात युवती की लाश पड़ी मिली। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का काफी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल के लिये भेज दिया। जानकारी के अनुसार लोगों की नजर वाशिंगपिट से पूरब रेलवे ट्रैक पर खून से लथपथ लाश के उपर पड़ी। इसके बाद लोगों की भीड़ जुट गयी। काफी प्रयास के बाद भी मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस सोशल मीडिया के जरिए लड़की के पहचान कराने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि पहचान व पोस्टमार्टम के बाद ही सही तथ्यों की जानकारी हो सकेगी।

### शोपीस बना आरओ प्लांट, लोग परेशान



**बलिया।** विकासखंड हनुमानगंज के बसन्तपुर ग्राम में श्री बुढ़वा शिवजी के मंदिर के पास ब्लॉक प्रमुख कोटे से एक वर्ष पूर्व आरओ प्लांट का लोकार्पण किया गया। शासन का लाखों रुपए लगाकर यह आरओ प्लांट लगाया गया परंतु आज तक उससे पानी नहीं निकल रहा है, और नहीं आम जनता को पानी पीने के लिए उपलब्ध हो रहा है। यह समझ में नहीं आ रहा है कि सरकारी धन का दुरुपयोग है, या सदुपयोग है। गर्मी का मौसम आ गया है या तो इस आरओ प्लांट में जिला प्रशासन पानी उपलब्ध कराएं अथवा इसको उखाड़ कर ले जाए और सरकारी धन का जो दुरुपयोग हुआ है। संबंधित कार्यदाई संस्था से वसूली किया जाए। उत्तर प्रदेश युवक कांग्रेस के पूर्व महासचिव डॉ. विजया नंद पांडेय ने इस आरओ प्लांट को जल्द से जल्द चालू कराने के लिए मांग की है, जिससे इस गर्मी में आम जनता को पानी मिल सके।

### डीएम ने बछईपुर गो-आश्रय का किया निरीक्षण



**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने बृहद गो-आश्रय स्थल, बछईपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि वहां पर गोवंश के पशु संख्या के अनुरूप उपस्थित नहीं है। उनके द्वारा पूछे जाने पर पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया गया कि यहां पर 201 पशु है। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि 15 दिन के अंदर उन्हें कारण बताएं कि 8 पशुओं की मृत्यु कैसे हुई। इसकी रिपोर्ट जल्द से जल्द उनके सामने प्रस्तुत की जाए। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए उनके खिलाफ चार्जसीट जारी करने का निर्देश एसडीएम रसड़ा और वीडियो को दिया। जिलाधिकारी ने कहा की अगर इस प्रकार की घटना दोबारा होती है तो संबंधित सभी लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने पशुओं के लिए दिए जाने वाले चारों की गुणवत्ता और पानी आदि की व्यवस्था देखी।

# सनबीम में स्प्रिंग स्पोर्ट्स कैंप 'जोश' का आगाज

**बलिया।** शिक्षा का उद्देश्य न केवल बौद्धिक क्षमता को विकसित करना अपितु सम्पूर्ण शारीरिक और मानसिक रुप से विकसित करना होता है। यही कारण है कि विद्यालयी पाठ्यक्रम में क्रीड़ा को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। वार्षिक परीक्षा के समाप्ति के उपरांत विद्यार्थियों के मानसिक तनाव को कम करने के लिए तथा उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अगरसंडा स्थित सनबीम स्कूल विद्यालय प्रांगण में पंद्रह दिवसीय स्पोर्ट्स कैंप जोश का आगाज हो गया है। इस कैंप में विद्यार्थियों के मनोरंजन के साथ-साथ उनके शारीरिक वृद्धि के लिए लिए विभिन्न खेलों क्रमशः हैंडबॉल, कराटे, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन,टेबल टेनिस, चेस, शूटिंग, हॉकी योगा- एरोबिक्स, ताइक्वांडो आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्घाटन 10 मार्च को विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरूण सिंह एवं प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह द्वारा किया गया। डॉ सिंह ने बताया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है। इसलिए बच्चों के बौद्धिक क्षमता को विकसित करने के लिए उनके शारीरिक क्षमता को बढ़ाना आवश्यक है। कैंप में मुख्य रूप से योगा और एरोबिक्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो सभी विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है।

प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह ने कैंप में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है लेकिन आजकल विद्यार्थी मोबाइल और कंप्यूटर पर अपना समय ज्यादा व्यतीत कर रहे जिससे वो बीमार पड़ने लगे है। उन्होंने छात्रों को प्रांगण में खेलने की सलाह दी जिससे उनका शारीरिक विकास हो सके। कैंप में बतौर प्रशिक्षक कमल यादव, तरुण सक्सेना, राजेश कुमार सिंह, अबू सईद, नवतेज, बृजेश सिंह, मुकेश, निखिल, पूनम यादव, सांभवी, प्रीति गुप्ता, अमित पांडेय का योगदान सराहनीय है।


सनबीम स्कूल में चेस खेलते बच्चे।

## थाना दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनीं जन समस्याएं

**बलिया।** डीएम रवीन्द्र कुमार ने गड़वार थाने में थाना दिवस पर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने सभी लेखपालों को निर्देश दिया कि किसी भी मामले की जांच संयुक्त टीम बनाकर की जाए, जिसमें राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के लोग शामिल हो। लोगों की समस्याएं सुनते हुए उन्होंने पाया कि सर्वाधिक मामले राजस्व विभाग से संबंधित हैं, जिसमें आपसी मारपीट और जमीन विवाद हैं। डीएम ने कहा कि थाना दिवस का महत्व तभी है जब समस्याओं का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए। एसपी राजकरण नैयर ने भी सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी मामले की घटना मिलने पर तुरंत वहां पहुंचे और मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई करें। जो भी गलत पाया जाए उस पर कानूनी धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाए। मौके पर गड़वार थाने के सभी पुलिस कर्मचारी और राजस्व विभाग के लेखपाल तथा कानूनगो उपस्थित थे।

# परंपरागत चैता-चैती का हो रहा लोप

**जनसंदेश न्यूज**

**शोचनीय**

## पुरनियों ने की इस परंपरा को बचाने की अपील

**बैरिया।** भगवान श्रीराम का जन्म चैत्र माह में हुआ था। इसी कारण चैता-चैती गायन की शुरूआत त्रेतायुग से शुरू हुई। लेकिन अब यह परम्परा आधुनिकता की चका चांध में समाप्त होती दिख रही है। चैता-चैती में राम जन्म का वर्णन करते हुए लोग आपसी बैर भुला कर एक साथ बैठ कर गाते थे। चैता के माध्यम से श्रीराम, शिव, गणेश, कृष्ण की भक्ति भी होती थी।

चैत महीने में आमों में बौर (मंजर) लग जाते हैं। फसल कटकर खलिहान में आ जाती है। कोयल कूंकने लगती है। पपिहा गा उठता है। प्रियतम का संग मिलने पर प्रियतमा सहज चैती गा उठती थी। आदिकाल से ही श्रृंगार की भावना मानव समाज के लिए महत्वपूर्ण रही है।

चैता-चैती द्वाबा में चैत्र मास में गाया जाने वाला लोकगीत है। श्रृंगार की भावना मनुष्य में स्वाभाविक रूप से रहती है। भक्ति के लिए चैता के बोल थे 'राम के जन्म सुनी भोले बाबा अइले ए रामा ..।

सरस्वती मातवा जोड़ने दुनो हाथवा ए रामा ...।' वही, चैती के बोल 'एहि ठय्यां मोतिया हेराय गइलीं रामा कहवां मैं ढूंढूं...। झुलनी में लागल नजरिया हो रामा अब ना पहिरब..।' जैसे तमाम तरह के चैता-चैती लोकगीत का गायन होता था, लेकिन इस समय टीवी ने गंवई चैता को अपनी आगोश में ले लिया है।

पुराने लोग गांव में चैता-चैती गाते थे। वही अब नई पीढ़ी इससे विरत है। इसके चलते परम्परागत चैता-चैती का लोप होना चिन्ता का विषय हैं। पुराने लोगों का कहना है कि इस परम्परा को बचाना सबकी जिम्मेदारी है।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से डीएम लेंगे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट

**कसे पेंच**

**कई विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों की बढ़ी मुश्किलें**

**बैरिया (बलिया)।** नवागत डीएम ने मातहतों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। सभी विभागो के कार्य प्रगति की समीक्षा के लिए क्रमवार तिथि तय किया है। पत्र मे निर्धारित तिथि को जिलाधिकारी को प्रगति रिपोर्ट वीसी के माध्यम से देना पड़ेगा। उसी आधार पर कार्यो की समीक्षा डीएम करेगें। जिलाधिकारी के इस निर्देश के बाद कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारियो के हाथ पांव फूलने लगे है।

क्योंकि अब कार्य जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार करना पड़ेगा। प्रत्येक शुक्रवार को एसडीएम व तहसीलदार को राजस्व कार्यो, खनन, आईजीआरएस, जन शिकायत, तहसील दिवस, लंबित न्यायालयो मे मुकदमे, अवमानना के मुकदमे, आरटीआई, अपील व स्वामित्व योजना की प्रगति जिलाधिकारी को बतानी पड़ेगी। उसके अनुसार वह सम्बंधित अधिकारियों के कार्यो की समीक्षा करेंगे। इसी तरह प्रत्येक गुरुवार को ब्लाक से मनरेगा कार्यो की समीक्षा, निराश्रित गोआश्रय संरक्षण योजना, सहभागिता योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत सरोवर, पंचायतीराज विभाग के अन्य कार्यो की समीक्षा, स्वस्थ्य भारत मिशन ग्रामीण, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय का निर्माण व स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के कार्यो की रिपोर्ट ब्लाक कर्मियों को खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को वीसी के तहत बताना पड़ेगा। वह कार्यो की समीक्षा करेंगे। इसी तरह सोमवार को नगर पंचायत के कार्यो की समीक्षा, शुक्रवार को अस्पतालों की समीक्षा, गुरुवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली व खाद रसद विभाग के अन्य कार्यो की समीक्षा,म ंगलवार को जल निगम व मंडी समिति के कार्यो की समीक्षा, सोमवार को कानून व्यवस्था व अभियोजन के लिए एडिशनल एसपी व अन्य अधिकारियों के रिपोर्ट की समीक्षा, शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण इसी तरह से पीडब्लूडी, ग्रामीण अभियंत्रण, बाल विकास, वन विभाग के कार्यो की समीक्षा, चकबन्दी विभाग के कार्यो की समीक्षा, परिषदीय विद्यालयों के कार्यो की समीक्षा व पशुपालन सहित समस्त विभागों के कार्यो के समीक्षा के लिए जिलाधिकारी ने रोस्टर निर्धारित करते हुए इस सम्बंध में लिखित आदेश सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को भेज दिया है। इसके बाद कार्यो में हीलाहवाली करने वाले या कार्य नही करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों का परेशानी बढ़ना स्वभाविक है।

# आरक्षण का हाल जानने को बेकरार दावेदार

जनसंदेश न्यूज

**निकाय चुनाव**

**नपा, नपं क्षेत्रों में नजर आने लगे संभावित प्रत्याशियों के पोस्टर**

**बलिया।** नगर निकाय चुनाव का लेकर ओबीसी सर्वे पूरा हो चुका है। पिछड़ा वर्ग आयोग इस नई रिपोर्ट से कई सीटों पर आरक्षण बदलना तय मान रहा है। चुनाव लड़ने के दावेदार नए आरक्षण की स्थिति जानने के लिए बेकरार हैं।

हालांकि सरकार अभी इसे सुप्रीम कोर्ट में पेश करेगी। इसके बाद ही कोई फैसला होगा। इससे पहले नवंबर 2022 में सरकार ने नगर पालिका और नगर पंचायतों के अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण जारी किया था। इसके अनुसार इच्छुक लोगों ने चुनाव लड़ने की तैयारी भी कर डाली और प्रचार में जुट गए थे।

जिले में दो नगर पालिका और दस नगर पंचायतों में संभावित प्रत्याशियों के होडिंग, पोस्टर नजर आने लगे थे, लेकिन जैसे ही पिछड़ा वर्ग आरक्षण का पेच फंसा इनके चेहरे फीके पड़ गए। अब यह नए आरक्षण को लेकर पसोपेश में हैं। अगर आरक्षण पलटता है तो वह चुनाव की दौड़ से ही बाहर हो जाएंगे। उन्हें फिर नए सिरे से तैयारी करनी पड़ेगी। दूसरी ओर चुनाव प्रक्रिया से पहले शनिवार से मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कार्यक्रम एक बार फिर शुरू हो गया है। जिससे कि निर्धारित उम्र का कोई व्यक्ति मतदाता बनने और मतदान करने से वंचित न रहे। 17 मार्च तक लोगों से आपत्तियां व दावे लिए जाएंगे। जिसका सीधा फायदा एक जनवरी 2023 को 18 साल पूरे करने वाले युवाओं को होगा। वहीं 18 से 23 मार्च के बीच जिम्मेदार दावों व आपत्तियां पर विचार करेंगे। एक अप्रैल को अंतिम सूची का किया जाएगा।

निर्वाचन विभाग के अनुसार ऐसे युवाओं की संख्या हजारों में होगी और यह युवा चुनाव में निर्णायक साबित हो सकते हैं।

जिले की 12 स्थानीय निकायों में वर्तमान में करीब तीन लाख 46 मतदाता है। 2017 के चुनाव से इस बार 69 हजार 749 मतदाता बढ़े थे। इसमें अकेले बलिया नगर पालिका में 14276 मतदाता नए जुड़ें थे। जबकि जिले में करीब 2037 मतदाताओं ने संशोधन भी कराया था। इसके साथ ही जिले की नगर निकायों में मतदाताओं की संख्या 3 लाख 46 हो गई थी। जबकि 422 बूथ और मतदान केंद्रों की संख्या 125 हो गई है। इनमें युवा वोटरों की तादाद करीब 40 हजार है।

**17 मार्च तक दे सकते हैं दावे-आपत्तियां**

इस संबंध में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, पंचस्थानी, बलिया अरूण कुमार मिश्र ने बताया कि सभी एसडीएम व सहायक निर्वाचन अधिकारियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्यवाही करने को निर्देशित किया गया है। मतदाता 11 से 17 मार्च के बीच दावे और आपत्तियां दे सकते हैं।

**संक्षेप**

### दिल्ली विवि में प्रो. कुमुद शर्मा की नियुक्ति पर हर्ष



**नगरा।** ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात कथाकार स्व. अमरकांत की बहू साहित्यकार, आलोचक प्रो. कुमुद शर्मा को दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। प्रो. कुमुद शर्मा की इस उपलब्धि पर साहित्य जगत एवं बुद्धिजीवी वर्ग में हर्ष व्याप्त है। दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पीयूष कुमार द्विवेदी ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास में प्रो. कुमुद शर्मा तीसरी महिला विभागाध्यक्ष बनी है। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव में हिन्दी विभाग के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रो. कुमुद शर्मा को विभागाध्यक्ष बनाया गया है। बताया कि प्रो. कुमुद शर्मा बलिया जनपद के भगमलपुर (नगरा) निवासी प्रख्यात कथाकार स्व. अमरकांत के पुत्र अरुण वर्धन की पत्नी हैं। उनकी उच्च शिक्षा एमए, पीएचडी इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हुई है। इसके बाद रांची विश्वविद्यालय से डी-लिट की उपाधि हासिल की। प्रो. कुमुद शर्मा ने कई किताबें भी लिखी है, जो देश के कई विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जाती हैं। उन्हें भारतेन्दु हरिश्चन्द्र पुरस्कार एवं प्रेमचन्द रचनात्मक लेखन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। प्रो. कुमुद शर्मा के निर्देशन में तमाम शोधार्थियों ने एमफिल एवं पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। प्रो. कुमुद शर्मा के विभागाध्यक्ष नियुक्त होने पर पूर्व प्रमुख निर्भय प्रकाश, भाजपा के जिला महामंत्री आलोक शुक्ला, केएम पांडेय, दिग्विजय सिंह, काशीनाथ जायसवाल आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो घायल

**बैरिया (बलिया)।** लालगंज बैरिया मार्ग पर चांदपुर गांव के सामने जीन बाबा स्थान के पास शनिवार की देर शाम बैरिया की तरफ से लालगंज अपने गांव आ रहे मोटरसाइकिल को टक्कर किसी अज्ञात वाहन से हो जाने के कारण मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आसपास के लोगों द्वारा सीएचसी सोनबरसा ले जाया गया जहां स्थिति गंभीर होने के कारण प्राथमिक इलाज कर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उल्लेखनीय है कि लालगंज नई बस्ती निवासी शैलेश पासवान (28) पुत्र पूना पासवान एवं चंदन उर्फ भुवर पासवान (25) पुत्र महादेव पासवान अपने नानी को छोड़कर शनिवार के शाम अपने घर वापस आ रहे थे कि लालगंज बैरिया मार्ग पर पर चांदपुर गांव के सामने किसी वाहन से आमने सामने की टक्कर हो गई। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

### पूर्व मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**बैरिया (बलिया)।** समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दोकटी थाना क्षेत्र के धतुरीटोला निवासी श्यामू ठाकुर के पिता जगरनाथ ठाकुर के असामयिक निधन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पत्र भेजकर व फोन करके संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि वह उनके पिता के श्राद्ध संस्कार में शामिल होने का प्रयास करेंगे।

### अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारीत्व रंग आयोजित



**सिकंदरपुर।** महिलाओं के सम्मान में ग्राम पंचायत चकखान के आलम कोचिंग हाल में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारीत्व रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 70 महिलाए एवं 15 परुषों ने भाग लिया। सर्वप्रथम सभी महिलाए एवं जन साहस टीम के सदस्यों ने परिचय देते हुए महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से बताया व उनके अधिकारों, सम्मान एवं समानता पर बिंदुवत चर्चा किया गया। किसी भी अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने एवं अपने अधिकारों की रक्षा करने के लिए उनको प्रेरित भी किया गया। वहीं उपस्थित महिलाओं को स्वतंत्रता पूर्वक अपने विचार रखने को भी कहा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला समन्वयक कृष्णकांत राय, कुंजन गुप्ता, रत्नेश कुमार, रामयश, सुनीता पाल, भरत यादव, अनवर कमाल, गोपाल यादव, शत्रुघ्न प्रसाद, संदीप नाइ, अन्नू कुमारी, रंजना गुप्ता, बदरे आलम उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में चतुर्थ शिविर का हुआ आयोजन



**मझौवां।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दूबे छपरा, बलिया में चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वयं सेवियों ने मां सरस्वती का स्मरण कर राष्ट्रगान व लक्ष्य गीत का गायन किया। इसके बाद महाविद्यालय के परिसर तथा गंगा घाट की तरफ जाने वाले रास्तों की साफ-सफाई कर कूड़ों को निस्तारित किया गया। रोपित पौधों की सिंचाई की गई। अपरान्ह में एक बौद्धिक गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसका शीर्षक ह्लजी20 और भारतह्व था। स्वयं सेवियों राहुल पांडे, अर्जुन सिंह, रानी तिवारी, नेहा यादव आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। विषय प्रवर्तन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी संजय मिश्र ने जी20 के उद्भव, विकास, उद्देश्य और इसमें भारत की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि जी20 में भारत ग्लोबल साउथ का आवाज मुखरित कर रहा है। समाजसेवी नर्वदेश्वर तिवारी ने भी कहा कि विश्व मानवता भारत वर्ष की देन है और आज भी भारत जी20 में वसुधैव कुटुंबकम् की अवधारणा का पोषक है। आज ही पूर्व में पूर्व में किए गए कार्यों की समीक्षा कर आगामी समय में किए जाने वाले कार्यों पर विचार किया गया। अंत में प्राचार्य डॉ0 गौरी शंकर द्विवेदी के आभासी आशीर्वचन से शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर डॉ0 परमानंद पांडेय, शिवाजी तिवारी तथा रविंद्र ठाकुर इत्यादि उपस्थित रहे।

### प्रकाश वर्मा नगर अध्यक्ष, अनमोल वर्मा बने नगर उपाध्यक्ष



**बलिया।** नगर विधान सभा क्षेत्र में कई सम्मानित लोगों ने लोक जनशक्ति पार्टी रामबिलास में सदस्यता एवं पद ग्रहण किया। इस दौरान उन्हें अलग-अलग प्रकोष्ठ में पद देने का कार्य किया गया, जिसमें प्रकाश वर्मा को नगर अध्यक्ष, डॉ0 अभिनेष कुमार सिंह को युवा प्रकोष्ठ नगर सचिव, अनमोल वर्मा को युवा प्रकोष्ठ नगर उपाध्यक्ष रामजी रौनियार को नगर महासचिव (किसान प्रकोष्ठ), अनिल कुमार सिंह को नगर महासचिव (युवा प्रकोष्ठ) बनाया गया। सभी लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। हूंस ने कहा कि आप लोग पार्टी को मजबूत एवं आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

### जांच के नाम पर शिक्षकों का उत्पीड़न बंद हो: सीबेशिसं



**बलिया।** उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के जनपदीय इकाई की बैठक रविवार को आवास विकास कालोनी स्थित एक लॉन में हुई, जिसमें शिक्षकों व पदाधिकारियों ने जांच के नाम पर हो रहे उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज बुलंद हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 16 मार्च को जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा जाएगा। बैठक में सबसे पहले बलिया तहसील के अध्यक्ष के रूप में दिलीप सिंह व हनुमान गंज के ब्लाक अध्यक्ष के रूप में निर्भयशंकर राय का चयन किया गया। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद सभी के द्वारा मांग की गई कि पुरानी पेंशन बहाल किया जाय। चयन वेतनमान व प्रोन्नत वेतनमान की पत्रावलियों का निस्तारण अविलंब किया जाय। शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का एसीपी पत्रावली निस्तारित की जाय। मध्यान्ह भोजन योजना की जांच के नाम पर मण्डलीय समन्वयक राजेश द्वारा किया जा रहा, विद्यालयों का उत्पीड़न बंद हो। जांच के नाम पर जनपद के जिन-जिन विद्यालयों के कर्मचारियों का वेतन अवरुद्ध है, यथाशीघ्र अवमुक्त किया जाय। सहयता प्राप्त विद्यालयों में निशुल्क पुस्तक वितरण में भेदभाव बंद किया जाय। कोरोना काल के समय का बकाया महंगाई का भुगतान किया जाय। बैठक में यह भी मांग की गई कि जांच के नाम पर शिक्षा विभाग की छवि धूमिल करना बंद हो। डीबीटी की समस्त जिम्मेदारी खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को दी जाय। मांग किया कि पूर्व में दिए गए टीएलएम को पुनः दिया जाय। अंत में निर्णय लिया गया कि 16 मार्च को जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना में अधिक से अधिक सहभागिता हो। बैठक में अबीर-गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी गई। तय हुआ की अगली बैठक 23 अप्रैल को इसी स्थान पर होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय कान्हजी, अमित सिंह, अनूप सिंह, रामप्रताप सिंह, लक्ष्मण यादव, रामप्रवेश यादव, नरायण दत्त तिवारी, अनिल उपाध्याय, अरुण सिंह, विनोद मिश्रा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक केशरी ने किया।

# कायस्थ समाज का होली मिलन समारोह



कायस्थ समाज के होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए निषिध श्रीवास्तव।

**बलिया।** चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान चित्रगुप्त जी महाराज का पूजन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इसके बाद कायस्थ समाज के लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष निषिद्ध श्रीवास्तव निशु ने कायस्थ महासभा को अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर बधाई दी। प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला संरक्षक दयालशरण वर्मा ने कायस्थ समाज को बधाई दी।

इस अवसर पर रमेश श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, नरेंद्र श्रीवास्तव, संजय सिन्हा, शैलेश श्रीवास्तव, प्रेमसुख लाल, अजय, संजय, शैलेश, प्रदीप, संदीप, मयंक, सूरज, पप्पू लाल, अमृत सिन्हा, रूपेश श्रीवास्तव, अशोक, प्रमोद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# संत गणीनाथ मंदिर में भी मना होली मिलन समारोह

**बलिया।** संत गणीनाथ मंदिर में होली मिलन समारोह संपन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष उमेश प्रताप एडवोकेट ने सभी को होली की बधाई दी। श्री गणीनाथ सेवाश्रम मंदिर एवं छात्रावास निर्माण समिति कदम चौराहा बलिया में कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहां पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण गुप्ता, संत कुमार मिठाई लाल, राजेश गुप्ता, शारदानंद, आशीष, प्रेम प्यारेलाल, बिजेंद्र प्रसाद, करण कुमार, अमरनाथ, राकेश, धीरज, सोनू बाबा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्ष उमेश प्रताप व संचालन शिवानंद ने किया। पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण गुप्त ने कहा कि समाज एक बेहतर काम के बदौलत पूरे जनपद में एक अलग पहचान बना रहा है। मद्धेशिया समाज हर क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ता नजर आ रहा है। राजनीति क्षेत्र में भी मद्धेशिया समाज आगे है।



# बच्चों ने प्रस्तुत किया रंगारंग कार्यक्रम



**नगरा।** क्षेत्र के भीमपुरा नं0 1 कस्बे में स्थित आर के पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शनिवार को बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम के बीच संपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि अवधेश सिंह व विद्यालय की प्रधानाचार्य सोना सिंह और अन्य अध्यापक गण द्वारा संयुक्त रूप सेकार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के शुरूआती दौर में बच्चों ने ईश्वरीय वंदना एवं वेलकम सांग से शुरू किया। कक्षा यूकेजी की बच्ची द्वारा ह्लझांसी की रानीह्व पर आधारित नाटक आकर्षण का केंद्र रहा। छात्रों की अनूठी प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। प्री प्राइमरी के बच्चों ने बम बम भोले, हरे राम-हरे राम, मेरा जूता है जापानी पर मनमोहक प्रस्तुति दी। कक्षा एक के बच्चों ने तेरी उंगली पकड़ कर चला से कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों की आंखें नम कर दी। इसके अलावा उन्होंने एक बटा दो-दो बटा चार, कक्षा तीन व चार के बच्चों ने कव्वाली, मैया यशोदा-तेरा कन्हैया, पांच व छः के बच्चों ने कृष्ण सुदामा मिलन व अंधेर नगरी चैपट राजा पर नाट्य प्रस्तुत किया। कक्षा सात की बच्ची द्वारा कथक नृत्य व शिव तांडव के कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति की। आठ के बच्चों ने रिमिक्स सांग व देश रंगीला का मंचन किया। कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों के कार्यक्रम देख अभिभावक अंत तक जमे रहे। कार्यक्रम में मुस्कान मैम, अजीत सर, दीपक सर, मनु मैम, प्रियंका, नेहा, ज्योति, महिमा आदि अध्यापकों की विशेष सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में संतोष सिंह, गोविन्द व विद्यालय परिवार के सदस्यों ने आये हुए सभी अभिभावकों का अभिवादन किया।

**संक्षेप**

### भूमिहार ब्राह्मण समाज का होली मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह




**दोहरीघाट, मऊ।** नगर स्थित विक्ट्री इंटर कॉलेज के प्रांगण में रविवार को भूमिहार ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अपर न्यायाधीश सुधाकर राय रहे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अवध नारायण, विशिष्ट अतिथि के रूप में दोहरीघाट ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार राय, जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय कार्यक्रम का संचालन प्रेम प्रकाश राय ने किया। सर्वप्रथम भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम में भूमिहार समाज सम्मेलन जल्द परीक्षा में चयनित हुए दर्जनों लोगो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अपर न्यायाधीश सुधाकर राय ने कहा कि समाज में मतभेद भुलाकर हमें सभी लोगों को एक साथ लेकर चलने का प्रयास करना होगा। कार्यक्रम के आयोजक भूमिहार समाज के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार राय ने कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का आभार जताया। उक्त अवसर पर डॉ एसएन राय, सांसद प्रतिनिधि गोपाल राय, उत्पल राय, अवधेश राय, श्रीधर राय, संदीप राय, जनार्दन राय, अरुण राय, दिवाकर राय, पुजा राय सहित लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया इस आयोजन में पूरे दिन लोगों का जमावड़ा लगा रहा।

### बिना अनुमति जिला मुख्यालय छोड़ने पर 14 अधिकारियों का वेतन रोकने का जिलाधिकारी ने दिया आदेश

**मऊ।** रविवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने बिना अनुमति जनपद मुख्यालय छोड़ने पर 14 जनपद स्तरीय अधिकारियों का वेतन अवरुद्ध करने का आदेश जारी किया। इसके अलावा उन्होंने इन अधिकारियों से 2 दिन के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए, अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। इन सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा मुख्यालय से बाहर जाने के लिए ना तो कोई अनुमति ली गई थी और ना ही कोई अवकाश स्वीकृत कराया गया था। इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों का दिनांक 11 मार्च का वेतन अवरुद्ध करते हुए 2 दिनो के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बिना अनुमति अथवा बिना अवकाश स्वीकृत कराए जनपद मुख्यालय से बाहर रहने वाले जनपद स्तरीय अधिकारियों के विवरण निम्नलिखित हैं। डॉक्टर चंद्रा सिन्हा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय, अनुज कुमार जिला समाज कल्याण अधिकारी, एसपी श्रीवास्तव उपनिदेशक कृषि, अजीत कुमार सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी, राजेश रोमन उपायुक्त उद्योग, वीरेंद्र प्रसाद धर जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, विवेक यादव जिला प्रबंधक पीसीएफ, कृष्णानंद राय जिला कमांडेंट होमगार्ड, संतोष कुमार सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एके पांडे अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई, अरविंद सिंह सहायक निदेशक हथकरघा, संदीप कुमार गुप्ता जिला उद्यान अधिकारी, धर्मेंद्र तिवारी वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी, जितेंद्र सिंह अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड है।

### बूथ जीते तो चुनाव जीते का मंत्र लेकर मैदान में उतरें कार्यकर्ता : सहजानन्द



**दोहरीघाट, मऊ।** रविवार को भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकताओं की कार्यशाला स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर के परिसर में आयोजित की गई।जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा गोरखपुर के क्षेत्रीय महामंत्री व जिले के प्रभारी सहजानन्द राय ने उपस्थित कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व बूथ समिति को एक बार फिर से सक्रिय करते हुए बूथ जीता चुनाव जीता का संकल्प लेकर प्रधानमंत्री मोदी जी को तीसरी बार फिर प्रधानमंत्री बनाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं को गांव गांव तक पहुचाने की जरूरत है कार्यकर्ता सरकार और संगठन के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी है कार्यकर्ता अपने बूथ को तन मन लगाकर जीतता है तब जाकर संगठन से सरकार बनती हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष राय, मण्डल अध्यक्ष राम अधीन पाण्डे, हेमन्त कुमार, प्रहलाद गुप्ता, विकास वर्मा, मोती चैहान, विनय , आजाद कुमार, राम प्रसाद सोनकर, बबलू सोनकर, भरत कुमार, पप्पू गुप्ता, रामजनम मौर्या, ओमप्रकाश सोनकर, श्रीकांत श्रीवास्तव, सिद्धि साहनी आदि लोग रहे।

# यह लोकतंत्र है, बुलडोजर तंत्र कतई नहीं : स्वामी प्रसाद मौर्य



**मऊ।** राष्ट्रीय बहुजन समाजवादी मंच के सौजन्य एवं इसके अध्यक्ष शिवचन्द राम के संयोजन में सामाजिक न्याय सम्मेलन का आयोजन हिंदी भवन मऊ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री विधान सभा सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य तथा सम्मानित अतिथियों द्वारा समतावादी बहुजन समाज के महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। पहली बार ऐसा देखा गया कि शिवचन्द राम द्वारा आयोजित इस सामाजिक न्याय सम्मेलन में सभी दलों के लोग सम्मिलित हुए। अतिथियों का स्वागत एवं सामाजिक न्याय सम्मेलन के उद्देश्यों के संबंध में कहा कि भारत के संविधान में वर्णित समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व, समाजवाद, सामाजिक, आर्थिक न्याय की परिकल्पना आजादी के 75 वर्ष बाद भी अधूरी है। आज हमे बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर और लोहिया के विचारों पर चलकर बेरोजगारी को मौलिक अधिकार बनाना होगा। मुख्य अतिथि स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा कि लोग शपथ लेते हैं किन्तु मांग करते हैं हिन्दू राष्ट्र की, जो संविधान का विरोध है। यदि ऐसा हुआ तो पंथनिरपेक्ष की भावना का क्या होगा? भारत के संविधान निमार्ताओं के सपनो का क्या होगा? देश की आजादी में सभी धर्म के लोगों ने अपनी आहुति दी, भारत की भावना हिन्दू, मुस्लिम, सिख ,ईसाई आपस में है भाई-भाई की भावना है। हमें भारत के संविधान के अनुरूप आचरण करना होगा, तभी सामाजिक न्याय, समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व पर आधारित समाज का निर्माण संभव है। हमारा धम्म राष्ट्र धम्म है। और हमारा ग्रन्थ भारत का संविधान है। और न ही किसी एक्ट में बुलडोजर तंत्र की व्यवस्था है। अध्यक्षता कर रहे पूर्व डीआईजी बलिकरन सिंह यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए जरूरी है कि समता मूलक समाज बने। पूर्व मंत्री विधायक राजेंद्र कुमार ने कहा कि भारत का संविधान जलाने वालों व विरोध करने वालों पर एफ.आई.आर. किया जाय। विधायक एचएन सिंह पटेल ने कहा कि पूर्व विधायक लीलावती कुशवाहा ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए अपने स्वार्थ को त्यागना होगा। राष्ट्रीय निषाद संघ प्रवक्ता लौटन राम निषाद ने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई बहुजन समाज को मिलकर लड़ना होगा। न्यायिक प्रक्रिया में आरक्षण लागू करना होगा। जातिगत जनगणना कराना होगा। ललित साहित्य अकादमी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लालती देवी ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए हम सभी दलों के लोगों को मिलकर लड़ना होगा। बीपीएसएस के प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम मौर्य ने कहा कि हम आज जातिवाद के शिकार हैं, और हमारा शोषण हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता केके यादव ने किया। इस अवसर पर शिवचन्द राम, सीताराम यादव, मुन्नू राम, वीरेन्द्र यादव, प्रेमचन्द कौशल, रामभवन प्रसाद, धर्म प्रकाश यादव, अरशद जमाल, मुसाफिर यादव, साधु सिंह यादव, करुणाकांत मौर्य, राधेश्याम मौर्य आदि उपस्थित रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मऊ।** रविवार को थाना मधुबन पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान कटघरा शंकर मोड़ के पास से नाबालिग से दुष्कर्म की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 68/23 धारा 363,376 एबी व धारा 5एम/6 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त बबलू पुत्र मो0 शब्बीर निवासी पिपरा वार्ड न0 13 थाना मधुबन जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### चोरी की मोबाइल संग अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** रविवार को थाना दक्षिणटोला पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान रामपुर चकिया अदनान पुत्र रिजवान निवासी भटकुवा पट्टी थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ के कब्जे से चोरी की एक अदद मोबाइल फोन बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं 34/23 धारा 411,414 भादवि. का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

# 520 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण, 87 का होगा उपचार

**अवसर**

**जिला प्रशासन की पहल से आयुष्मान भारत मेला में अब तक 3210 लाभार्थियों का हो चुका है स्वास्थ्य परीक्षण**

जनसंदेश न्यूज



**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के साथ ही गोल्डन कार्ड धारकों के उपचार की सुविधा हेतु लगने वाले आयुष्मान भारत मेला में आज जनपद के सभी 40 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 520 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें से 87 लाभार्थियों को उपचार की सुविधा प्रदान करने हेतु निकटतम सरकारी एवं संबद्ध प्राइवेट अस्पतालों हेतु चिन्हित किया गया। ज्ञातव्य है कि पिछले तीन आयुष्मान भारत मेले में कुल 2690 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ था, जिनमें से 335 लाभार्थियों को उपचार हेतु चिन्हित किया गया था, जिनमें से 248 लोगों को अब तक इलाज की सुविधा भी प्रदान की जा चुकी है। इनमें से ज्यादातर मरीज हर्निया, हाइड्रोसील, मोतियाबिंद, गाल ब्लैडर स्टोन, अपेंडिक्स आदि के थे। तीन सप्ताह पूर्व ही जिलाधिकारी अरुण कुमार ने प्रत्येक रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के साथ ही आयुष्मान भारत मेला भी लगाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए थे, जिसके दौरान गोल्डन कार्ड धारकों का स्क्रीनिंग के उपरांत इलाज की सुविधा प्रदान करने की व्यवस्था की गई है।

# हाइड्रा की चपेट में आने से महिला की मौत


गौरा खास गांव में दुर्घटना होने के बाद भीड़ को समझाती कोतवाल तारावती देवी।

**जखनिया।** कोतवाली भुड़कुड़ा अंतर्गत गौरा खास गांव में हाइड्रा की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। रविवार की सुबह लगभग ग्यारह बजे गांव की रामावती देवी पत्नी दशरथ राम सुबह अपने सरसो के खेत से काम कर वापस घर आ रही थी।

उसी समय रेलवे का कार्य कर रही हाइड्रा के ड्राइवर ने गाड़ी को पीछे करते समय महिला को टक्कर मार दी। जिससे महिला को गंभीर चोटे लग जाने के कारण लहूलुहान हो गई। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य गांव के लोगों के साथ महिला को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखनिया लाए वहां इलाज के दौरान महिला की मृत्यु हो गई। सूचना पाकर कोतवाल भुड़कुड़ा, तारावती तत्काल हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचकर हाइड्रा मालिक एवं हाइड्रा को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई। वही चालक संतोष चौहान मौके से फरार हो गया। मौके से हाइड्रा मालिक राम विजय यादव पुत्र रामदेव यादव ग्राम झोटारी थाना दुल्लहपुर को पुलिस अपने साथ थाने ले आई। महिला के शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर थाने आई और तहरीर लेने के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## झाड़ियों में अधेड़ का शव मिलने से मचा हड़कंप


घटनास्थल पर मामले की जानकारी लेते प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय।

**सेवराई।** गहमर थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भदौरा के परिसर में लगी झाड़ियों में एक अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्वास्थ्य कर्मियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। जानकारी अनुसार भदौरा सीएचसी का एक कर्मचारी रविवार को सुबह परिसर में लगे शीशम के पेड़ से दातून तोड़ने गया था कि झाड़ियों में एक व्यक्ति का सड़ा गला शव देख उसके होश उड़ गए। आनन-फानन उसने इसकी सूचना अस्पताल कर्मियों को दी। चिकित्सक की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सो को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास शुरू कर दिया घंटों मशक्कत के बाद मृतक का शिनाख्त विजयी राजभर (55) पुत्र हरिवंश राजभर दिलदारनगर थाना के ग्राम गजरही के रूप में हुई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक का मानसिक हालत ठीक नहीं था और वह विगत 2 मार्च से ही घर से गायब था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा के चिकित्सक डॉ. रवि रंजन ने बताया कि शव देखने से लगभग एक सप्ताह पूर्व का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक गहमर पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि मृतक की पहचान कर ली गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों के बारे में कुछ कहा जा सकता है।

## चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगा शिविर

**मरदह।** ब्लॉक के चार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विकास खंड क्षेत्र के चार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कुल 96 मरीजों ने परीक्षण परामर्श के साथ निःशुल्क पंजीकरण सहित दवा प्राप्त किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह पर डां अशोक कुमार सिंह ने 40 मरीजों को देखा साथ ही साथ प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र मटेहूँ में डॉ.राजीव गोड़ ने 16,प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पाडेयपुर राधे में डॉ.आसिफ लारी ने 21 तथा प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र अविसहन में डॉ.इमरान उस्मानी ने 19 मरीजों का इलाज किया।इस प्रकार मेला में कुल 96 मरीजों की जाँच व निःशुल्क दवा वितरण किया गया।जिसमें लीवर के तीन, सांस के - नौ, उदर के 12,मधुमेह - पांच,ए.एन.सी.के एक, चर्मरोग सात,हाईपर टेंशन तीन-अन्य रोगी 56 मरीजों को देखा गया।

## संक्षेप

### गो तस्करी के वांछित अपराधियों को पुलिस ने दबोचा


कासिमाबाद पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**कासिमाबाद।** कोतवाली पुलिस ने गौ वध मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को सलामतपुर मंदिर के पास से रविवार की सुबह गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की । पुलिस ने दोनों अभियुक्त में एक अभियुक्त के पास से दो अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद किया।कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को लेकर उपनिरीक्षक अविनाश मणि तिवारी रविवार को चेकिंग अभियान चला रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली की गौवध अधिनियम के तहत वांछित अभियुक्त सलामतपुर मंदिर के पास कहीं भागने की फिराक में है। मुखबिर के बताए सूचना पर सलामतपुर मंदिर के पास 11 बजे दो संदिग्ध व्यक्तियों को धर दबोचा । जांच के दौरान दोनों अभियुक्तों में एक अभियुक्त के कब्जे से दो अदद जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस द्वारा पूछताछ में अपना नाम अजय कुमार पुत्र कैलाश राम निवासी इंग्लिशपुर थाना नोनहरा । दूसरा अभियुक्त विनय कुमार पुत्र अंगद राम निवासी इंग्लिश पुर थाना नोनाहरा होना बताया। कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि अभियुक्त को संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अविनाश मणि तिवारी, कांस्टेबल कुलदीप दिवाकर शामिल रहे।

### सड़क पर जलाया जा रहा कूड़ा, सांस लेना दुश्वार


सुखदेवपुर चौराहे के करीब कूड़े के ढेर से निकलता धुआं।

**गाजीपुर।** कूड़ा निस्तारण करने के बजाय सड़क किनारे 24 घंटे जलाया जा रहा है। इस लापरवाही से प्रदूषण तो बढ़ ही रहा वहीं कूड़े से उठता राख युक्त धुआं लोगों के लिए समस्या बन गया है। सांस लेना भी दुश्वार हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक रात के अंधेरे में धुएं के चलते आगे रास्ता दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना का भय बना रहता है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी विभाग इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। नगर पालिका परिषद गाजीपुर की ओर से सफाईकर्मी नगर से निकलने वाले कूड़ा-कचरा को मुख्य सड़क के किनारे सुखदेवपुर चौराहे, जमानियां तिराहा, पीजी कॉलेज, आदर्श गांव से आगे करीब आधा दर्जन स्थानों पर डंप कर उसमें आग लगा देते हैं। इससे जहां एक ओर आग लगने का खतरा बना रह रहा है तो वहीं दूसरी तरफ कूड़े से निकलने वाला धुआं आसपास के घरों में रहने वाले लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। कूड़े से उठता धुआं स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है। कूड़ा जलाने से निकल रहे धुआं के बीच से होकर आवागमन करने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में राजवीर सिंह, रंजय चौबे, कुमारेन्द्र सिंह, राजेश आदि ने बताया कि इसको लेकर अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही। इसके चलते बेखौफ सफाई कर्मचारी सड़क किनारे कूड़े के ढेर में आग लगा रहे हैं।

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तहत चला सफाई अभियान

**कासिमाबाद।** प्रभु नारायण सिंह महाविद्यालय के कासिमाबाद के तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन बारापुर गांव में साफ-सफाई कर जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव में भ्रमण कर साफ सफाई की । सर्वप्रथम पी एस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्रीकांत सिंह ने झंडी दिखाकर स्वच्छ भारत मिशन के तहत जागरूकता रैली को रवाना किया गया। छात्र छात्राओं ने बारापुर गांव में साफ सफाई कर जागरूकता रैली की शुरूआत की। प्राथमिक विद्यालय बारापुर व गांव के मंदिर से सफाई कर स्वच्छता के संबंध में लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर डा. यशपाल कनौजिया ,संजय कुमार ,अनिल कुमार सिंह, दिनेश सिंह सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### डग्गामार वाहनों की भरमार, पाबंदी लगाने में अधिकारी नाकाम

**मुहम्मदाबाद।** डग्गामार वाहनों के चलते हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने डग्गामार वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया था। लेकिन क्षेत्र की सड़कों पर जमकर मुख्यमंत्री के आदेश का पालन होता नहीं दिख रहा है। सड़कों पर प्रतिदिन पुलिस व प्रशासन की नाक के नीचे सैकड़ों की संख्या में डग्गामार वाहनों का संचालन किया जा रहा है। वहीं डग्गामार वाहनों के संचालन में यात्रियों की सुरक्षा का भी कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है, जिसके चलते किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। लेकिन प्रशासनिक अवहेलना के चलते हाईकोर्ट में किए गए वादे की पूर्ति भी नहीं हो रही है। विभिन्न मार्गों पर डग्गामार वाहनों की भरमार देखने को मिल रही है। मुख्य मार्ग हों या फिर ग्रामीण क्षेत्रों को जाने वाले मार्ग सभी पर दिन भर डग्गामार वाहनों को दौड़ते देखा जा रहा है। मार्गों पर डग्गामारी करते हुए दौड़ रहे मैजिक, जीप, ई-रिक्शा, टेंपो आदि में यात्री सुरक्षा मानकों की भी जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। वाहनों पर क्षमता से अधिक सवारियों को भरकर यात्रा की जा रही है। जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। वहीं डग्गामार वाहनों के संचालन के चलते सरकारी राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। रोडवेज बसों को जहां यात्री नहीं मिल रहे तो वहीं परमिट वाहनों की संख्या कम हो रही है। यात्रियों का आरोप है कि वाहन स्वामी जबरन किराया भी अधिक वसूल रहे हैं। वहीं विरोध करने पर यात्रियों से बदसलूकी भी की जाती है। कई यात्रियों का कहना है, कि जिम्मेदार अधिकारियों से इसकी शिकायत भी की गयी है, लेकिन कार्रवाई शून्य है।

### इन विभागों पर है पाबंदी की जिम्मेदारी

**मुहम्मदाबाद।** डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने का जिम्मा संभागीय परिवहन विभाग, परिवहन निगम, स्थानीय पुलिस व तहसील प्रशासन पर है। बावजूद सभी जिम्मेदार इन पर कार्रवाई करने के प्रति उदासीन दिख रहे हैं।

# सोनवल क्रॉसिंग पर लगता जाम,पुलिस मौन


सोनवल रेलवे क्रॉसिंग पर वाहनों के बेतरतीब खड़ा करने के चलते लगा भीषण जाम।

जनसंदेश न्यूज

**सुहवल।** थाना क्षेत्र के सोनवल क्रासिंग पर आए दिन लगने वाले जाम के झाम से लोगों को छुटकारा नहीं मिल पा रहा है,बावजूद आरपीएफ व थाना पुलिस इसको लेकर उदासीन बने हुए है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि दिन में ट्रेन के आने के समय सवारी वाहन अपने वाहनों को बेतरतीब तरीके से खड़ा कर सवारी बैठाने लगते है,जिसके चलते मार्ग काफी अवरूद्ध हो जाता है। जाम इस कदर की दो पहिया वाहनों का निकलना तो दूर पैदल राहगीरों के लिए भी मुसीबत का सबब बन जाता है। जाम में आए दिन मरीज, छात्र,सरकारी ,गैर सरकारी कर्मियों के अलावा,कोर्ट कचहरी जाने वाले भी फंसने से अपने गंतव्य तक समय से नहीं पहुंच पाते हैं।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष वागीश बिक्रम सिंह ने बताया कि ऐसे वाहन व चालकों के खिलाफ अभियान चला उनके खिलाफ सख्त कार्यवाई की जायेगी ।

# पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर गिरफ्तार

**शिकंजे में**

**गिरफ्तार अभियुक्तों पर पंद्रह-पंद्रह हजार का था इनाम**

**घायल पशु तस्करों का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज**

जनसंदेश न्यूज


पुलिसियां मुठभेड़ के बाद घटनास्थल का जायजा लेते एसपी ओमवीर सिंह।

**गाजीपुर।** पुलिस ने पंद्रह-पंद्रह हजार के दो इनामी पशु तस्कर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। तस्करों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। घायल पशु तस्करों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जिले में अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्वाट टीम व थाना दुल्लहपुर की संयुक्त टीम बीते शनिवार को अमारी गेट पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान करीब 10.50 बजे चीता-2 ने थानाध्यक्ष दुल्लहपुर को सूचना दी कि भुड़कुड़ा की तरफ से एक पिकअप सफेद रंग की तेज रफ्तार से जा रही है। जिस पर गोवंशी जानवर लदे हुए हैं। सूचना पर संयुक्त टीम ने पिकअप को रोकने का प्रयास किया। पिकअप पर सवार व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर फरार लोगों का पीछा किया। पुलिस ने पशु तस्करों के पास से 4 तमंचा 315 बोर, 4 खोखा कारतूस 315 बोर व 06 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया। वहीं पिकअप तथा पिकअप के अंदर से कुल 8 गोवंश 1 मोटरसाइकिल भी बरामद किया।

### पुलिस टीम पर हमला

धर्मागतपुर इंटर कॉलेज के सामने पिकअप सवार व रेकी कर रहे पल्सर सवार पशु तस्करों ने एक बार फिर पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने अपनी आत्मरक्षा में हमलावरों पर फायरिंग की। जिसमें पिकअप में सवार तस्कर तथा रेकी कर रहे पल्सर सवार पीछे बैठे पशु तस्कर के पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने पिकअप व पलसर चालकों को घेर कर पकड़ लिया । घायलों को जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त

घायल अभियुक्त खुर्शीद खान पुत्र स्व. गामा 44 वर्ष नोनहरा थाना तथा राहुल चौहान पुत्र रामसुख 23 वर्ष करंडा थाना के आनापुर गांव निवासी है। अन्य अभियुक्त चंदन यादव पुत्र रामभरोस यादव थाना सादात के बड़ागांव तथा योगेश यादव पुत्र हरेंद्र यादव 21 वर्ष नोनहरा थाना के पारा गांव निवासी है।

# स्वामी प्रसाद के साथ खड़ा कुशवाहा समाज

जनसंदेश न्यूज


सपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत होने पर राजेश कुशवाहा का स्वागत करते कुशवाहा समाज के लोग

**गाजीपुर।** कुशवाहा महासभा गाजीपुर की बैठक रविवार को नगर स्थित महात्मा ज्योति राव फूले पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई। बैठक में समाज के संगठन व विकास के साथ-साथ जातिय जनगणना व आरक्षण आदि मुद्दों पर भी गंभीरता से चर्चा किया गया। जिलाध्यक्ष रामराज सिंह कुशवाहा ने कहा कि पिछले दिनों तथाकथित संत द्वारा कुशवाहा-मौर्य समाज को अपमानित करने का प्रयास किया गया, वह सही नहीं है।

समाज की सहनशीलता को हमारी कमजोरी न समझा जाए। भविष्य में इस तरह की कोई घटना होती है तो संगठन इसका मुंहतोड़ जवाब देगा। सपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुशवाहा ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमेशा अपने शिक्षा, सिद्धांत और विचारों से देश व विश्व में एक नई दिशा व रोशनी दिखाया है। समाज के अगुवा व रहनुमा पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के विचारों का समर्थन करते हुए कहा कि मौर्या जी वैचारिक व सैद्धांतिक लड़ाई लड़ रहे हैं। इस लड़ाई में समाज को आगे आना होगा। समाज ने जब जब अंगड़ाई लिया है तब तब परिवर्तन हुआं है। अंत में संगठन द्वारा राजेश कुशवाहा को सपा का राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। बैठक में प्रमुख रुप से दुखरन कुशवाहा, रामाज्ञा कुशवाहा, प्रिंस, अनिल, रामअवध, रौशन, इन्दल, बृजेश, रविन्द्र, प्रभुनाम, रामनिवास, हरेंद्र, मनोज, इन्द्रजीत , पप्पू, चंचल सहित आदि कुशवाहा समाज के लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता रामराज कुशवाहा व संचालन जयप्रकाश कुशवाहा ने किया।

### संगठित समाज से ही होगा विकास

पूर्व सांसद जगदीश सिंह कुशवाहा ने कहा कि हमारा समाज ईमानदार, परिश्रमी व त्यागी है। परंतु किसी भी समाज का विकास तभी हो सकता है, जब वह संगठित होगा। हमें अपनी ताकत का एहसास नहीं है। जिस दिन हम लोगों को इसका एहसास होगा उस दिन कोई भी परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जनक कुशवाहा ने कहा कि भारत की पहचान महान सम्राट अशोक के 'वसुधैव कुटुंबकम', 'धार्मिक सहिष्णुता' व 'जियो और जीने दो' की नीति से है। यदि समाज को अपमानित करने का प्रयास किया जाएगा तो ईट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा।

## परिवार परामर्श केंद्र पर दो परिवारों की विदाई

**गाजीपुर।** परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पुलिस लाइन के प्रांगण में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में कुल तीन परिवार के विवाद प्रस्तुत हुए। करिश्मा प्रजापति पत्नी धर्मेंद्र प्रजापति निवासी बिलहरी थाना खानपुर की शिकायत थी कि उसकी सास उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करती थी।

इस पर पति व सास को समझा कर विदाई करवाई गई। रानी देवी पत्नी अजय कुमार बिंद निवासी रामपुर बंटारा थाना नंदगंज की शिकायत थी कि उसके पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करते रहते हैं।

जिसके कारण उसका दो महीने का गर्भ भी गिर गया। इस पर पति को समझा कर विदाई करवाई गई। एक पारिवारिक विवाद कुशलता के बाद बंद कर दिया गया। निस्तारण में सरिता गुप्ता ,वीरेंद्र नाथ राम ,शिव शंकर तिवारी ,सरदार दर्शन सिंह,अनीता सिंह, रोली सिंह, उर्मिला गिरी आदि रहें।

# इलेक्ट्रॉनिक लिफ्टिंग बैरियर लगाने का काम प्रारम्भ

जनसंदेश न्यूज


सोनवल रेलवे क्रासिंग पर लगाया जा रहा इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग वैरियर।

**सुहवल।** सोनवल सहित अन्य रेलवे क्रासिग पर तैनात कर्मियों के लिए हैंडिल मारने का जमाना लदने वाला है। महकमें के द्वारा मैनुअली बूम वैरियर की जगह अब इलेक्ट्रॉनिक लिफ्टिंग बैरियर लगाने का काम शुरू हो गया है। सिग्नलिग प्रणाली व्यवस्था के अपडेट होते ही यह इलेक्ट्रिकल लिफ्टिंग बैरियर काम करने लगेगा। जिसके बाद ड्यूटीरत कर्मी के बटन दबाते ही यह लिफ्टिंग वैरियर काम करने लगेगा। मालूम हो कि 19 किमी लंबे इस ब्रांच लाइन पर कुल चार जगह क्रासिंग हैं,जिनमें वायरलेस मोड पर इलेक्ट्रिकल लिफ्टिंग बैरियर लग चुका है। जब कि सोनवल में इसके लगाने की प्रक्रिया जारी है,शेष नगसर एवं ताड़ीघाट अभी तक इसके लगाने की प्रक्रिया शुरू तक नहीं की जा सकी हैं। ताड़ीघाट मऊ नई रेल लाइन के चालू होने के बाद ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए इसे लगाया जा रहा है। इस संबंध में आरबीएनएल के सीपीएम विकास चंद्रा ने बताया कि स्टेशन से ट्रेन आगमन की सूचना मिलने पर स्विच दबाते ही गेट स्वतः लॉक व अनलॉक हो जाएगा।

कहा कि जिन रेलवे क्रासिंग पर इलेक्ट्रॉनिक गेट नहीं लगा है वहां मैन्युअली कामकाज होता है। इसमें थोड़ा समय लगता है। जिसे रेलवे इसे समाप्त कर सभी रेलवे क्रासिंग पर इलेक्ट्रॉनिक गेट लगा रही है।

# होली हर्ष व उल्लास का पर्व : अभिनव

जनसंदेश न्यूज


हरिशंकरी चबूतरे पर लोगों को संबोधित करते भाजपा नेता अभिनव सिन्हा।

**गाजीपुर।** अति प्राचीन रामलीला कमेटी 'हरिशंकरी' गाजीपुर के तत्वावधान में शनिवार 11 मार्च को सांयकाल अतिप्राचीन हरिशंकरी चबूतरे पर होली मिलन समारोह परंपरागत तरीके से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पुत्र व प्रतिनिधि भाजपा नेता अभिनव सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रकाश रहे।

कवियों और शायरों ने अपनी कविताओं और गजलों से वाहवाही लूटी। भाजपा नेता अभिनव सिन्हा ने कहा कि होली हर्ष और उल्लास का पर्व है, होली के रंगों में सब रंग जाते हैं, जिसके बाद कोई भेद भाव नहीं रहता है। उन्होंने आगे कहा कि ग्यारह मार्च का दिन गाजीपुर के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गाजीपुर के लाल व पूर्व सांसद, वर्तमान में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के प्रयास से जनपद की बहूप्रतीक्षित मांग, गंगा नदी के ऊपर रेल कम रोड ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण करते आज ही गाजीपुर सिटी से ताड़ीघाट तक डीजल रेल इंजन का सफल ट्रायल आज पूर्ण हो गया। हरिशंकरी स्थित राम दरबार ₹सिंहासन₹ का पूजन भी किया। न.पा.प अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को होली की बधाई देते हुए कहा कि रंगों का यह पर्व हम सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशियों का संचार करें, इसकी शुभेक्षा है। पूर्व कमेटी के मंत्री ओमप्रकाश तिवारी उर्फ बच्चा ने मुख्य अतिथि अभिनव सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि सरिता अग्रवाल को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन न.पा.प विनोद अग्रवाल, रासबिहारी राय, गुलाम कादिर राइनी, सुनील गुप्ता, सुरेश बिंद, मुन्ना राय, संतोष जायसवाल, सरदार दर्शन, विनय कुमार, रोहित कुमार, ओमनारायण सैनी, अशोक अग्रवाल, शशिकांत, कार्तिक गुप्ता, गर्वजीत सिंह, हर्षजीत आदि रहें। अध्यक्षता पूर्व प्रबंधक वरुण अग्रवाल तथा संचालन ओमप्रकाश तिवारी ने किया।

# खतरों से होकर गुजर रहा है गड्ढों का सफर

**गाजीपुर।** गड्ढों की वजह से आए दिन सड़कों पर दुर्घटनाएं होती हैं। जमानियां तिराहे पर गड्ढों की वजह से सवारियों सहित ई-रिक्शा पलट गया। जिससे लोगों के चोट आईं। यहां गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं हो जाती हैं। यह गड्ढे हर साल भरे जाते हैं, मगर कुछ समय बाद ही सड़कों के यह जख्म हरे हो जाते हैं। यह बात सही है कि सड़क दुर्घटनाएं यातायात नियमों की अवहेलना किए जाने से घटित होती हैं तो दूसरा पहलू यह भी है कि सड़कों में गहरे गड्ढे इन दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। वर्षों के दौरान सड़कों के जख्म गहरे होने के साथ वाहन चालकों और यात्रियों तक के लिए मुसीबत तो बनते ही हैं, वहीं जान पर आ बनती है। उधर पटरियां कटान से धंस जाती हैं। जिससे खतरों का सफर शुरू होता है और हादसे घटित होते हैं। पीडब्ल्यूडी, जिला पंचायत क्षेत्र पंचायत आदि से बनी सड़कों में प्रत्येक किलोमीटर पर हादसे के प्वाइंट बन गए हैं। जहां सड़क में गड्ढों के सिवाय कुछ नहीं बचा। जिले की सबसे बदहाल सड़क की समस्या ऐसा नहीं है कि प्रशासन के संज्ञान में नहीं है, लेकिन यह सड़क मार्ग कभी गुणवत्ता से तैयार ही नहीं हुआ बल्कि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता रहा। जहां प्रदेश सरकार 15 नवंबर तक गड्ढामुक्त सड़क की बात कर रही है, वही कई मार्ग पर गड्ढे और चौड़े हो रहे हैं। हर बार मार्ग अच्छे से बनने की दिलासा दी जाती है, लेकिन होता कुछ नहीं सिवाय बदहाल सड़क के किनारे आए दिन घटना-दुर्घटना होने तक। रात के अंधेरे में मार्ग जोखिम भरा तो है ही बल्कि दिन में भी अपनी जान को बचाकर चल पाना आसान नहीं है।


चंदननगर जलनिगम रोड पर सड़क के बीचोबीच बना गड्ढा

# मुख्तार अंसारी की बेनामी संपत्ति कुर्क


कुर्की की कार्रवाई करती एसडीएम हर्षिता तिवारी व अन्य।

जनसंदेश न्यूज

**माफिया पर ऐक्शन**

**पुलिस प्रशासन की सख्ती से अपराधियों में खौफ का माहौल**

**मुहम्मदाबाद।** माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही है। जिला प्रशासन लगातार मुख्तार और उनके करीबियों की बेनामी संपत्ति को कुर्क कर रहा है। उत्तर प्रदेश गिरोह बंद व समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के अंतर्गत यह कार्रवाई हुई।

जिला प्रशासन लगातार अपराध व अपराधियों के विरुद्ध अभियान चला रहा है। प्रशासन ने रविवार को अभियान के अंतर्गत दर्जी टोला निवासी मुख्तार अंसारी पुत्र सुभानुल्लाह अंसारी की लगभग 26 लाख 18 हजार 25 रुपए की बेनामी अचल संपत्ति को कुर्क कर दिया।

पुलिस के मुताबिक विगत 21 फरवरी 23 को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मुहम्दाबाद द्वारा प्रेषित आख्या पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा की गई संस्तुति 6 मार्च 23 को अभियुक्त दर्जी टोला निवासी मुख्तार अंसारी पुत्र सुभानुल्लाह अंसारी की मीड टाऊन होटल के पीछे की बेनामी संपत्ति को कुर्क किया गया। इसमें 18 दुकानें भी सम्मिलित है। प्रशासन ने सभी दुकानों का सामान निकलवा कर दुकान को सील कर दिया। पुलिस प्रशासन ने बकायदा डुगडुगी पिटवा कर संपत्ति कुर्क की कार्रवाई की।

इस दौरान नागरिकों की काफी भीड़ थी। मुहम्मदाबाद सर्किल अंतर्गत चारों थानों के प्रभारी और पुलिस बल तथा पीएसी भी मौजूद थी।

### पुलिस मंसूर अंसारी की भी खंगाल रही संपति

दरअसल,वार्ड संख्या 12/8 भवन संख्या 77 के अभियुक्त मुख्तार अंसारी व वार्ड संख्या 12 / 8 मुख्तार अंसारी के चचेरे भाई मंसूर अंसारी पुत्र खुशेर्दुल हक अंसारी को बंटवारे में यह संपत्ति प्राप्त हुई थी । इसकी लंबाई 71/ 73 फुट और चौड़ाई 33/20 फुट है। यह संपत्ति जिला मजिस्ट्रेट के आदेश संख्या 132 / 18 के अंतर्गत कुर्क किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी हर्षिता तिवारी, क्षेत्राधिकारी हितेंद्र कृष्ण और कोतवाली पुलिस बल तैनात थी।

## जनसंपादकीय

# एक और पाखंड

**कँवल भारती**



आरएसएस ने एक और घोषणा की है। 7 मार्च 2023 को छपी खबर के अनुसार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महिला शाखा संवर्द्धिनी न्यास ने गर्भवती महिलाओं के लिए ह्यगर्भ-संस्कारह्न अभियान शुरू किया है। इसके माध्यम से आरएसएस गर्भवती महिलाओं को गीता और रामायण का पाठ करवाकर गर्भ में पल रहे बच्चों को संस्कारवान बनायेगा। राष्ट्रीय संगठन सचिव माधुरी मराठे ने बताया है कि इस अभियान से स्त्री रोग विशेषज्ञों, आयुर्वेदिक डाक्टरों और योग प्रशिक्षकों को भी शामिल किया जायेगा। खबर में यह भी कहा गया है कि पिछले रविवार (यानी 5 मार्च) को न्यास ने जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय (जेएनयू) में कार्यशाला आयोजित की थी, जिसमें एम्स सहित कई रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया था।

यह भारत का दुर्भाग्य है कि पाखंड और अन्धविश्वास की ऐसी कार्यशाला का आयोजन उस जेएनयू में हुआ या किया गया, जो मार्क्सवादी विद्या का केन्द्र माना जाता है। इससे यह तो स्पष्ट हो ही गया कि भाजपा और आरएसएस जेएनयू का भगवाकरण करके ही दम लेंगे। पर, एक सवाल यह जहन में आता है कि जिस हिंदू राष्ट्र का डंका पीटा जा रहा है, और साधु-संत गला फाड़-फाड़कर भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग कर रहे हैं, क्या वह हिंदू राष्ट्र इसी तरह के पाखंड और अन्धविश्वास पर खड़ा होगा?

दूसरा सवाल यह जहन में उभरता है कि एम्स के ये कौन से डाक्टर और स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं, जिन के दिमागों में डाक्टरी करने के बाद भी गोबर भरा हुआ है, और जो इस अवैज्ञानिक विचार को प्रमाणित कर रहे हैं कि गर्भ में पलने वाला शिशु बाहर की बातें सुनकर संस्कार ग्रहण करता है? ये कौन से दिमाग से पैदल डाक्टर हैं, जो इस तरह की झूठी कपोलकल्पित कहानियों में विश्वास करते हैं, जिसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है? निश्चित रूप से ये गोबर-बुद्धि रखने वाले डाक्टर ही होंगे, जो अभिमन्यु की इस झूठी कहानी में आस्था रखते हैं, कि उसने माँ के गर्भ में ही चक्रव्यूह को तोड़ना सीख लिया था? और चक्रव्यूह के अंतिम द्वार को तोड़ने की कला वह इसलिए नहीं सीख पाया था क्योंकि तब तक उसकी माँ को नींद आ गई थी? अगर गर्भवती स्त्री के कुछ भी पढ़ने से गर्भ में पलने वाला शिशु उसे सुनकर सब याद कर लेता है, तो गर्भवती स्त्रियों के समक्ष गीता और रामायण ही क्यों, इंजीनियरिंग, चिकित्सा और विज्ञान की किताबों का भी पाठ करना चाहिए, ताकि माँ के पेट से ही बच्चा इंजीनियर, डाक्टर और वैज्ञानिक बनकर पैदा हो। फिर इंजीनियरिंग, चिकित्सा और विज्ञान के शिक्षा-संस्थान खोलने की भी क्यों जरूरत पड़ेगी?

> **माँ के गर्भ में ही चक्रव्यूह को तोड़ना सीख लिया था? और चक्रव्यूह के अंतिम द्वार को तोड़ने की कला वह इसलिए नहीं सीख पाया था क्योंकि तब तक उसकी माँ को नींद आ गई थी? अगर गर्भवती स्त्री के कुछ भी पढ़ने से गर्भ में पलने वाला शिशु उसे सुनकर सब याद कर लेता है**

लेकिन चूँकि इस पाखंड का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है, और धर्मग्रंथों में ब्राह्मणों द्वारा गढ़ी गईं कहानियों के सिवा, इस यथार्थ जगत में उसका एक भी जीता-जागता उदाहरण नहीं मिला है, इसलिए यह जानते हुए भी इस तरह के पाखंड रचे जाते हैं, और दुनिया के सामने स्वयं को हास्यास्पद प्रस्तुत किया जाता है। मगर सबसे बड़ी हैरत यह है कि भारत का बौद्धिक माना जाने वाला ब्राह्मण समुदाय इस तरह के पाखंडों की निंदा क्यों नहीं करता? भारत का हिंदू वैज्ञानिक वर्ग भी मौन रहकर इस पाखंड का समर्थन क्यों करता है? और क्यों राष्ट्रीय अखबारों में इस तरह के पाखंड के खंडन में न सम्पादकीय लिखे जाते हैं, और न लेख छापे जाते हैं? यह दुखद है कि भारत का मार्क्सवादी, गांधीवादी, आर्यसमाजी, समाजवादी, कोई भी वादी इस पाखंड का विरोध नहीं करता।

आखिर क्यों? इस क्यों का जवाब मुश्किल नहीं है, अगर आप यह जान लें कि अन्धविश्वास और पाखंड ही ब्राह्मण धर्म को सुरक्षित रखते हैं। खबर के अनुसार संवर्द्धिनी न्यास की योजना कम से कम एक हजार महिलाओं को अपने अभियान से जोड़ने की है। ये एक हजार महिलाएं ब्राह्मण और अन्य द्विजों की नहीं होंगी, बल्कि इस अभियान में जिन गर्भवती महिलाओं को जोड़ा जायेगा, वे दलित, पिछड़ी और आदिवासी महिलाएं होंगी। उनको गीता और रामायण पढाने का मतलब है, उन्हें ब्राह्मण-भक्त, रामभक्त और हिंदुत्व का समर्थक बनाना। गर्भ में पलने वाले बच्चे की खाक भी समझ में नहीं आता कि कौन क्या पढ़ रहा है या पढ़ा रहा है। गर्भवती महिला घर में अपनी सास, ननद और पति से दिनभर बोलती-बतलाती है। क्या गर्भस्थ शिशु उस भाषा या बातचीत को समझ पाता है? अगर समझ पाता, तो गर्भ से बाहर निकलते ही अपने घर की भाषा बोलने लगता। वह जानवर का बच्चा नहीं है, जो पैदा होते ही अपने पैरों पर खड़ा हो जाता है, और चलना शुरू कर देता है, और बोलना भी। यह इंसान का बच्चा है, जो गर्भ से मांस के लोथड़े की शक्ल में बाहर आता है, असहाय अवस्था में। वह न खड़ा होना जानता है और न बोलना। अगर घर-परिवार उसको पाले-पोसे नहीं, तो वह चलना-बोलना तो दूर, बैठना भी नहीं सीख पायेगा। अच्छी परवरिश के बाद ही वह चलना-बोलना सीख पाता है, और उसमे भी दो-ढाई साल लगते हैं। गीता और रामायण या ब्राह्मण के किसी भी मन्त्र या ग्रन्थ में इतनी ताकत नहीं कि वह नवजात शिशु को, गर्भ में तो छोड़ो, गर्भ के बाहर भी, चलना-बोलना सिखा दे। एक भी उदाहरण अपने को दिव्य शक्तिमान समझने वाला कोई पंडित नहीं दे सकता कि किस हिंदू या ब्राह्मण परिवार में किस शिशु ने गर्भ में सुनी बातों को बताया हो। फिर ये लोग अपने दिमाग में भरा अन्धविश्वास का गोबर क्यों नहीं निकालते?

**(लेखक दलित बुद्धिजीवी और आलोचक हैं, संपर्क 94128 71013)**

# खतरे भी हैं सच्ची पत्रकारिता के

## डायरी

**अनूप श्रीवास्तव**



चाहे पत्रकारिता का व्यवसाय हो या समाचार पत्रों का धंधा, दोनों ही कुछ शर्तों से बंधे हैं। इसमें कोई नई बात नहीं है। बेइमान आदमी भी ईमानदार साथी चाहता है। यह दीगर बात है कि अमानत में खयानत करने वाले हर जगह निकल आते हैं। लोभ और व्यवसाय ने पत्रकारिता के पेशे को भी कहीं का नहीं छोड़ा। यह सही है कि पहले भी हम पत्रकारों के कंधे इस चतुराई से इस्तेमाल हो जाते थे कि हमें पता ही नहीं चलता था। हम ब्रेकिंग न्यूज के चक्कर में आ जाते थे और लोग बाग अपना उल्लू सीधा कर लेते थे।

वजह, हमारी कलम पर लोगों को भरोसा था। हमारी खबरों में सच्चाई झलकती थी। इसीलिए वे भी हमे आफ द रिकॉर्ड सारी बात बता देते थे, जिसे वे सारे जमाने से छिपाते फिरते थे ताकि हम सोच समझकर सही सही लिख सकें।

दूसरी तरफ ऐसे लोग भी कम नहीं थे जिनकी आंखों के हम लोग किरकिरी थे और जो हमारी आंखों में धूल झोंकने में माहिर थे। एक बार विधान सभा की लाबी में विधान सभा का गार्ड एक स्लिप दे गया। स्लिप तत्कालीन मुख्य सचिव की थी। स्लिप में लिखा था -'मै विधान सभाध्यक्ष के कक्ष में हूँ , आपके साथ एक कप चाय पीने का मन है । क्या आप मुझे यह सौभाग्य देना चाहेंगे ?'

मुख्य सचिव का चाय का निमंत्रण चौकाने वाला था। उसके पीछे क्या मंशा थी,जानने के लिए विधान सभाध्यक्ष के कमरे में पहुंचा। चाय आई। एक कप चाय उन्होंने मुझे दी और एक कप स्वयं ली। मुझे देखते हुए बोले-उस दिन आपको तिलक हाल में सुना था। मन हुआ आप के साथ एक कप चाय पी जाए। मैंने मुस्कराकर कहा-क्या चीफ सेक्रेटरी की चाय ऐसी, इतनी सूखी होती है?

ओह ! सही कहा। तो कल शाम चार बजे आपको समय हो तो पधारिये। चीफ सेक्रेटरी वाली चाय पिलाता हूँ।

दूसरे दिन शाम चार बजते ही मुख्य सचिव के ऑफिस जा पहुचा। विजिटिंग कार्ड चपरासी को दिया, 'जाइये साहेब! चीफ साहेब आप के ही इंतजार में हैं ! लेकिन साहेब कभी कभी हम गरीब लोगों की भी खबर छाप दिया करें!'

ओह ! बताइए। बताइए। और मैं कलम निकाल कर उसकी बात लिखने लगा। तभी,मुख्य सचिव की तेज तीखी,घनघनाती बेल बजी...

जाइये! जाइये साहेब ! मुख्य सचिव का मुख्य सेवक बोला।

उस समय मुख्य सचिव का कार्यालय विधान सभा भवन के पहले तल पर हुआ करता था। शान शौकत के कहने ही क्या थे। अंदर पहुंचा। चीफ सेक्रेटरी चैम्बर में इंतजार कर रहे थे। शाही चाय लगी हुई थी। कुछ गम्भीर मुद्रा में बैठे थे, बोले-'चीफ सेक्रेटरी आपके इंतजार में बैठा है लेकिन आप हमारे अर्दली से गुफ्त गू कर रहे थे?' 'क्षमा करें सर !मुझे सिखाया गया है कि जो खबर दे, वही उस समय मेरा चीफ सेक्रेटरी है। उस समय आपका अर्दली मेरे लिए चीफ सेक्रेटरी था।'

'ओके !ओके ! मै तो मजाक कर रहा था,तो आपकी पसन्दीदा चाय हाजिर है। बैठिए न!' और तभी दो सेवक तरह -तरह की नमकीन,

मिठाइयों, ड्राई फ्रूट से सजी ट्राली खींचते आ गए। कुछ देर तक अनौपचारिक चर्चा करते-करते चीफ साहब बोले-अगर इजाजत दें तो कुछ लोगों को निपटा दूँ फिर इत्मीनान से आपके साथ बैठ कर चाय पी जाए और एक मोटी फाइल बढ़ाते हुए कहा-शायद आपके मतलब की बाते हो इसमें !

'शुक्रिया, क्या इसमे से नोट ले सकता हूँ।' 'व्हाई नॉट, अगर आप को ऐसा लगे तो।' कहकर वे उठ गए। मैंने फाइल देखी। पढ़ता चला गया। डिटेल में नोट लिये। एक बड़ी और महत्वपूर्ण खबर मेरी जेब में थी। चीफ साहेब की चाय पीने के बाद शाही खबर लेकर चला आया।

दोपहर में दफ्तर पहुंच कर अपनी नोट बुक निकाली। खबर बनाई। बड़ी न्यूज थी। बाई लाइन से बैनर में छपी। मामला श्रम विभाग से जुड़ा था। तत्कालीन श्रम सचिव बी के चतुवेर्दी (जो बाद में कैबिनेट सेक्रेटरी भी हुए) के ऑफिस उन्हें जताने गया कि उनके विभाग की खबर बिना उनके दिए निकाल लाया। चतुवेर्दी जी गम्भीर थे। आपने आज हमारी खबर पढ़ी। वे नहीं बोले। फिर दुहराया तो वे फुसफसाये-'पढ़ी , लेकिन क्यों लिखी आपने यह?'

'क्या कुछ गलत है ,आपने नही दी तो भी मिल गयी?' चतुवेर्दी जी ने अखबार मेरी ओर बढ़ाते हुए कहा - 'लीजिए ,देखिये ! जिस पर लाल स्याही से मुख्य सचिव की टिप्पणी लिखी थी-'यह मामला काफी समय से पड़ा हुआ है।आज न्यूज भी बन गयी।इसे आज ही जारी कर दें।'

'महीनों से इसे टाले हुए था। मेरी आत्मा इजाजत नही दे रही थी लेकिन तुम्हारी खबर ने वह काम करवा दिया जो हम लोग करने को तैयार नही थे।'

मुझे झुरझुरी चढ़ गई। मैं इस्तेमाल हो चुका था। और कितनी आसानी से...यह एक ऐसा प्रकरण है जो आज तक नहीं भूल पाया हूँ। जो खबर हम अखबारों में छापते हैं, असली खबर उसके पीछे होती है। और कोई भी हमें बिना मतलब के खबर नहीं देता। हममें से कितने पत्रकार खबर के पीछे की खबर झांक पाते हैं।

इससे अलग एक और प्रकरण भी है। जो एक ऐसे दबंग वरिष्ठ अधिकारी से जुड़ा है जो पत्रकारों को नजरंदाज करना ही बेहतर मानते थे। उस समय महापालिका और लखनऊ विकास प्राधिकरण में उपाध्यक्ष और प्रशासक के पद पर सिंह साहब आसीन थे।

मुझे महापालिका कवर करने का आदेश था। उनसे मिलने गया तो कहा गया -साहेब मीटिंग में हैं, फिर आइये। तीन चार दिन लगातार चक्कर लगाए। हर बार यही जवाब मिला- साहेब व्यस्त हैं। मामला समझ से बाहर था। एक शाम को उप प्रशासक से चर्चा हुई। मित्र थे। मुस्कराए- 'किसी से कहिएगा नहीं, विकास प्रधिकरण के सचिव आये थे।उस समय मैं भी वहां बैठा था। आपकी बात चली तो उन्होंने सुझाव दिया कि 'इन्हें अवॉयड करें तो बेहतर रहेगा। आप जो भी बताएंगे उनको मतलब की खबर निकालना आता है। नहीं मिलेंगे तो बेहतर रहेगा।'

मैं मुस्कराकर चला आया। शाम को प्राधिरण पहुंचा। सीनियर लॉ ऑफिसर लाल साहब से बात हुई। पता चला उपाध्यक्ष के करीबी रिश्तेदार को जब वे सीमेंट कॉर्पोरेशन में थे, तृतीय श्रेणी की पोस्ट पर एडजस्ट किया गया था। अब उनको लखनऊ विकास प्राधिकरण के लॉ अफसर के पद पर नियुक्त कर इस पद पर कार्यरत अधिकारी को वापस जाने के आदेश भी जारी कर दिये गये थे। ऐसा आदेश पाने से वे झल्लाये बैठे थे। उन्होंने मेरे सामने ही उपाध्यक्ष को नोट भेजा-'सर! मेरी नियुक्ति माननीय उच्च न्यायालय के आदेश से हुई है इसलिए आपके आदेश को मानना मेरे लिए सम्भव नहीं है। वैसे भी मैं न्यायिक सेवा का अधिकारी हूँ। मैने सर्कुलर जारी कर दिया है कि मेरी अनुमति के बिना नए लॉ अफसर को कोई पत्रावली न भेजी जाए।'

वहां से उठ कर प्राधिकरण सचिव के पास गया-'सर !कुछ सूचना चाहिए?' 'जी,पूछिये ?'

'आपके प्राधिकरण में कितना लॉ ऑफिसर के पद स्वीकृत हैं, कितने लॉ ऑफिसर काम कर रहे हैं , उनकी नियुक्ति कब कैसे हुई, कितने आवेदन आये थे?'

'और ?'

'बस इतना कि नए लॉ ऑफिसर की पहली पे किस हेड से दी गयी?'

सचिव -'आप मेरे मित्र हैं।'

मैने लिखा-'आप मेरे मित्र हैं!'

'यह क्या लिख रहे हैं?'

'सर !जो आप जो बोल रहे हैं।'

वे उठकर मेरी बगल की कुर्सी पर आ गये बोले, 'थोड़ा समय दें प्लीज !'

मैं यह कहकर उठ गया कि दो चार दिन बाद जब सम्भव हो सूचना दे दीजिएगा। शाम को अखबार पहुंचकर सम्पादक जी को पूरा प्रकरण बताया । वे सुनकर मुस्कराए पर मौन रहे। शाम को उपाध्यक्ष जी का फोन आया-'अनूप जी !आप कई बार आये लेकिन सरकारी मीटिंग में बिजी रहने से बात नही कर सका। क्या आप अभी आ सकते हैं,एक कप बढ़िया चाय पीते हैं आपके साथ।'

'जी ,अभी सम्भव नहीं है सर! खबर लिखने का समय है,फिर जब कहेंगे आ जाऊंगा।'

'तो कल दिन में ?:

'नहीं,सर !विधान परिषद चल रही है।'

'परसों रखें ? जी खुद आ जाऊंगा सर। बिना चाय के भी बात हो सकती है। चाय इत्मीनान से जब भी आदेश करेंगे।'

और फोन बंद हो गया।

थोड़ी देर बाद,महापालिका प्रशासक और प्राधिकरण सचिव नमूदार हुए। सीधे न्यूज एडिटर के केबिन में चले गए। दस मिनट बाद विशेष संवाद दाता शिव सिंह सरोज जी उठ कर वहां गए। काफी देर बाद लौट कर मुझे घूरते रहे फिर बोले-'तुमहू मिल लो प्रशासक जी से।' 'लेकिन आप तो मिल लिए।' ' हाँ, पर आए हैं, तुमसे भी मिलने का मन है उनका। क्या हर्ज है।'

ठीक है,दादा ! खबर जरूरी है ,पूरी कर लूं।और उस दिन एक के बाद एक कुल मिलाकर सात आठ खबरें लिखीं। सरोज जी घूरते रहे।

फिर उठकर प्रशासक सिंह और प्राधिकरण सचिव मिश्र से मिलने गया। औपचारिक बात शुरू हुई, बोले- 'आपको कोई सूचना चाहिए थी तत्काल हमसे।'

'जी नहीं, अभी जरूरत नहीं है,काम उसके बगैर भी चल जाएगा।'

'यानी आप अब भी नाराज हैं।' 'कतई नहीं।' सिर्फ यह जताने का मन था कि किसी पत्रकार को निगलेक्ट करना उचित नहीं है। हम पत्रकार हैं, ब्लैक मेलर नहीं, पर नब्ज पकड़ना हमें भी आता है। हमारी गुस्ताखी और बेअदबी को माफ करें। बाद में पता चला कि लॉ ऑफीसर के पद का मामला भी निपटा लिया गया था।

कुछ साल पहले जब प्रेस क्लब में तत्कालीन मुख्य सचिव की हैसियत से आये तो वरिष्ठ पत्रकार श्री विक्रम राव जी मुझे उनसे मिलाते हुए बोले-'आपको याद है कभी अनूप श्रीवास्तव भी आपके जमाने मे रिपोर्टर हुआ करते थे।' श्री सिंह मुस्कराये- 'बड़े जोरदार रिपोर्टर थे।' तब अखबार कम जरूर थे पर उनमें छपी खबरें असर करती थीं। नगर विकास मंत्री ने एक सुबह शहर की सड़कों का जायजा लिया। सफाई व्यवस्था से असंतुष्ट होकर एक कड़ा नोट उन्होंने लिखवाया। बाद में मेरे नाम से उसे भेज दिया । महापालिका के तत्कालीन प्रशासक मंत्री जी के दौरे से खिन्न बैठे थे-पत्रकारों ने कहा, 'मंत्री जी ने कहा है सड़कों पर झाड़ू नहीं लग रही है।' उनकी नाराजगी भरी टिप्पणी थी- 'तो मंत्री जी झाड़ू लगवाएं !' समाचार सम्पादक ने कहा-छोटी खबर बना सकते हो। खबर पहले पन्ने पर बॉक्स में छपी-'तो मन्त्री जी झाड़ू लगवाएं।' दूसरे दिन सुबह खबर चस्पा होते ही फैल गयी और प्रशासक का तबादला हो गया।

पत्रकारों की सीमित संख्या होने के चलते राजनेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों में सीधा संपर्क रहता था। पत्रकारों से उनके अच्छे रिश्ते थे। हर सुख दुख से वे अवगत रहते थे। पत्रकारों की लगाम भी सम्पादक कसे रखते थे। मजाल नहीं थी किसी की। कोई भटका नहीं कि अखबार से खड़े खड़े छुट्टी कर दी जाती थी। मुझे याद है कि अंग्रेजी अखबार की एक महिला पत्रकार ने विशेष संवाददाता के निवास पर आयोजित कॉकटेल पार्टी में बियर पी ली। किसी ने उसमें व्हिस्की भी मिला दी। खबर सम्पादक तक पहुंची। महिला रिपोर्टर की अखबार ने छुट्टी कर दी।

हजरतगंज में एक पत्रकार का मकान एक दबंग और प्रभावी को एलाट कर दिया गया। पुलिस मकान खाली कराने पहुंची। जानकारी होते ही पत्रकारों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। स्थिति बिगड़ने पर एस एस पी भी मौके पर आए। बहस मुबाहिसे में तैश में आ गए और क्रोधित होकर एक पत्रकार को उन्होंने हाथ चला दिया। मामला बढ़ गया।

रात ढाई बजे मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी का फोन आया -पूछा क्या मामला था। मैंनेअनुरोध किया आप सोइये,सुबह होने पर आकर तफसील से बता दूंगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा- नहीं,अभी बताइए।

सुबहआठ बजे मुख्यमंत्री निवास पर प्रेस कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री ने सभी को सूचना दी कि एस एस पी लखनऊ को हटा दिया गया था । नया एस एस पी चार्ज लेने के बाद मुख्यमंत्री निवास में मौजूद था। ऐसी तमाम प्रकरण और उनसे जुड़ी घटनाएं चश्मदीद खबरे होती हैं और हम उनके प्रत्यक्ष दर्शी। हर पुराने पत्रकार की यादाश्त में ऐसी स्मृतियों को जखीरा भरा पड़ा है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, संपर्क 9335276946)**

# किसान को उसका हक मिलना चाहिए

## प्रसंगवश

**राजेश माहेश्वरी**



पिछले दिनों एक समाचार ने देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। ये समाचार महाराष्ट्र के एक किसान से जुड़ा था। महाराष्ट्र की सोलापुर मंडी में किसान राजेन्द्र तुकाराम चव्हाण अपनी प्याज की फसल बेचने गए थे। फसल का वजन पांच कुंतल से थोड़ा ज्यादा था। जब मंडी में प्याज का भाव मात्र 1 रुपए किलो देने की बात हुई, तो किसान को पहला झटका लगा। फिर ट्रांसपोर्ट, मजदूरी, माल ढुलाई और आढ़ती की कमीशन निकाल कर किसान को मात्र 2 रुपए का चेक दिया गया। वह भी 15 दिन बाद का था। अर्थात 512 किग्रा प्याज की कुल कीमत मात्र 2 रुपए! ये जमीनी सच्चाई है कि आजादी के 75 वर्षों में कई दलों की सरकारें आई और गई लेकिन किसानों की हालत में जितना सुधार होना चाहिए था वो नहीं हो सका। लेकिन सच्चाई यह है कि किसान की आमदनी बढ़ना तो दूर किसान को फसल की लागत भी नसीब नहीं हो पा रही है। मुनाफा तो स्वपन की बात ही है।

फरवरी 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था। ये डेडलाइन खत्म हो चुकी है। प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद 1984 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. अशोक दलवाई की अगुवाई में 13 अप्रैल 2016 को डबलिंग फार्मर्स इनकम कमेटी का गठन कर दिया गया. इसमें कसिान प्रतनिधि भी शामलि कए गए. दलवई कमेटी ने सितंबर 2018 में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी. आज पीएम कसिान स्कीम के तौर पर जो 6000 रुपये मलि रहे हैं उनमें इस कमेटी की भी भूमकि है.

किसानों की आय को लेकर नेशनल सैंपल सर्वे आगेर्नाइजेशन ने जो सबसे ताजा रिपोर्ट तैयार की है उसके मुताबकि भारत के कसिान परिवारों की औसत मासिक आय 10,218 रुपये तक पहुंच चुकी है. लेकिन इसमें फसलों से होने वाली आय का योगदान महज 3,798 रुपये ही है। इसमें से भी 2,959 रुपये तो वो फसल उत्पादन पर ही खर्च कर देता है। यानी खेती से उसकी शुद्ध आय सिर्फ 839 रुपये प्रतिमाह है। प्रतिदिन का हिसाब लगाएं तो लगभग 28 रुपये। अब आप खुद अंदाजा लगाइए कि किसानों की दशा कैसी है. कुछ बड़े किसान फायदे में हो सकते हैं, लेकनि 86 फीसदी छोटे किसानों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। उनकी आय सरकारी चपरासी जितनी भी नहीं है।

प्याज की तरह कहानी तेलंगाना में टमाटर किसानों की है। किसान कह रहे हैं कि जितना चाहिए, टमाटर तोड़ कर ले जाएं। प्याज, टमाटर के अलावा आलू ने भी यही क्रूर यथार्थ झेला है। कुछ और सब्जियों की भी यही नियति होगी! इन परिस्थितियों में किसान आत्महत्या नहीं करेगा, तो उसके सामने विकल्प क्या है? किसान अपने ट्रैक्टर तले फसलों को रौंद रहे हैं या सडकों पर फेंक रहे हैं। यह प्याज, टमाटर की बबार्दी नहीं है, बल्कि अर्थव्यवस्था को कुचलना है। प्याज किसान की आय 2 रुपए ही नहीं है। यह प्रतीकात्मक आंकड़ा है कि किसानी कितनी सस्ती है या कृषि की मंडी कितनी क्रूर है! हम और भारत सरकार बखूबी जानते हैं कि किसानी के बाजार में बिचौलियों का कितना दबदबा है! केंद्रीय खाद्य मंत्री रहते हुए रामविलास पासवान ने इस आशय का बयान देकर सरकार को चौंका दिया था। आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन एक और क्रूर यथार्थ सामने आया है।

एक पक्ष यह भी है कि किसानों की आमदनी अगर बढ़ी है तो खेती पर खर्च भी तेजी से बढ़ रहा है। नवंबर 2021 में सरकार ने बताया था कि हर महीने 10,218 रुपये कमाते हैं तो 4,226 रुपये खर्च हो खर्च हो जाते हैं। किसान हर महीने 2 हजार 959 रुपये बुआई और उत्पादन पर तो 1 हजार 267 रुपये पशुपालन पर खर्च करता है। यानी, किसानों के पास हाथ में 6 हजार रुपए भी पूरे नहीं आते। इतनी कम कमाई के चलते ही किसान कर्ज लेने को मजबूर हो जाता है। साल 2021 में वित्त मंत्रालय ने बताया था कि 31 मार्च 2021 तक किसानों पर 16.80 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज बकाया है। उस समय वित्त मंत्रालय ने ये भी साफ कर दिया था कि किसानों की कर्ज माफी करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।

भारत में प्याज की 150 लाख टन से ज्यादा की खपत है और उत्पादन 200 लाख टन से ज्यादा हुआ है। इसके बावजूद प्याज आयात किया जाता रहा है। हम इस धंधे को समझ नहीं पाए हैं। फिलीपींस में 3512 रुपए किलो प्याज बिक रहा है। अमरीका में 240, दक्षिण कोरिया में 250, ताइवान और जापान में 200, कनाडा में 190 और सिंगापुर में 180 रुपए प्रति किलो प्याज बिक रहा है। यदि हम अपने ही खुदरा बाजार की बात करें, तो औसतन 30-35 रुपए के दाम हैं। तो फिर किसान को उसकी फसल के सही भाव क्यों नहीं दिए जा रहे?

देश के अधिकतम औसत आय वाले पहले पांच राज्यों में दो राज्य पूर्वोत्तर के हैं। देश में किसानों की न्यूनतम मासिक आय वाला राज्य झारखंड है जहां किसानों की मासिक आय मात्र 4,895 रुपये है। यानी राष्ट्रीय औसत से भी लगभग आधी। ओडिशा में 5,112 रुपये, पश्चिम बंगाल में 6,762 रुपये और बिहार में 7,542 रुपये मासिक है। देश के दस राज्यों में किसानों की मासिक आय राष्ट्रीय औसत आय यानी 10,218 रुपये से भी कम है। तो कुछ राज्यों में राष्ट्रीय औसत आय से नाम मात्र ज्यादा है। उदाहरण के तौर पर उत्तर प्रदेश में किसानों की औसत आय 8,061 रुपये है। यानी वर्ष 2015-16 राष्ट्रीय औसत से मात्र 3 रुपये की वृद्धि हुई और फिलहाल की राष्ट्रीय औसत से 2,157 रुपये कम है। ये आंकड़े बता रहे हैं कि देश के किसानों की स्थिति बदहाल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए जून 2018 में राज्यपालों की हाई पावर कमेटी भी गठित की थी। यूपी के तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक इसके अध्यक्ष बनाए गए थे। कमेटी ने अक्टूबर 2018 में अपनी रिपोर्ट तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को सौंप दी थी। रिपोर्ट में 21 सिफारिशें की गईं थीं। इसमें मनरेगा को कृषि से जोड़ने की बात भी थी, जिसका किसान संगठन लंबे समय से मांग कर रहे हैं। साथ ही जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए विशेष कृषि जोन बनाकर वहां की जलवायु के मुताबिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया था। लेकिन यह रिपोर्ट अब तक लागू नहीं हुई।

भारत में किसान की औसत आय 27 रुपए रोजाना की है। यह नीति आयोग का तथ्य है। माहवार आय भी 4500 रुपए के करीब है। किसान 5500-6000 रुपए मजदूरी बगैरह करके कमाता है। क्या कृषि के मौजूदा बाजार के व्यवहार से स्पष्ट है कि किसान को किसानी छोडने पर विवश किया जा रहा है? क्या सरकार और मंडी किसानों को आंदोलन की सजा दे रही है? सरकार प्याज और टमाटर के भी भाव तय क्यों नहीं कर रही कि उससे कम पर फसल बिकेगी ही नहीं।

किसानों को मंडी के बजाय विदेश में निर्यात क्यों नहीं करने दिया जा रहा? और आयात की क्या जरूरत है, जब नैफेड के कोल्ड स्टोरेज या गोदामों में प्याज भरा रखा होता है? बेहद पेचीदा नीतियां हैं सरकार की! विडंबना यह भी है कि सरकार उद्योगों में पूंजी निवेश करती है, लेकिन किसानी को कुदरत और मौसम के भरोसे छोड़ देती है। बेल-आउट पैकेज भी उद्योगों के लिए हैं। यह मेहरबानी खेती पर नहीं है। जब देश आजादी का ह्यअमृतकालह्न मना रहा है तो सरकार को किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाने चाहिएं।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

## शोध कथा

जब तक तुम्हारा शोध कार्य/पूरा नहीं हो जाता/ तुम मेरे बंधुआ मजदूर हो
तुम्हें मेरे श्वानों की देखभाल करनी है /बच्चों को स्कूल पहुंचाना है/ फूलों की क्यारियां सीचनी है
सुबह शाम चरण स्पर्श की/ प्रथा निभानी है/इसमें किसी तरह की चूक/ क्षम्य नहीं है
शिष्य का प्रथम कर्तव्य गुरू/ को प्रसन्न रखना है/ उसकी खेती के लिए बैल/ बन जाना है
तुम्हें आरुणि की कथा तो याद/ ही होगी जो खेत का पानी/ रोकने के लिए मेड़ बन गया था
एकलव्य ने तो गुरु दक्षिणा में/ अपना अंगूठा दान में दे दिया था
हमारे प्रचीन ग्रन्थ इस तरह की/दिव्य कथाओं से भरे हुए हैं
तुम मेरे लिए वह ही कर रहे हो/ जो मैंने अपने गुरू के लिये किया था
इस अनवरत परम्परा का हमें/ पालन करना है/इससे बनी रहती है विशिष्टता
आचार्य पद प्राप्त करने के लिए/बहुत सी कसौटियों से गुजरना/ पड़ता है
सोना तब तक खरा नही होता/ जब तक आग में तपता नही है
कोयले को हीरा बनने के लिए कई/ अग्निपरीक्षाओ से गुजरना पड़ता है
मैं जानता हूँ जब तुम्हें आचार्य पद की/ प्राप्ति हो जाएगी ,उसके बाद तुम मुझे/ भूल जावोगे
लेकिन जब तक तुम मेरे शरण में हो/ मैं तुम्हें दीक्षित करने के उत्तरदायित्व का/ निर्वाह करता रहूंगा ।



**- स्वप्निल श्रीवास्तव**

## व्यंग्य



# रंगे सियारों की होली

**श्रवण कुमार उर्मलिया**

बसंत के बाद अब इस हरजाई होली का इंतजार है। हम पेंशनभोगी प्रजातियों के जीवन में बस एक यही तो सुख बचा है। घरों में अवांछित रद्दी पेपर से पड़े हुए हम बेसब्री से होली का इंतजार करते हैं कि अपने जीवन के इस अवसानकाल में हम भी अपने मन को थोड़ा फागुन-फागुन कर लें। साल भर किसी तरह पतंजलि का मूसली पाक और डाबर च्यवनप्रकाश खाकर खुद की उम्र को आगे ढकेलते हुए हम सब संस्कारी कछुओं के जैसा जीवन जीते हैं। जब हवा-पानी की जरूरत महसूस हुई तो गर्दन जरा सी बाहर निकाली और फिर भीतर अपने आप में सिमट गए। इसलिये मन करता है कि हम भी होली के रंगों और भंग की तरंग में डूबकर जिंदगी को थोड़ा जी लें।

इस वर्ष होली पर मुहल्ले में जब से 'रंगा सियार' प्रतियोगिता की घोषणा हुई है, रंगे सियारों में अभूतपूर्व उत्साह दिख रहा है। मोहल्ले में हर प्रकार और हर वर्ग के रंगे सियार मौजूद हैं। एक तरफ जहां धूर्त, लुच्चे, नासपीटे, कमीने वेरायटी के रंगे सियार हैं वहीं दूसरी ओर धर्मनिरपेक्ष और कम्युनल वर्ग के रंगे सियार भी हैं। अवसरवादी और देशद्रोही रंगे सियारों की भी बड़ी तादाद है। अचानक नैसर्गिक प्रतिभा वाले रंगे सियारों का भाव बढ़ने लगा है।

होली के दिन मंच सजा था। सभी प्रतियोगियों को दो मिनट में अपनी दावेदारी पेश करनी थी। प्रतियोगी मंच पर आते गए और अपनी बात रखते गए। किसी ने कहा, 'मुझसे बड़ा रंगा सियार आपको कहाँ मिलेगा ? मैं लोगों को माँ-बाप की इज्जत करने की सीख देता हूँऔर खुद के माँ-बाप को मैंने ओल्ड-एज होम में फेंक रखा है।' किसी और ने कहा, 'मेरी प्रतिभा से आप सब दंग रह जाएंगे। घर के बाहर मैं चुन चुन कर महिलाओं की इज्जत करता हूँ, पर घर लौटकर अपनी पत्नी को प्यार और सम्मान के साथ पीटता हूँ।'

एक और रंगा सियार बोला, 'मेरी जैसी प्रतिभा दुर्लभ है। मैं अपने घर का कचरा पड़ोसी के घर फेंककर एकदम इनोसेंट बन जाता हूँ।' उसका पड़ोसी बोला, 'इस मामले में मैं इसका बाप हूँ। मैं अपने कुत्ते को इसी के घर चुपके से पॉटी करा आता हूँ।₹ मुहल्ले के सबसे शरीफ आदमी ने कहा, 'मुझसे गुणवान रंगा सियार आज तक पैदा नहीं हुआ होगा। मैं ही घर का भेदिया हूँ। मुहल्ले में होने वाले बच्चों की पैदाइश और शुभ कार्यो की सूचना मैं ही हिजड़ों को देता हूँ।' एक ने तो यहां तक कह दिया, 'यहां की हिजड़ा-टीम का मैं बाकायदा एक सदस्य हूँ और उनके साथ नाच-मटककर बख़्शीश झटकता हूँ। अब आप ही सोचिए मेरी प्रतिभा के विषय में ?' अंत में एक अनोखा प्रतियोगी आया जिसकी एक टांग टूटी हुई थी। वह व्हील-चेयर पर सवार होकर मंच पर पधारा। उसे देखकर निर्णायक-मंडल के सदस्य हंसे, 'हुजूर, यह रंगा सियार प्रतियोगिता है, लंगड़ा सियार प्रतियोगिता नहीं !'

प्रतियोगी ने कहा, 'जानता हूँ महानुभाव, पर क्या करूँ ? विपक्ष ने मेरी टांग तोड़ने के बाद सोचा कि मुझे प्रतियोगिता से बाहर करवा देंगे। पर रंगे सियार की मेरी दावेदारी को खत्म करना इतना आसान नहीं है।' दर्शक दीर्घा में सत्ता-पक्ष के समर्थक तालियां बजाते हुए वाह-वाह कर उठे। तभी मंच पर दोनों टांगों से लंगड़ा प्रतियोगी जबरन चढ़ बैठा और बोला, 'आदरणीय सदस्यो, यह झूठ बोल रहा है कि हमने इसकी टांग तोड़ी। सच्चाई तो यह है कि सिम्पैथी लेने के लिए इसने खुद ही अपनी टांग तोड़ ली है।' निर्णायक मंडल के अध्यक्ष ने पूछा, 'डबल-लंगड़े आप कौन हैं, महोदय ?' दोनों टूटी टांगों वाले सज्जन बोले, 'महानुभावो, मैं विपक्ष का प्रतियोगी हूँ। ये सत्ता-पक्ष वाले खुद को बहुत बड़ा रंगा सियार समझते हैं। इसलिये इनको पटखनी देने के लिए मैंने अपनी दोनों टांगें तोड़ ली।' उसकी बातें सुनकर सभा मे उपस्थित विपक्ष वाले 'जीत गया भई, जीत गया !!' के नारे लगाकर हंगामा करने लगे। उनके विरोध में सत्ता-पक्ष वालों ने उनपर आक्रमण कर दिया। देखते ही देखते प्रतियोगिता-स्थल पानीपत का मैदान बन गया।

आयोजक ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त करते हुए कहा, 'आज की रंगा सियार प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इतने टैलेंटेड लोगों के बीच किसी एक को बेस्ट रंगा सियार घोषित करने का अपराध हम नहीं कर सकते। इसलिए बुरा न मानो होली है !'

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क. 9999903035)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# अधिकारियों ने किया गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण

**जनसंदेश न्यूज**

**संजरपुर आजमगढ़।** एडीओ पंचायत व समाज कल्याण अधिकारी ने मिजार्पुर ब्लाक क्षेत्र क मनरा गांव में स्थित अस्थायी गोवंश का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पशुओं की देखरेख व हरे चारे की व्यवस्थ सुदृढ़ पायी गयी। मिजार्पुर ब्लाक के मनरा गाव में अस्थायी गोवंश आश्रय अस्थल में रविवार को एडीओ पंचायत व समाज कल्याण अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया।


पशुओं का हरा चारा खिलाते कर्मचारी

इस दौरान वहां पर पचास पशु मौजूद थे जिसमें निगरानी कर रहे राम किशुन, प्रेम प्रकाश से जानकारी हासिल की इस दौरान दोनों लोगों ने बताया कि दिन में तीन बार साफ सफाई की जाती है साथ ही हरे चारे व चुन्नी भूंसा व अनमोल पशु आहार भी पशुओं को दिया जाता है वही बगल में हरे चारे की बुवाई भी की गई है उसी को प्रतिदिन काट कर पशुओं को दिया जाता है।

# हाथी-घोड़े के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

**रुद्र महायज्ञ**

### नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

### जयकारों से गुंजायमान हुआ अजमतगढ़ कस्बा

**जनसंदेश न्यूज**

**अंजानशहीद आजमगढ़।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के अजमतगढ़ कस्बा में नौ दिवसीय रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। 501 कुंवारी कन्याओं ने कलश यात्रा निकाली। हाथी घोड़ा के साथ डीजे पर जयकारों से अजमतगढ़ कस्बा गुंजायमान हुआ।

रुद्र महायज्ञ की कलश यात्रा का शुभारंभ विधि-विधान पूर्वक यज्ञाचार्य बाबा जयराम दास के द्वारा महाकाली मंदिर जमीन मेघई नरायना से 501 कुंवारी कन्याओं के द्वारा कलश लेकर निकली जो अजमतगढ़ कस्बा का भ्रमण करते हुए हाथी घोड़ा से सुसज्जित कलश यात्रा डीजे से भक्ति गीतों की धुन पर जयकारा लगाते हुए सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए पूरा कस्बा जय श्रीराम के नारों के जयकारों से गुंजायमान हो उठा कलश यात्रा मुकुंदचंद नगर, मछली शहर होते हुए पक्की बावड़ी पर कलश यात्रा का समापन हुआ जहां विधि विधान पूर्वक कलश भरकर काली मंदिर पर यात्रा समाप्त हुई जहां यज्ञाचार्य बाबा जयराम दास जी मंत्रोंच्चारण के साथ विधि-विधान पूर्वक यज्ञ मंडप की स्थापना कर यज्ञ का शुभारंभ किया इस दौरान यज्ञ आयोजक मंडल के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर में भागवत कथा पंडित ललित जी महाराज व नंद किशोरी के द्वारा किया जाएगा वहीं शाम को वृंदावन से आए हुए कलाकारों के द्वारा रासलीला का मंचन होगा। वहीं 19 मार्च को रुद्र महायज्ञ की पूणार्हुति व भंडारा का आयोजन किया गया है कलश यात्रा में मुख्य रूप से अजय साहनी, टप्पू सिंह, दिवाकर सिंह, अतुल सिंह, रविंद्र सिंह, अभिषेक, चंदन, शिवम राय, धर्मेंद्र सोनकर, बंटू सिंह, चुन्नू सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय कस्बा के लोग सम्मिलित रहे।


यज्ञ के लिए कलश में जल भरकर जाती कन्याएं।

# घटना के बाद जागी पुलिस ने ढाबे की कराई पैमाइश

## ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राहुल रुसिया के निर्देश पर हुई पैमाइश

**जनसंदेश न्यूज**

**अंजानशहीद आजमगढ़।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के आजमगढ़ गोरखपुर मुख्य मार्ग पर जमसर गांव के सामने रॉयल ढाबा पर शुक्रवार को प्रेमी ने प्रेमिका को गोली मारकर घायल कर दिया था वही खुद को शौचालय में बंद कर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। मौत की घटना के बाद ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राहुल रसिया के निर्देश पर प्रशासन ने रॉयल ढाबा की हुई पैमाइश बिंदुवार जांच शुरू हुई।

शुक्रवार को दिन में प्रेमी विशाल पुत्र शिवबचन 22 साल निवासी जम्मनपुर लाटघाट जो मैना देवी महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था बीटीसी छात्रा संजू पुत्री बरखू पटेल को बाइक से लेकर रॉयल ढाबा पर पहुंचा जहां ढाबे पर प्रेमिका की शादी सुनिश्चित हो जाने को लेकर कहासुनी के बाद प्रेमिका के ऊपर फायर झोंक दिया जिसमें प्रेमिका घायल हो गई वही ढाबा संचालक व कर्मचारी मौके पर दौड़कर पहुंचे तो प्रेमी विशाल ने भागकर अपने को शौचालय में बंद कर दिया और अपने दाहिने कान के पास गोली मारकर आत्महत्या कर ली सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पिता की तहरीर पर प्रेमी विशाल पर प्रेमिका की जान मारने की नियत से फायर करने पर जीयनपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा पंजीकृत कर लिया था वही प्रीति प्रेमिका का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है जो खतरे से बाहर है। घटना के बाद जागी पुलिस ने उच्चाधिकारी ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राहुल रुसिया के निर्देश पर रॉयल ढाबा पर शिकंजा कसने के लिए ढाबे की पैमाइश कराई गई राजस्व निरीक्षक विनोद गुप्ता के नेतृत्व में हरीश पटेल व सुनील पटेल राजस्व कर्मी को लेकर जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय व लाटघाट चैकी इंचार्ज सौरभ कुमार सिंह सहित पुलिस बल की मौजूदगी में ढाबे की पैमाइश की गई जिसके बाद राजस्व टीम के प्रभारी विनोद गुप्ता ने लिखित रिपोर्ट जीयनपुर पुलिस को सौंपी वही जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने बताया कि रॉयल ढाबा संचालक मनीष राय से ढाबे का रजिस्ट्रेशन, जीएसटी सहित बिंदुवार जांच शुरू की गई व संचालक से जरूरी कागजात मांगा गया इस दौरान प्रशासन द्वारा पैमाइश से ढाबा संचालकों में हड़कंप मचा रहा जीयनपुर व आस-पास क्षेत्र में लोग भांति-भांति की चर्चा करते रहे।


ढाबा की पैमाइश करती राजस्व टीम।

# अपराधी के अतिक्रमण को पुलिस ने किया ध्वस्त


मौके जुटी पुलिस व स्थानीय लोग।

**जनसंदेश न्यूज**

**रानीकीसराय आजमगढ़।** थाना क्षेत्र को कोटिला मे बंजर भूमि पर अबैध कब्जा जमाए टापटेन अपराधी के अतिक्रमण को पुलिस टीम ने शनिवार को देर शाम ध्वस्तीकरण कराया। सरकारी दर से भूमि की कीमत 54 हजार बताई जा रही हैं।

कोटिला निवासी नसीम और इरशाद ने गाव मे ही भीटे की भूमि पर अबैध कब्जा जमा कर अतिक्रमण किया था। 4मार्च को जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व टीम और पुलिस ने कब्जा मुक्त की नोटिस चस्पा की थी।

एक सप्ताह मे कब्जा न हटने पर पुलिस कप्तान के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिह द्वारा राजस्व टीम के साथ शनिवार को जेसीबी द्वारा ध्वस्तीकरण कर अबैध कब्जा मुक्त कराया।थाना प्रभारी ने बताया कि दोनो ही थाने के टापटेन अपराधी है।इन पर गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है।

# संत निरंकारी मिशन की महिलाओं ने विद्यालय परिसर को किया साफ

**जनसंदेश न्यूज**

**रानीकीसराय आजमगढ़।** कंपोजिट सरायमीर में शिक्षक अभिमन्यु यादव के नेतृत्व में विद्यालय में सुन्दरीकरण कार्य के लिए रविवार को समाजसेवी भी आगे आये। संत निरंकारी मिशन की महिलाओं ने विद्यालय परिसर की सफाई की

शिक्षा की बगिया को सवारने के लिए अभियान के तहत संगठनों ने पूरे प्रांगण मे फूल लगाने के लिए क्यारी बनाई। कंपोजिट विद्यालय में बाउंडरी वॉल न होने के कारण सुन्दरीकरण का कार्य नही हो पा रहा था। विद्यालय का प्रांगण बड़ा होने के कारण सुन्दरीकरण का कार्य चुनौतीपूर्ण था। ऐसे में अभिमन्यु और उनकी टीम ने समाज का सहयोग लेकर विद्यालय प्रांगण को सजाने का निर्णय लिया। इसी क्रम में रविवार को संत निरंकारी मिशन, बच्चो और अभिभावकों के साथ प्रातः काल से सफाई अभियान का कार्य शुरू हो गया। संत निरंकारी मिशन के लोग अपना फावड़ा कुदाल, झाडू आदि लेकर अभिमन्यु के अभियान में लग गये। समाजसेवा मे शिक्षा की बगिया सवारने के अभियान मे कोई पीछे नही रहा। दोपहर होते होते विद्यालय में भूमि समतली करण, तथा क्यारी का कार्य पूर्ण हो गया। अभिमन्यु यादव ने बताया कि विद्यालय अपनी छात्र संख्या और शैक्षिक गुणवत्ता के लिए जाना जाता है। छात्र संख्या और भौतिक सुविधाओ से पूर्ण करने के उपरांत सुन्दरीकरण का कार्य चुनौतीपूर्ण था मेरे अह्ववांन पर समाज के काफी लोग इस अभियान को अपना समर्थन दे रहे है। जल्द ही विद्यालय नये कलेवर में सबके सामने होगा। मिशन के पन्ना लाल ने कहा कि सामाजिक सरोकार से बडा कुछ नही। इस कार्य मे निरंकारी मिशन के पन्नालाल, जितेंद्र, सूबेदार, दयाराम, शैलेष प्रजापति, महमूद उल हसन, विद्यालय के छात्र आर्यन, आदित्य, प्रांजल, सनी, अस्थाना आदि छात्र मौजूद रहे। उक्त विद्यालय शैक्षिक गुणवत्ता को लेकर जनपद मे विशिष्ट स्थान में जाना जाता है।


विद्यालय परिसर की सफाई करती संत निकारी मिशन की महिलाएं।

# पुलिस ने टॉप टेन अपराधी के घर कराई पैमाइश

**कार्रवाई**

### उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रिपोर्ट प्रेषित

**जनसंदेश न्यूज**

**अंजानशहीद आजमगढ़।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के टॉप टेन अपराधी के घर पर पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पैमाइश कराकर रिपोर्ट प्रेषित कर दी।

जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के टॉप टेन अपराधी संतोष यादव पुत्र रामहित यादव निवासी टड़वा सरफुद्दीनपट्टी जो जीयनपुर थाने पर एचएस 16 ए से जाना जाता है संतोष यादव के घर उनके नाम से दर्ज भू-भाग गाटा संख्या 588 में. 444 हेक्टेयर, चुनूगपार में गाटा संख्या 114 में 0.135 हेक्टेयर, गाटा संख्या 92 में 0.185 हेक्टेयर, गाटा संख्या 184 में 0.10 हेक्टेयर, गाटा संख्या 196 में 0.113 हेक्टेयर, गाटा संख्या 198 में 0.048 हेक्टेयर, गाटा संख्या 273 में 0.73 हेक्टेयर, गाटा संख्या 255 में 0.143 हेक्टेयर की पैमाइश देर शाम को जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय व एस एसआई देवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में जीयनपुर थाना की पुलिस बल के साथ राजस्व टीम के प्रभारी अनिल कुमार लेखपाल राम सागर सोनी अमित कुमार कैलाश यादव के साथ पहुंचकर उनके घर व उनके नाम से दर्ज भूमि का उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आधा दर्जन से अधिक गाटा की पैमाइश की गई वही गांव में किसी भी सरकारी भूमि पर अपराधी के द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया है कि नहीं की जांच की गई जिसकी विस्तृत रिपोर्ट राजस्व टीम से लेकर जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने उच्चाधिकारियों को प्रेषित की विदित हो जीयनपुर थाने पर टॉप टेन अपराधी के ऊपर वर्ष 1995 में पहला मुकदमा एससी एसटी का दर्ज हुआ जिसके बाद उनके ऊपर हत्या के प्रयास, एनडीपीएस, आर्म एक्ट, गुंडा व गैंगस्टर एक्ट सहित कुल 9 गंभीर मुकदमा जीयनपुर थाने पर पंजीकृत हैं। पुलिस व राजस्व टीम के साथ संयुक्त रूप से पैमाइश को लेकर गांव में हड़कंप मचा रहा वही लोग आपस में भांति-भांति की चर्चा करते रहे।


पुलिस बल के साथ टॉप टेन अपराधी के घर पैमाइश करती राजस्व टीम

# खेल से शारीरिक और मानसिक दोनों का होता है विकास : अनिल

**संबोधन**

### नीमा ब्लू ने जीता मैच और ट्रॉफी

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम में नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) द्वारा आयोजित क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनिल चतुर्वेदी जीएम चीनी मिल सठियांव, विशिष्ट अतिथि कौशल कुमार सिंह ‍मुन्ना राय‍ पूर्व डायरेक्टर चीनी मिल सठियांव, डॉ. डी.डी. सिंह पूर्व अध्यक्ष नीमा ने फीता काटकर किया।

मुख्य अतिथि अनिल चतुर्वेदी ने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक दोनों विकास एक साथ होता है। खेल हमारे शरीर को ऊर्जा से भर देते हैं, जिसके फलस्वरूप हम दिन भर तरोताजा बने रहते हैं। सभी चिकित्सकों का आवाहन करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी को रोज कम से कम एक घंटा अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए देना चाहिए, उसके लिए आप कोई खेल खेल सकते हैं, व्यायाम कर सकते हैं, योग, प्राणायाम कर सकते हैं। इससे आप लंबे समय तक फिट बने रह सकते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को अच्छे खेल की शुभकामना दी। मैच से पहले मुख्य अतिथि द्वारा दोनों कप्तान के बीच टॉस किया गया, जिसे नीमा ब्लू के कप्तान डॉ. शाहनवाज ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नीमा ब्लू ने पांच विकेट खोकर 97 रन बनाए, जिसका पीछा करते हुए नीमा रेड ने 82 रन ही बनाए, जिससे नीमा ब्लू ने पहला मैच आसानी से जीत लिया। फाइनल मैच नीमा ब्लू और नीमा ग्रीन के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए नीमा ब्लू ने निर्धारित 8 ओवर में 82 रन बनाए। जिसका पीछा करते हुए नीमा ग्रीन ने बड़े संघर्ष के बाद निर्धारित 8 ओवर में 78 रन ही बना सके। जिसके परिणाम स्वरूप नीमा ब्लू द्वारा रोमांचक मैच जीत लेने के कारण उसे विजेता घोषित किया गया और नीमा ग्रीन को उप विजेता घोषित किया गया। विजेता ट्रॉफी नीमा ब्लू के कप्तान डॉ. शाहनवाज को दिया गया। नीमा ग्रीन के कप्तान डॉ. आर.पी. सिंह को उप विजेता ट्रॉफी से ही संतोष करना पड़ा। कार्यक्रम के अंत में संयोजक डॉ. डी.डी. सिंह ने जिले भर से आए हुए नीमा चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। सभी खिलाड़ियों के खेल भावना की तारीफ करते हुए कहा कि जल्द ही नीमा आजमगढ़ की टीम का मुकाबला आजमगढ़ डेंटल एसोसिएशन की टीम से खेला जाएगा।


ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के सदस्य।

# भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट टीम में जनपद के लाल को खेलने का मिला मौका

**भागीदारी**

### डेब्यू मैच में ही बेस्ट फील्डर का मिला अवार्ड

**आजमगढ़।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के धौराहरा निवासी आदिल पुत्र खालिद का भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट टीम में चयन के बाद चल रहे भारत-बांग्लादेश दिव्यांग मैत्री क्रिकेट मैच में तीसरे मैच में उन्हें डेब्यू करने का मौका मिला। अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में बेस्ट फील्डर का अवार्ड मिला। अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने पर परिवार गांव व जनपद में खुशी का माहौल रहा।

मोहम्मद आदिल पुत्र खालिद निवासी धौराहरा जो बचपन में क्रिकेट खेलते समय अपना दोनों पैर गवां चुके क्रिकेट के प्रति दीवानगी से भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट टीम में चयनकताओं ने उन्हें शामिल किया। गुजरात के लाल भाई स्टेडियम सूरत में 9 से 11 मार्च तक आयोजित भारत बनाम बांग्लादेश मैत्री दिव्यांग 20-20 मैच में 15 खिलाड़ियों में चयन हुआ हैं। परिवार व जनपद के लोग आदिल के अंतरराष्ट्रीय डेब्यू का इंतजार कर रहे थे, आदिल को पहले और दूसरे मैच में मौका नही मिला, लेकिन आखिरी मैच में आदिल ने बांग्लादेश के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया। और अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में ही बेस्ट फील्डर का अवार्ड अपने नाम कर लिया। आदिल को टीम में विकेटकीपर के तौर पर खिलाया गया, जहा उन्होने लाजवाब प्रदर्शन करते हुए बेहतरीन कैच पकड़ा। जिससे आदिल को बेस्ट फील्डर का अवार्ड दिया गया। वही उनकी इस कामयाबी से परिवार गांव व जनपद के लोग बेहद खुश हैं।


खिलाड़ी आदिल को डेमो चेक देते मुख्य अतिथि

## संक्षेप

### अजमतगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हेल्थ कैंप



**अंजानशहीद आजमगढ़।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के अजमतगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य मेला हुआ आयोजित 133 आयुष्मान कार्ड धारकों की गई स्क्रीनिंग अजमतगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शारदा मल्टीस्पेशल्टी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर के डॉक्टर व कर्मचारियों ने पहुंचकर इलाज किया। अजमतगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया जिसमें आयुष्मान कार्ड धारकों की निःशुल्क जांच व परामर्श दिया गया स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ पूर्व भाजपा जिला मंत्री दिवाकर सिंह व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी प्रदीप ने फीता काटकर किया इस दौरान अजमतगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शारदा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर के डॉक्टर शैलेंद्र राय, डॉक्टर सूर्यभान स्टाफ नर्स करीना यादव मनीष, विजय पांडेय आदि कर्मचारियों ने पहुंचकर मेले में आए हुए 133 आयुष्मान कार्ड धारकों की स्क्रीनिंग की गई इस दौरान उनकी रक्तचाप ईसीजी ब्लड टेस्ट सहित विभिन्न बीमारियों की पहचान कर उन्हें निःशुल्क परामर्श व इलाज दिया गया। स्वास्थ्य मेले में 100 से अधिक बिना आयुष्मान कार्ड धारक ने भी पहुंचकर स्वास्थ्य मेले में अपनी जांच व इलाज करायी अपने अपने गांव से आयुष्मान कार्ड धारकों को लेकर आशा पहुंची थी वही अजमतगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉक्टर ममता राय, डॉक्टर अशोक, डा दिलबर बीपीएम मिश्रा सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

### ग्लूकोमा के प्रति किया गया जागरूक



**तरवां आजमगढ़।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरवा पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निदेर्शानुसार एडिशनल सीएमओ डॉक्टर उमा शरण पांडे और चिकित्सा प्रभारी तरवा डॉक्टर देवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्लूकोमा बीमारी को लेकर अभियान चलाया गया। सर्वप्रथम एडिशनल सीएमओ ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया मौके पर सैकड़ों की संख्या में आशा संगिनी, सी एच ओ सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। शासन के निदेर्शानुसार 12 से लेकर 18 तक ग्लूकोमा सप्ताह का अभियान चलाया गया है। ग्लूकोमा आंख की एक साइलेंट बीमारी है । जो धीरे-धीरे आँख को कवर कर लेती है यह गंभीर बीमारी है । डॉक्टर उमा शरण पांडे ने बताया कि आशा संगिनी तथा अन्य स्टाफ के माध्यम से लोगों मे जागरूकता फैलाने का काम किया जाएगा जिसके इलाज के लिए चक्रपानपुर सहित जिले के अस्पताल पर पूरा प्रबंध किया गया है। सरकार इस बीमारी को लेकर काफी गंभीर है चिकित्सा प्रभारी डॉ देवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में समय-समय पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरवा पर टीकाकरण अभियान चलाया जाता है।

### अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अधिकारों की दी जानकारी



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** अहिरौला ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय गोपाली पट्टी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान बिलारी के द्वारा किया गया। संस्थान की वरिष्ठ कार्यकर्ता जान्हवी दत्त ने बताया गया कि तरंग परियोजना के अंतर्गत अहिरौला ब्लॉक के 10 ग्राम पंचायत में 316 किशोरियां नामांकित की गई है, जिन्हे मासिक बैठक के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, माहवारी, जेंडर, अधिकार एवं संविधान के मूल्यो पर जानकारी दी जाती है। इसी क्रम में आज अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह दिन बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है इस दिन स्कूलों ,कॉलेजों में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, सभी कार्यक्रम महिलाओं के सम्मान में ही किए जाते हैं। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और महिलाओं के खिलाफ किसी भी तरह के भेदभाव को खत्म करने का प्रयास करता है। इस दिन का उद्देश्य जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति प्यार और आभार व्यक्त करना है। मुख्य अतिथि थाना अतरौलिया के उपनिरीक्षक रविंद्र प्रताप यादव अपने संबोधन में किशोरियों, महिलाओं को बताया कि अब समय बदल गया है हमें जागरूक होना है अपनी लड़ाई खुद लड़नी है। हम लड़ेंगे तभी जीतेंगे आज के समय में महिलाओं के लिए कई प्रकार की हेल्पलाइन जैसे 1090,1098, 112, 181 है जिसे हम आपात स्थिति मे प्रयोग कर सकते हैं ,हमारे साथ किसी तरह का गलत कार्य किया जाता है तो हमें तत्काल हेल्पलाइन का प्रयोग करना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय महिला महिला दिवस को महिला प्रतिरोध दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस अवसर पर बंदना, ज्योति, गर्ल आइकन आरुषि राव, शालू, आराधना, श्वेता ने महिला दिवस पर विभिन्न प्रकार से गीत एवं भाषण के माध्यम से महिला दिवस पर अपने विचार रखें आज के कार्यक्रम में 127 किशोरियां, महिलाओं में भाग लिया।

### अवैध गांजा के साथ दो शातिर तस्कर गिरफ्तार



**तरवां आजमगढ।** तरवां थाना पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया पुलिस ने दोनो आरोपियों को सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष बसन्तलाल मय हमराह द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमण के दौरान भरथीपुर तिराहे पर पहुचकर संदिग्ध व्यक्ति, संदिग्ध वाहनो की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग में एक वाहन परमानपुर की तरफ से तेज गति से आता हुआ दिखायी दिया। जिसे पुलिस टीम द्वारा टार्च की रोशनी देकर रुकने का इशारा किया गया। इसपर वाहन सवार द्वारा पीछे मुडकर भागने के प्रयास के दौरान गाड़ी रुकवाकर उन्हे गाड़ी से नीचे उतारकर पकड लिया गया। पूछताछ करने पर चालक राजू गुप्ता पुत्र त्रिवेणी गुप्ता उर्फ झिंगाड़ी निवासी पल्हना बाजार थाना देवगांव। त्रिवेणी गुप्ता उर्फ झिंगाड़ी पुत्र स्व मद्दी गुप्ता निवासी पल्हना बाजार थाना देवगांव बताया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 40 किलो 800 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया तथा बरामद वाहन वैगनार को 207 एमवी एक्ट में सीज किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सम्बधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार



**आजमगढ़।** सरायमीर थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा अपराधियो व वाँछितो की गिरफ्तारी। हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को मुखबिर खास की सूचनां पर बस्ती नहर पुलिया बहद ग्राम बस्ती के पास से अभियुक्त सूरत गुप्ता पुत्र केशव गुप्ता ग्राम बीबीगंज थाना दीदारगंज को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त की तलासी ली तो उसके पास से एक अवैध तमन्चा 0.315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस 0.315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने अभियुक्त को सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।

### राष्ट्रपति के अभिभाषण पर संगोष्ठी का आयोजन

**बिलरियागंज (आजमगढ़)।** स्थानीय विकासखण्ड के झारखंडेय महादेव मंदिर झारखंड के प्रांगण में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा के जिला पंचायत सदस्य रामपाल सिंह ने अपनी बातें रखी और भाजपा की बूथ सशक्तिकरण के लिए कार्यकताओं को जागरूक किया। अध्यक्षता शैलेंद्र तिवारी व संचालन दीपक मिश्र ने किया । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा श्रीकांत मौर्य, रामसागर सिंह, रविंद्र सिंह, संजीव मिश्र ,नमित पांडे, लालजी सिंह, दयाशंकर यादव ,चंद्रपाल सिंह, विमल दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

### उत्पीड़न नहीं रुका तो साहू समाज करेगा आन्दोलन : देवनाथ

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय साहू गांधी समाज द्वारा जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू व संचालन सुशील साहू ने किया। समारोह को सम्बोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष देवनाथ साहू ने कहा कि साहू समाज के लोग मिलजुल कर रहें और एक दूसरे की मदद करें। उन्होने प्रशासन पर आरोप लगाया कि साहू समाज के लोगों का उत्पीडन किया जा रहा है जो गलत है। उन्होने समाज के लोगों का आह्वाहन किया गया कि अनावश्यक उत्पीड़न और उनपर हो रहे अत्याचार का विरोध गांधीवादी तरिके से करना होगा।

# राष्ट्र और धर्म की रक्षा का संकल्प दिलाते हैं हमारे पर्व

## ब्राह्मण समाज के होली मिलन समारोह में पहुंचे स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती

**संबोधन**

**कहा, धर्म से ही राष्ट्र की सुरक्षा संभव**

जनसंदेश न्यूज



मौजूद लोगों को संबोधित करते स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती

**मीरजापुर।** नगर के बरौधा स्थित मां वैष्णो लान में संयुक्त ब्राह्मण संगठन के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पहुंचे स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि धर्म की रक्षा एकता के सूत्र में बंध कर ही किया जा सकता हैं।

उन्होंने राष्ट्र को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि धर्म की रक्षा के साथ ही राष्ट्र की रक्षा होगी। इसके लिए मूलमंत्र एकता के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ने से ही संभव है। कहा कि भारतीय पर्व हमें एकता के सूत्र में बंध कर देश और समाज में शांति, सुरक्षा और विकास का मार्ग दिखाते हैं। डॉ गणेश प्रसाद अवस्थी ने स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती को अंगवस्त्रम और माल्यार्पण करके स्वागत किया। वैदिक मंत्रों का वाचन पंडित नितिन अवस्थी, नीतीश पांडेय आदि ने किया। आगत अतिथियों ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम में फूलों से फूलों की होली खेली गई। इस मौके पर नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, विनोद पांडेय, विष्णु नारायण मालवीय, राजन पाठक, लल्लू तिवारी, राजेंद्र तिवारी, गंगासागर दुबे, बालेंदुमणि त्रिपाठी, अश्विनी कुमार त्रिपाठी, डॉ. एसएन पाठक, संतोष तिवारी, इं. शेषमणि चौबे एवं आशुतोष तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# अग्नि को साक्षी मानकर 198 जोड़ों ने लिए सात फेरे

## तीन मुस्लिम जोड़ों का मौलाना ने कराया निकाह

जनसंदेश न्यूज



नवदम्पति को आशीर्वाद देते विधायक

**चुनार।** फैक्ट्री के जय ज्योति इंटर कालेज में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में कुल दो सौ एक जोड़े सात फेरे लेकर एक दूजे के हुए। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जहां 198 ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए।

वहीं दूसरी ओर तीन मुस्लिम जोडें का मौलाना ने निकाह कराया। वैवाहिक कार्यक्रम गायत्री परिवार के पुरोहितों ने विधि विधान से संपन्न कराया।

मुख्य अतिथि विधायक अनुराग सिंह ने वधू को सरकार द्वारा दिये जाने वाले 35 हजार रुपये का प्रतीक चेक प्रदान कर उपहार दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के आयोजन का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को मिल रहा है। सामूहिक विवाह पहाड़ी, नरायनपुर, राजगढ़, जमालपुर, सीखड के साथ ही चुनार एवं अहरौरा नगर पालिका के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। इस दौरान विजय वर्मा, बचाऊ लाल सेठ, नंदलाल केशरी, अभिलाष राय, आलोक सिंह, बीडीओ नरायनपुर शिव नारायण सिंह, जमालपुर पवन कुमार सिंह, सीखड़ शिवपूजन भारती आदि प्रमुख मौजूद रहे।

# संक्षेप

## हर घर में हो डोनर ताकि रक्त की कमी से न हो किसी की मौत



रक्तदान करते युवक

**मीरजापुर।** रोटरी एवं रोट्रेक्ट क्लब विंध्याचल और विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में नगर के मिशन कंपाउंड स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 15 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया और 22 ने रेजिस्ट्रेशन कराया। रक्तदान करने वाले में युवाओं की संख्या काफी थी और सभी में बहुत उत्साह भी दिखा। रोट्रेक्ट अध्यक्ष आदित्य सिंह ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा इस सप्ताह को रोट्रेक्ट महादान 8.0 सप्ताह के रूप में मना रहा हैं और पूरे सप्ताह भर देश और विदेश भर में सभी सदस्य रक्दान शिविर का आयोजन कर रहे हैं। उसी के तहत यहाँ भी रक्दान शिविर का आयोजन किया गया हैं। विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्णानंद हैहयवंशी ने बताया कि हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य ही हैं कि हर घर ब्लड डोनर जरूर हो और ऐसे कैम्प से हम लोग कोशिश करते हैं ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों की सेवा की जा सके। कार्यक्रम में संजय सिंह गहरवार, डॉ सी बी जायसवाल, मृदुला जायसवाल, मयंक गुप्ता, अभिषेक साहू, आशुतोष हैहयवंशी, अभिषेक गुप्ता, शशांक श्रीवास्तव, विनय कुमार, मोहित कसेरा, शिवांगी गुप्ता, अर्पिता वर्मा, कौशिकी वर्मा, अंश, दिनेश, शुभम, मुकेश जायसवाल मौजूद रहे।

## सीएम जन आरोग्य मेले में 199 मरीजों का उपचार

**हलिया।** रविवार को क्षेत्र के मतवार, ड्रमंडगंज, बरौंधा नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 199 मरीजों का उपचार किया गया और मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में कुल 61 मरीजों का चिकित्सक के द्वारा उपचार कर दवा वितरित किया गया। जबकि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में कुल 71 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। वहीं नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में उपचार के लिए आये कुल 67 मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित किया गया है। मतवार में भीम गुर्जर तथा सोनू ने जांच के बाद दवा लिया। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में बुखार, मलेरिया, खांसी, सुगर, बीपी सहित अन्य रोगों के मरीजों का उपचार किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.कामेश्वर तिवारी ने औचक निरीक्षण किया है। इस दौरान चिकित्सक डा.अभिषेक जायसवाल, बीसीपीएम अनिल कुमार, डाक्टर निर्मल, एलटी राकेश, डाक्टर रीना सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आरोग्य मेले में 72 मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**लालगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में कुल 72 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित किया गया। लालगंज अंतर्गत न्यू पीएचसी दुबार कला एवं लहंगपुर में मुख्यमंत्री आरोग्य शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया। लहंगपुर में 32 और दुबार कला में 40 लोगों का चिकित्सक द्वारा मुख्यमंत्री आरोग्य शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया। लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ संजय सिंह ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण करते हुए मेले में लगे हुए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## गुरु कृपा से कल्याण व जाप से मिलती है सिद्धि : स्वामी तुलसीदास

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के औरा स्थित परमहंस आश्रम में रविवार को स्वामी अड़गड़ानंद महाराज के शिष्य तुलसीदास महाराज ने भक्तों को प्रबचन सुनाते हुए कहा कि जीवन भर ब्यक्ति परिवार के भरण पोषण में लगा रहता है। अंतिम समय में बहुत दुःखी होता है कि अपने लिये कुछ नहीं कर सका माया मे पड़ कर मरण रात दिन लगा रहता है सत्य की खोज नहीं कर पाता है ब्यक्ति का उत्थान अविनाशी से संभव है। साधना करने वाले को गुरु मिल ही जाता है। साधना का उत्तम माह चैत होता है संसार आध्यात्मिक से आधारित है। नाम का जप करते करते जब मनुष्य के ह्रदय मे प्रादुर्भाव हो जाता है तब मनुष्य को सिद्धि प्राप्त होती है यह तभी संभव है जब समर्थवान गुरु की कृपा मिल जाए बाल्मीकि को श्रृषिमुनियों की कृपा प्राप्त हुई तो ज्ञानी हो गये। भक्तों को प्रबचन सुनाते हुए स्वामी जी ने कहा कि राम, ऊं शिव का स्वास स्वास में जाप और गुरु के स्वरूप का ध्यान करने से व्यक्ति की हर बाधा दूर हो जाती है। इस मौके पर मुन्ना बाबा, शिव बाबू सेठ, राजेश मौर्य, भगवत मौर्य, रमाकांत पांडेय, परमसुख मिश्रा आदि सहित हजारों भक्तों ने प्रबचन सुन भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

## तालाब में डूबने से वृद्धा की मौत

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरा लोकई गांव निवासी 70 वर्षीया हिंछराजी देवी की संदिग्ध परिस्थिति में तालाब में डूबने से रविवार को दोपहर मे मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज थाना क्षेत्र के तिलांव पुलिस चौकी अंतर्गत पूरा लोकई गांव निवासी हिंछराजी देवी पत्नी शिवचंद पटेल दोपहर में किसी कार्य से तालाब में गई हुई थी, जहां पर संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों से मिली खबर पर मौके पर पहुंची थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया ने अग्रेतर कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानू प्रिया ने बताया कि परिजन द्वारा तहरीर मिली है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## मारपीट सहित एससीएसटी का मुकदमा दर्ज

**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासिनी महिला ने एक ब्यक्ति के खिलाफ रविवार को मार पीट करने तथा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने पर मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता सुमन कोल पुत्री मोतीलाल कोल निवासिनी देवहट ने दी गयी तहरीर में कहा है कि विपक्षी मोहित केशरी निवासी महुगढ़ी थाना ड्रमण्डगंज के विरुद्ध पैसों के विवाद को लेकर मारपीट व गाली गुप्ता देते हुए जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करने के संबंध मे मुकदमा दर्ज कराया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विरेंद्र सिंह ने बताया की पैसे के लेन देन में मारपीट हुई थी महिला की तहरीर पर मारपीट गाली देने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने एक एक ब्यक्ति के खिलाफ मारपीट करने सहित एससी एसटी का मुकदमा दर्ज आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## छेड़खानी करने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना मड़िहान 24 फरवरी 2023 को थाना मड़िहान क्षेत्रान्तर्गत निवासिनी एक बालिका द्वारा नामजद आरोपी के विरुद्ध स्वयं (नाबालिग) के साथ छेड़खानी करने व मारपीट के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जहां एसपी संतोष कुमार मिश्रा द्वारा नाबालिग के साथ हुई उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए निर्देश के क्रम में रविवार को उप निरीक्षक उमाशंकर यादव मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र से आरोपी शिवम पुत्र सुरेश निवासी ग्राम बन्देईया थाना मड़िहान से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## बाइक चोर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना अहरौरा पर 22 अगस्त 2022 को वादी दशरथ पुत्र सूरत बिन्द निवासी सरियां थाना अहरौरा द्वारा लिखित तहरीर बावत प्रार्थी के भाई की मोटरसाइकिल चोरी हो जाने के सम्बन्ध में दी गई थी। जहां एसपी संतोष कुमार मिश्रा द्वारा निर्देश के क्रम में रविवार को उ0नि0 इन्द्रजीत सिंह मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र से आरोपी अनिल सोनकर पुत्र रामप्रसाद सोनकर निवासी धोबही थाना अहरौरा मीरजापुर को गिरफ्तार जेल भेजा गया।

## भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष का अदलहाट में हुआ स्वागत

**अदलहाट।** स्थानीय कस्बे के राजन तिवारी के आवास पर शनिवार की देर रात लगभग 9:00 बजे भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी का स्वागत किया गया। जिनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी के नेतृत्व में राजन तिवारी के आवास पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। प्रदेश अध्यक्ष के साथ जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा सिद्धार्थ मिश्रा मोंटी, प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्य, जिला महामंत्री पुष्पेंद्र व प्रितेश भी रहे। मुख्यरूप से राजकुमार पांडेय, रितेश पांडेय, ओमप्रकाश पटेल, बलदेव वियार, अभिषेक दुबे, परमहंस मिश्रा, सतीश कुमार उपस्थित रहे।

# प्रेमिका के कमरे में प्रेमी का फंदे से लटकता मिला शव

**घटना**

**घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल**

**पुलिस के आलाधिकारी पहुंचे मोके पर**



घटना के बाद गांव में तैनात पुलिस बल

**मीरजापुर।** इश्क में सारी हदों को पार कर लेने की चाहत रखने वाले प्रेमी को प्रेमिका भले ही नसीब नही हुई, लेकिन मौत जरूर नसीब हो गयी। जिले में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है।

प्रेमिका के घर मिलने के लिए पहुंचे प्रेमी को प्रेमिका के घर वालों ने रंगे हाथों पकड़कर कमरे में बंद कर लिया, जहां कमरे के अंदर प्रेमी की फांसी लगाने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव में तनाव की स्थिति देखते हुए पीएसी की तैनाती की गई है।



मृत युवक की फाइल फोटो

### सीओ ने कहा, मामले की कराई जा रही है जांच

सीओ सिटी परमानंद कुशवाहा ने बताया कि घमहापुर गांव में एक युवक का शव पास के ही रहने वाले एक व्यक्ति के घर में मिला है। प्रारम्भिक जानकारी के मुताबिक युवक घर में गया हुआ था, जहां पर युवती के साथ देखकर उसकी मां ने बाहर से ताला बंद कर दिया, जहां इसकी सूचना पुलिस व ग्रामीणों को दी। मौके पर पहुंचे विंध्याचल थाना प्रभारी ने ताला खुलवाकर देखा तो फांसी के फंदे से युवक का शव लटक रहा था। गांव में तनाव की स्थिति देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात की गई है। हर एंगल पर जांच की जाएगी।

### एक ही गांव के रहने वाले थे प्रेमी-प्रेमिका

जिले के विंध्याचल थाना क्षेत्र के घमहापुर गांव में रविवार को प्रेमी मंगलम सरोज उम्र 17 वर्ष पुत्र शिवशंकर सरोज अपने ही गांव की रहने वाली प्रेमिका से मिलने के लिए गया हुआ था। इस दौरान प्रेमिका की मां ने दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया, जहां पर मां ने घर के बाहर से ताला बंद दिया। ताला बंद के लिए जाने के बाद इसकी सूचना ग्रामीणों के साथ पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद जब मौके पर पुलिस पहुंची तो अंदर प्रेमी का शव चुनरी के सहारे फंदे से लटकता हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव में तनाव को देखते हुए पीएसी तैनात की गई है। मृतक प्रेमी के परिजनों का आरोप है कि हत्या कर देने के बाद शव को फांसी के फंदे से लटकाया गया है। पुरानी रंजिश को लेकर हत्या की गई है।

# बस पलटने से आधा दर्जन यात्री घायल

## घटना के बाद मचा कोहराम

जनसंदेश न्यूज



पलटी बस

**लालगंज।** तहसील मुख्यालय दुबार कला से प्रतिदिन प्रयागराज जाने वाली बस कुशियारा जंगल में पलटने से उसमें सवार आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। बस पलटने की खबर लगते हैं पास पड़ोस के गांव के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

ग्रामीणों ने बस पलटने की जानकारी थानाध्यक्ष ज्ञानू प्रिया लालगंज को दिया। सूचना पाने के बाद थानाध्यक्ष ज्ञानू प्रिया मौके पर पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजने का काम की। घायलों में रामपुर बासित अली के कल्लू 70 वर्ष, जैकर निवासी राधा 21 वर्ष और प्रिया 17 वर्ष, बनवारी के बुटोल 45 वर्ष रानीबारी निवासी पन्नालाल 65 वर्ष व मुतना 60 वर्ष, रामपुर वासित अली निवासी राजू 30 वर्ष व दम लमऊवा के सौरव सिंह 28 वर्ष, तिखोर गांव निवासी रामदुलार 65 वर्ष प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज के चिकित्सक डॉक्टर पंकज, चीफ फार्मासिस्ट एसएन सरोज के साथ किया। जिसमें से गंभीर घायल कल्लू को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया और अन्य घायलों को यहीं से डिस्चार्ज किया गया।

# विंध्याचल पहुंचे अजय राय किया दर्शन, मांगी मन्नत

**दौरा**

**कहा-प्रदेश में हत्या कर आरोपी फरार हैं**

**सरकार कर रही जीरो टॉलरेंस की बात, हकीकत कुछ और**



दर्शन करने पहुंचे अजय राय


**मीरजापुर।** विंध्याचल धाम में पहुंचे कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने माता विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन किया। माँ का दर्शन पूजन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रदेश सरकार के नगर निकाय चुनाव में विलम्ब को साजिश और अपराध के क्षेत्र में जीरो टॉलरेंस को शर्मनाक बताया। विंध्याचल धाम में रविवार की दोपहर में पहुंचे कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने माता विंध्यवासिनी का दर्शन किया। सविधि पूजन अर्चन कर मन्नत मांगा। कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजन पाठक के आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि नगर निकाय के चुनाव की घोषणा तैयारी के साथ किया जाना चाहिए था। भाजपा सरकार ने जानबूझकर अधूरी ही तैयारी के साथ चुनाव की घोषणा की। जिसमें सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। अपने हिसाब से यह भाजपा ने ठीक नहीं किया। प्रयागराज में हत्या के बावजूद अब तक अपराधियों की न पकड़े जाने पर कहा कि सरकार जीरो टॉलरेंस की बात करती है। यह सामने दिख रहा है। जिस प्रकार से घटना घटी प्री प्लान पूरी प्लानिंग के साथ घटना को अंजाम दिया गया। इसके बावजूद सरकार को नुमाइंदों को इसकी भनक नहीं लगी। अपराधी आज भी फरार है, यह बहुत ही शर्मनाक है। प्रयागराज में दिनदहाड़े हत्या एक खतरनाक घटना है।

### स्थानांतरण पर विदाई समारोह का किया गया आयोजन

**राजगढ़।** क्षेत्र की कानून व्यवस्था संभालने वाले पुलिसकर्मियों का समय-समय पर विभाग की ओर से स्थानांतरण किया जाता है। इसी क्रम में राजगढ़ पुलिस थाना पर तैनात हेड कांस्टेबल राजकुमार सिंह का हलिया थाने के लिए स्थानांतरित कर दिया गया है जिससे उनके जाने पर भव्य एवं यादगार विदाई समारोह का आयोजन किया गया। राजकुमार सिंह की तैनाती राजगढ़ चौकी पर विगत तीन वर्ष पूर्व किया गया था और उनका विभागीय नियमों के मुताबिक कार्यकाल भी पूरा हो गया था। इस बीच राजगढ़ चौकी को थाने में तब्दील कर दिया गया और दर्जनों पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई लेकिन राजकुमार सिंह अपने निजी संबंधों की वजह से लोगों में काफी लोकप्रिय बनें रहे और क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए दिन रात मेहनत करते रहे। भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें थानाध्यक्ष राणा प्रताप यादव के नेतृत्व में समस्त पुलिसकर्मियों एवं क्षेत्र के संभ्रांत एवं सामाजिक लोगों ने उनके व्यवहार कुशलता की प्रशंसा की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान सुजीत पटेल, कमलेश पाठक, डाक्टर विनय मौर्या, गोविंद सिंह,अनिल सिंह, सुजीत दूबे, आदि लोग उपस्थित रहे।

# बिजली के खंभे से टकराई मोटर बाइक, युवक की मौत

जनसंदेश न्यूज



मृतक की फाइल फोटो

**कछवां।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जमुआं बाजार में बाइक सवार किशोर सीधे बिजली के खंभे जा टकराए। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि एक किशोर ने अस्पताल जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि दो लड़कों का वाराणसी के हेरिटेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

जहां एक किशोर की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार जमुआं के मंजेसउर निवासी बब्बू बिंद (20 वर्ष) पुत्र फूलचंद, करन बिंद (17 वर्ष) पुत्र भरत बिंद, किशन बिंद (26 वर्ष) पुत्र पताली बिंद और डाक्टर राजभर (17 वर्ष) पुत्र स्व. ठल्लू राजभर एक ही अपाचे बाइक से कहीं तेजी से जा रहे थे। वे जमुआं बाजार में भी बाइक तेज चला रहे थे और चार लोग थे, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सीधे बिजली के खंभे से टकरा गई। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने उन्हें उठाकर हॉस्पिटल भिजवाया। जहां रास्ते में ही बब्बू बिंद की मौत हो गई। जबकि करन बिंद अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। किशन बिंद का हाथ-पैर टूट गया है। जो लड़का बाइक चला रहा था, उसे ज्यादा चोट नहीं आई है और वह मौके से फरार हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हॉस्पिटल में कोमा में जाने वाला करन बिंद अपने घर का इकलौता चिराग है।

### कुएं में उतराया मिला युवती का शव

**घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव निकलवाया बाहर**

**चुनार।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बरगवां गांव के सिवान में एक युवती का शव कुएं में दिखाई देने से सनसनी फैल गई। स्थानीय किसान खेत में सरसों काट रहे थे, जिसे कुआं में झांकने के बाद शव उतराया दिखाई दिया। किसानों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर चुनार क्षेत्राधिकारी उमाशंकर व कोतवाल त्रिवेणी लाल सेन ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया। पहचान के लिए गांव के कुछ महिलाएं आई हुई थी। जिसमें मृतका की मां ने लक्ष्मी उम्र 19 वर्ष पुत्री स्वर्गीय अरविंद कुमार निवासी ग्राम बरगवां थाना चुनार की पहचान की। मृतका की मां ने बताया कि 10 तारीख को घर से यह कह कर निकली कि सहेली से मिलने जा रही है। दो दिन बीत जाने के बाद वह वापस नहीं आई। काफी खोजबीन करने के बाद चुनार थाने में तहरीर देकर गायब होने की सूचना पुलिस को दिया। मृतका जनता इंटर कॉलेज में पढ़ती थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। वहीं घटना को लेकर परिजन भी ऊहाफोह की स्थिति में हैं।

# जलशक्ति मंत्री के घर पहुंचे प्रदेश सरकार के कई मंत्री

**जताई समवेदना**

**मां की मौत के बाद लगातार पहुंच रहे हैं लोग**

जनसंदेश न्यूज



जलशक्ति मंत्री के साथ राज्य मंत्री दानिश आजाद

**जमालपुर।** यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के ओड़ी गांव स्थित उनके आवास पर यूपी सरकार के राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी पहुंच कर रविवार को उनकी मां रामा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया और ईश्वर से अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना किया। राज्य मंत्री करीब आधे घंटे तक जलशक्ति मंत्री के आवास पर रूके रहे।

इससे पूर्व इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ओमप्रकाश सप्तम ने भी ओड़ी गांव पहुंच कर जलशक्ति मंत्री से मिलकर उनकी मां के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त कर मंत्री के मां रामा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके अलावा यूपी सरकार के पूर्व मंत्री छत्रपाल सिंह गंगवार, कोल इंडिया की डायरेक्टर शशि सिंह, सदर सुल्तानपुर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सदर जौनपुर विधायक मोहम्मद अरशद खान, पूर्व विधायक चुनार जगतंबा सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष लखनऊ कृष्ण लोधी, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य शिवमंगल बियार, सूर्यमुनी तिवारी ईत्यादि ने ओड़ी गांव पहुंच कर मंत्री स्वतंत्रदेव की मां रामा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उ.प्र.सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरून एवं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने रविवार की शाम यूपी सरकार के जलशक्ति मंत्री के पैतृक गांव ओड़ी पहुंच कर उनकी मां रामा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। एवं ईश्वर से अपने श्रीचरणों में उनको स्थान देने की प्रार्थना किया। मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह एवं उनके बड़े भाई श्रीपति सिंह से मिलकर शोक जताया। इस दौरान राजा सिंह, अंकित सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख आनंद सिंह बंटू, मोतीलाल सिंह, ग्राम प्रधान चंद्रभान सिंह, आशीष सिंह, राकेश सिंह, रामा सिंह, संतोष सिंह, नीरज सिंह, महेंद्र पटेल सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# गरीबों के विकास के लिए काम रही है भाजपा सरकार : विनीत सिंह

जनसंदेश न्यूज



कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते विनीत सिंह

**जिगना।** रविवार को विधान परिषद सदस्य मीरजापुर सोनभद्र श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह शक्ति केंद्र संगोष्ठी के तहत रविवार को विकासखंड 96 ग्राम पंचायत कोलाही में जन चौपाल लगाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बजट के पहले दिए हुए देश के समक्ष अपने अभिभाषण के परिपेक्ष में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। मुख्य अतिथि के तौर पर विधान परिषद सदस्य ने कहा कि सरकार हर गरीब के घर तक योजना पहुंचाने के लिए संकल्पित है।

उन्होंने सरकार द्वारा चलाई हुई योजनाओं को उपस्थित लोगों को बिंदुवार समझाया। मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए एमएलसी ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और कहा कि सरकार गरीबों व समाज के विकास के लिए काम कर रही है। सबको समान अधिकार की बात करने वाली पार्टी सबको समान रूप से विकास कर रही है। सरकार हर गरीब के घर तक हर योजना पहुंचाने के लिए काम कर रही है जिससे गरीबों का विकास हो सके और उन्हें भी समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया जा सके। सरकार ने बिजली, पानी, आवास, शिक्षा व स्वास्थ्य पर भी कारगर कार्यक्रम चला रही है जिसका लाभ समाज के हर निचले स्तर के व्यक्ति तक पहुंच रही है। इस दौरान कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा स्वामीनाथ सिंह, जय सिंह, विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि प्रेम बहादुर सिंह, ग्राम प्रधान विनोद यादव साहिब काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# महंगाई के विरोध में महिला कांग्रेसियों ने थाली पीटकर किया प्रदर्शन

**विरोध**

## बीजेपी सरकार पर बोला हमला, कहा महंगाई रोकने में विफल

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटटा डिसूजा और यूपी महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष शहला अहरारी के आह्वान पर कमरतोड़ महंगाई के विरोध में सांसद जगाओ अभियान के तहत महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष ऊषा चौबे की अगुवाई में रविवार को राबट्र्सगंज सांसद कार्यालय उरमौरा में थाली पीटकर विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी सरकार में महंगाई चरम पर है, कमतोड़ महंगाई से लोगों को घर चलाना मुश्किल हो गया है। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल के कम कीमत होने के बाद भी डीजल, पेट्रोल के दामों में वृद्धि से किसान और आमजन काफी परेशान हैं। कांग्रेस सरकार में सिलेंडर 350 रुपये में मिलता था, वही बीजेपी सरकार आते ही सात सालों में सिलेंडर के दामों में कई गुना बढ़ोतरी होने से आम जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में महंगाई बढ़ने पर महंगाई डायन का नारा देकर सड़क और संसद में हो हल्ला मचाने वाले बीजेपी नेता आज महंगाई बढ़ने पर मौन क्यों हैं। महंगाई कम करने का वादा कर सत्ता हासिल करने वाली मोदी सरकार में महंगाई सातवें आसमान पर पहुंच गई है। बीजेपी सरकार महंगाई रोकने में फेल साबित हुई है।

अब समय आ गया है कि जनता के चुने हुए संसद में बैठे भाजपाई सांसदों को जगाया जाये, ताकि 13 मार्च को शुरू हो रहे संसद सत्र में जनता के हित में महंगाई पर चर्चा करें। इस मौके पर विमला देवी, शांति, प्रेमलता मिश्रा, नीलम, सीमा, निर्मला देवी, सोमरी, सुमन विश्वकर्मा, शांति देवी, बसंती, चंपा, मुनक्का, लवली, किरण, नीतू, कबूतरी, चमेली देवी, पिंकी, रीमा, काजल, राजकुमारी, पूनम समेत तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।



थाली पीटकर प्रदर्शन करती महिला कांग्रेसी

## बीजपुर से मीरजापुर तक नई बस चलाने की मांग

**बीजपुर।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की चार बसें बीजपुर से बनारस और मिजार्पुर के लिए चलवाई जा रही हैं, जो काफी दिनों की होने से डग्गामार होने के कारण सुचारू रूप से सेवा नही दे पा रही है। दोपहर एक बजे जाने वाली बनारस की बस नहीं आई, जिससे यात्री परेशान रहे। अरबिंद दुबे, रमेश, यशपाल, सोमारू ने बताया कि हम लोग बनारस ट्रेन पकड़ने जाना था, लेकिन बस ही नही आई। कुछ यात्री निजी साधन कर-के ट्रेन पकड़ने के लिए रवाना हुए। वही मिर्जापुर की चलने वाली बस एक हप्ते से बंद है, जो खराब होकर डिपो में खड़ी है। प्रदेश सरकार ने नई बसों सौगात दिया है। बीजपुर से मिर्जापुर की रुट पर चलने के लिए यात्रियों ने नई बस की मांग किया है। जो मिजार्पुर, प्रयागराज, लखनऊ तक चले, इससे यात्रियों को राहत मिलेगी वही सरकार को राजस्व लाभ होगा। इस बाबत परिवहन डिपो इंचार्ज सुशील दुबे से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि मिर्जापुर की बस खराब है, डिपो में मरम्मत किया जा रहा है। मिर्जापुर से लखनऊ या बलिया तक के लिए नई बस प्रस्तावित है, इसे जल्द शुरू कराया जाएगा।

# शौचालय के घोटालेबाज पर क्यों नही हो रही कार्रवाई

जनसंदेश न्यूज

**चर्चा**

## वर्ष भर पूर्व शौचालयों की कोडिंग जांच में हुआ खुलासा, 81 शौचालय धरातल पर बने ही नही

**दुद्धी।** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत सलैयाडीह में शौचालय घोटाले में घोटालेबाजों के खिलाफ कार्रवाई नही होने से चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोगों का कहना है कि इतने बड़े घोटाले में कार्रवाई न कर घोटालेबाज को किसके शह पर बचाया जा रहा है, इसकी जांच होनी चाहिए। लोंगो का कहना है कि जब वर्ष भर पूर्व एक शिकायतकर्ता के शिकायत पर जब ग्राम पंचायत में शौचालयों की कोडिंग कराई गई तो ग्राम पंचायत में शौचालयों की स्थिति के हैरान कर देने वाले आंकड़े सामने आए।

गांव में एसबीएम, नानएलोबी, एलोबी 1 व एलोबी 2 के तहत 1116 शौचालयों के निर्माण कराये गए, जिसमें सिर्फ 828 शौचालय ही पूर्ण हैं। 195 शौचालय अपूर्ण हैं, 12 शौचालय डबल नाम है, वहीं 81 शौचालय धरातल पर बने ही नही हैं। घोटाले का खुलासा होने के बाद एक वर्ष बीतने के बाद भी न शौचालयों को बनवाया गया और न ही घोटाले में कोई कार्रवाई की गयी। उधर शिकायतकर्ता को किसी तरह से शांत करा दिया और घोटाला का मुद्दा ठंडे बस्ते में चला गया। आज भी शौचालय की स्थिति जस की तस है। ग्रामीणों ने डीएम का ध्यान आकृष्ट कर सलैयाडीह शौचालय में हुए घोटाला के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता अरविंद जायसवाल का कहना है कि जब डीपीआरओ ही कोई कार्रवाई नही करना चाहते हो हम क्या कर सकते हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी न्याय नही मिला। 15 दिन पूर्व शौचालय की जांच कर रिपोर्ट गयी है।

### सलैयाडीह में पंचायत भवन की भूमि पर हुआ कब्जा

**दुद्धी।** ग्रामीणों की माने तो सलैयाडीह में पंचायत भवन की भूमि के कुछ अंश पर भी सचिव की मिलभगत से एक एजेंसी संचालक ने कब्जा कर लिया है। एक व्यक्ति की शिकायत पर जब लेखपाल ने जांच की तो मामले का खुलासा हुआ। लेखपाल की रिपोर्ट भी अधिकारियों को प्रेषित की गई है।

## संक्षेप

### आरोपियों के घर पुलिस ने चस्पा किया नोटिस



नोटिस चस्पा करती पुलिस

**रामगढ़।** एसपी के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पन्नूगंज व रामपुर बरकोनिया पुलिस ने पशु तस्करी से संबंधित मामले में रविवार को आरोपी के घर धारा 82 नोटिस चस्पा कर चेतावनी दी। पुलिस ने बताया कि चंदन यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी चौधरना, कैमूर बिहार, दिनेश उर्फ भोजू पुत्र स्व. गंगा सेठ निवासी भभुआ व साहब सिंह पुत्र झकढ़ी सिंह निवासी खटखरी थाना अधौरा, कैमूर बिहार के घर नोटिस चस्पा किया गया। टीम में प्रभारी निरीक्षक अपराध शाखा संदीप कुमार राय, थानाध्यक्ष रामपुर बरकोनिया रामदरस राम फोर्स के साथ शामिल रहे।

### अनुराग हत्याकांड में एक निरीक्षक व दो एसआई लाइन हाजिर

**घोरावल।** अनुराग हत्याकांड में लापरवाही पाए जाने पर एसपी ने एक निरीक्षक व दो एसआई को लाइन हाजिर कर दिया। पांच मार्च को घोरावल थाना क्षेत्र के पेढ़ गांव में घर के बाहर से 9 वर्षीय बच्चे का अपहरण हो गया था। घटना की सूचना के बाद से ही जहां पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में रही वहीं अपहृत बच्चे की लाश मिलने की सूचना मिलने के बाद से ही पेढ़ गांव के ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए। उन्होंने हत्यारों को फांसी की सजा दिलाए जाने व लापरवाह पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को घोरावल-रावर्ट्सगंज मार्ग जाम कर दिया। गांव में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस तैनात किया गया है। एएसपी कालू सिंह ने बताया कि मामले में लापरवाही बरतने पर सर्विलांस प्रभारी साजिद सिद्दकी, घोरावल चौकी प्रभारी एसआई बीएन राय व एसआई श्रवण कुमार सोनकर को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस ने घटना में शामिल सभी छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि पेढ़ गांव निवासी मंगरू पाल ने बीते पांच मार्च को घोरावल थाने में तहरीर दी थी कि उसके नौ वर्षीय बेटे अनुराग पाल का गांव के तीन लोगों ने अपहरण कर लिया है। इस मामले में उसने इंद्रजीत यादव, राजेश यादव व अमरजीत यादव के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी थी। तहरीर में राजेश यादव की तरफ से बच्चे को गायब करने की धमकी देने की जानकारी पुलिस को दी गयी थी। बावजूद पुलिस ने इस मामले में दिलचस्पी नहीं दिखाई।

### बिना स्वीकृति मिले ही मनरेगा से पुलिया निर्माण शुरू

**दुद्धी।** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत बैरखड़ के चक बैरखड़ में बिना काम के स्वीकृति के ही मनरेगा से पुलिया निर्माण का कार्य शुरू कराये जाने का मामला प्रकाश में आया है। जब पुलिया निर्माण में गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाया तो प्रधान उदय पाल ने बताया कि उक्त पुलिया का निर्माण मनरेगा से कराया जा रहा था, लेकिन स्वीकृति नही मिलने के कारण काम बंद करवा दिया गया। उधर ग्रामीणों का आरोप है काम चालू है और अगर आगे काम बंद भी हो जाएगा तो बिना स्वीकृति मिले काम क्यों शुरू कराया गया और संपर्क मार्ग पर गढ्ढा खोदकर क्यों छोड़ दिया गया है।

### फरार चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**बीजपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा इंजनी के फरार चल रहे दहेज प्रतिषेध अधिनियम के दो आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि दहेज मामले में सुनील सिंह और उसकी पत्नी अंजली सिंह फरार थी। सूचना मिली कि दोनों घर आए हैं। जिसपर तत्काल उपनिरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, मनीष प्रजापति, उत्कर्ष यादव, साक्षी तिवारी को मौके पर रवाना किया। टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## रोटी खिलाना पड़ा महंगा, सांड़ के हमले से बुजुर्ग महिला घायल

**ओबरा।** स्थानीय राम मंदिर कालोनी में रविवार की सुबह एक सांड़ ने वृद्ध महिला पर हमला बोल दिया, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गई।आननफानन में परिजन परियोजना चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सको ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बताया जाता है कि राम मंदिर कालोनी जगनंदन विश्वकर्मा की पत्नी सांड़ को प्रतिदिन की भांति रोटी खिला रही थी कि इसी दौरान सांड़ भड़क गया और वृद्ध महिला पर हमला कर दिया, जिससे उसका पेट फट गया। चिकित्सकों के अनुसार वृद्ध महिला का पेट फटने के कारण आंत में गंभीर चोट आई है। बता दें कि नगर में गौशाला होने के बावजूद छुट्टा पशु सड़कों पर घूमते रहते हैं, जिससे आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं।रहवासियों ने मांग किया कि छुट्टा पशुओं को पकड़कर गौशाला में भेज दिया जाए।

# एडीएम ने किया सिलाई सेंटर का उद्घाटन

**अवसर**

## 200 महिलाओं को दिया जाएगा निःशुल्क प्रशिक्षण

जनसंदेश न्यूज

**डाला।** डाला नगर पंचायत विकास मोर्चा के तत्वावधान में रविवार की सायं डाला चढाई पर निःशुल्क सिलाई सेंटर का अपर जिलाधिकारी व डाला नगर पंचायत के प्रशासक सहदेव मिश्र ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां दुर्गा की प्रतिमा पर पूजन करके किया गया।

मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत में महिला सशक्तिकरण के लिए एक अद्भुत कार्य हो रहा है, सिलाई सेंटर के प्रशिक्षण से परिवार आर्थिक रुप से सबल होगा। प्रशिक्षण से बहनें समाज में अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगी। नगर पंचायत विकास मोर्चा के अध्यक्ष अंजनी पटेल ने कहा कि डाला नगर की सम्मानित छात्राएं, बहनें और महिलाओं के स्वावलंबन हेतु एक प्रयास किया गया है। आगामी दिनों में 200 महिलाओं का प्रशिक्षण कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। सिलाई सेटंर में एक दर्जन सिलाई मशीन से प्रत्येक दिन महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि अल्ट्राटेक मजदूर यूनियन के अध्यक्ष रमेश सिंह, चन्द्रशेखर सिंह व नागेश मणि पाठक ने संयुक्त रूप से कहा सिलाई सेंटर से महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। सेंटर में प्रशिक्षिका प्रेमशीला शर्मा व ज्ञानशीला शर्मा हैं। इस मौके पर विकास शुक्ला, अन्नू गुप्ता, विनोद यादव, संजय श्रीवास्तव, राजू चौधरी, संजय गुप्ता, मनोज गुप्ता, अरुण सिंह, मुस्तकीम सिद्धकी, प्रवीण त्रिपाठी, रामदास, दयाशंकर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



फीता काटकर सिलाई सेंटर का शुभारंभ करते एडीएम

## शिक्षक संघ की बैठक में मूल्यांकन बहिष्कार पर चर्चा

**रेणुकूट।** राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय समन्वय समिति की बैठक प्रयागराज में आयोजित की गई, इस संबंध में जानकारी देते हुए समिति के सदस्य अशोक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बैठक में विभाग और सरकार द्वारा रात्रि काल में बिना सुरक्षा एवं वाहन के शिक्षक शिक्षिकाओं की ड्यूटी लगाए जाने की आलोचना की गई। इसके अलावा विधानसभा में विभाग की मंत्री गुलाब देवी द्वारा शिक्षक संघ के विषय में की गई टिप्पणी, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा 18 मार्च से प्रारंभ हो रहे मूल्यांकन के बहिष्कार एवं संयुक्त प्रांतीय अधिवेशन पर विचार व्यक्त किया गया। बैठक में समन्वय समिति के सदस्य अशोक कुमार त्रिपाठी ने राज्य के शिक्षकों के अवशेष अध्यापकों के लंबित प्रकरणों का भी मुद्दा उठाया जिस पर अन्य वक्ताओं ने भी अपनी बात रखी। इस दौरान जीएस शुक्ला, डॉ रविभूषण, केदारनाथ तिवारी, डॉ विंध्याचल सिंह, शालिक राम प्रजापति, बीना गौतम, ललित मोहन द्विवेदी, रमेशचंद्र, जेड आर खान,कुसुम मौर्य, डॉ बी एस पाल अशोक कुमार, विनोद कुमार, नवीन त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में प्रदेश भर के शिक्षक मौजूद रहे।

# बिजली कर्मियों ने हड़ताल जुलूस की बनायी रणनीति

**की अपील**

## 14 को निकालेंगे मशाल जुलूस 16 मार्च से करेंगे हड़ताल

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन के नकारात्मक रवैये के चलते बने अनावश्यक टकराव को टालने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप करने की अपील की।



संघर्ष समिति द्वारा आयोजित आम सभा के दौरान वक्ताओं ने ऊर्जा निगमो में कार्य का स्वस्थ वातावरण बनाये जाने हेतु प्रभावी हस्तक्षेप करने की बात कही। बिजली कर्मियों ने 16 मार्च रात 10 बजे से होने वाली सांकेतिक हड़ताल से पहले 14 मार्च को निकलने वाली मशाल जुलूस की रणनीति तैयार की। आम सभा में संघर्ष समिति के संयोजक अभय प्रताप सिंह ने ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा एवं मुख्यमंत्री मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी के साथ विगत 03 दिसम्बर को हुए लिखित समझौते का हवाला देते हुए कहा कि समझौते का क्रियान्वयन न होने से बिजली कर्मियों में भारी रोष व्याप्त है। संघर्ष समिति ने आरोप लगाते हुए ऊर्जा निगमों के चेयरमैन एम देवराज को समझौते के क्रियान्वयन न होने में सबसे बड़ी बाधा बताया।कहा कि ऊर्जा निगमों के चेयरमैन का रवैया इतना नकारात्मक है कि वे शक्तिभवन में उपस्थित रहते हुए भी अपर मुख्य सचिव(ऊर्जा) से संघर्ष समिति की वार्ता में उपस्थित नहीं रहते।

संघर्ष समिति के सह संयोजक शशिकांत श्रीवास्तव व अन्य पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उक्त लोकतांत्रिक ध्यानाकर्षण के कारण किसी भी बिजलीकर्मी का उत्पीड़न किया गया तो उसी समय प्रदेशभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारम्भ करने के साथ ही सामूहिक जेल भरो आन्दोलन भी प्रारम्भ कर दिया जायेगा। इस मौके पर अंकित प्रकाश, आशीष कुमार, अजय सिंह, आरजी सिंह, प्रहलाद शर्मा, नित्यानंद सिंह, आनंद कुमार, श्रीकांत गुप्ता, दीपू गोपीनाथन, विजय कुमार ,शशिकांत पांडे, लालचंद आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शिविर में 102 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**रेणुकूट।** स्वयंसेवी संस्था किशोरी देवी मेमोरियल वेलफेयर संस्था द्वारा म्योरपुर विकासखंड के पड़री ग्राम के बराईडाढ़ टोला में स्थित ग्राम पंचायत भवन में रविवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 102 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण बच्चे, महिलाएं, पुरुषों एवं बुजुर्गों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर आरके श्रीवास्तव ने कैंप में पहुंचे मरीजों का विधिवत चिकित्सीय परीक्षण किया।

स्वास्थ्य समस्या के आधार पर निशुल्क रक्त जांच एवं दवाओं का वितरण किया गया। संस्था के सचिव रिपुंजय राय ने बताया कि म्योरपुर विकासखंड के दूरदराज के इलाके में कैंप लगाकर हर महीने जरूरतमंद एवं बीमार ग्रामीणों का निशुल्क जांच एवं इलाज किया जा रहा है। इसी क्रम में आज पड़री गांव के ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनके रोगों के निदान का प्रयास किया गया। कैंप में मधुमेह रक्तचाप अर्थराइटिस एवं बच्चों से जुड़ी बीमारी की जांच कर 102 मरीजों में दवाओं का वितरण किया गया। संस्था की अध्यक्ष ज्योति राय ने कहा कि मेडिकल कैंप लगाने का हमारा उद्देश्य ग्रामीणों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। कई ऐसे बुजुर्ग और असहाय लोग होते हैं जो गांव से दूर शहर में जाकर अपना इलाज करा पाने में असमर्थ होते हैं। ऐसे लोगों को चिन्हित कर हमारी संस्था स्वास्थ्य लाभ देने का लगातार प्रयास कर रही है। आयोजन में करोड़पतिया देवी, सुभाष यादव, जमुना यादव, एसपी पांडेय, प्रमोद ठाकुर, आरती ठाकुर, सपना का योगदान रहा।



शिविर में मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

# प्रदेश को बिजली संकट के हवाले करने पर आमादा सरकार: वर्कर्स फ्रंट

जनसंदेश न्यूज

**अनपरा।** बिजली कर्मचारियों की 16 मार्च से होने वाली हड़ताल से आसन्न बिजली संकट के हल के लिए सरकार को तत्काल बिजली कर्मचारियों से वार्ता कर उनके साथ किए हुए समझौतों को लागू करना चाहिए और एस्मा जैसी दमनकारी कार्यवाही से बाज आना चाहिए। यह बातें वर्कर्स फ्रंट के प्रदेश अध्यक्ष दिनकर कपूर ने प्रेस को जारी बयान में कहीं।

उन्होंने कहा कि कारपोरेट हितों को पूरा करने में लगी सरकार प्रदेश को बिजली संकट के हवाले करने पर आमादा है। सरकार हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद कर्मचारी व इंजीनियर संगठनों से किए समझौते को लागू करने की जगह दमन की कार्यवाही कर रही है। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टर सम्मिट में सरकार ने उत्पादन निगम के अनपरा व ओबरा में नई इकाइयां निर्मित करने का समझौता एनटीपीसी के साथ किया है, जबकि भाजपा की केंद्र सरकार एनटीपीसी का निजीकरण करने की नीति पर काम कर रही है। ऐसे में कर्मचारियों का यह कहना उचित है कि सरकार निजीकरण की नीति के तहत ही अनपरा व ओबरा की नई इकाइयों को एनटीपीसी को दे रही है। उन्होंने कहा कि विद्युत संशोधन विधेयक 2022 लाना और कुछ नहीं बिजली क्षेत्र का निजीकरण करना है और आम जनता व किसानों को महंगी बिजली देना है।

उत्तर प्रदेश में सरकार बिजली क्षेत्र में कारपोरेट कल्चर स्थापित कर रही है, बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं पर काम का अत्यधिक दबाव डाला जा रहा है, जबकि इसके अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर और मैन पावर में कोई वृद्धि नहीं की जा रही है। सरकार बिजली की कीमतों में भी वृद्धि करने का प्रस्ताव नियामक आयोग में ले जा चुकी है और आने वाले समय में इसमें वृद्धि करना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को बिजली संकट से बचाने के लिए सरकार को तत्काल निजीकरण की नीतियों को वापस लेना चाहिए और कर्मचारियों से किए समझौतों को लागू करना चाहिए।

**मांग**

## बिजली कर्मचारियों से किए समझौते को किया जाए लागू

### एक वारंटी गिरफ्तार

**बीजपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा जरहा निवासी एक वारंटी को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि सिंगरौली बैढ़न न्यायालय से धारा 125 के तहत चल रहे मुकदमें की नीयत तिथि पर आरोपी उपस्थित नही हो रहा था। न्यायालय के जारी वारंट के अनुपालन में तमजिर सेख निवासी जरहां को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

# कार्यकारी महासचिव का हुआ स्वागत

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिले में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हुए एक नूतन श्रेष्ठ और स्वर्णिम भारत के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्पित आध्यात्मिक संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के कार्यकारी महासचिव और प्रेरक वक्ता डॉ. बी के मृत्युंजय भाई के नगर शुभागमन पर संस्था के सदस्यों और गणमान्य नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। ब्रह्माकुमारी बहनें हाथ में परमात्मा शिव के ध्वज के साथ शांति का संदेश देते हुए स्वागत यात्रा शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए ब्रह्माकुमारीज के विकास नगर स्थित सेवा केंद्र पर पहुंची।

शीतला मंदिर चौराहा पर विमल जालान, पवन कुमार जैन, राजेश शुक्ला, मनोज कुमार गुप्ता समेत तमाम लोगों ने मृत्युंजय भाई का स्वागत और अभिनंदन किया। मृत्युंजय ने विश्व के 100 से भी अधिक देशों में भारतीय सनातन संस्कृत के आध्यात्मिक मूल्यों का प्रचार प्रसार किया है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में भी आयोजित महासम्मेलन को संबोधित किया है। ब्रह्माकुमारी संस्था के शिक्षा प्रभाग के अध्यक्ष के रूप में डा मृत्युंजय के मार्गदर्शन में मूल्य और आध्यात्मिक शिक्षा के विशेष पाठ्यक्रम बनाए गए हैं, जिनका भारत में 25 से अधिक तथा विदेश के 3 विद्यालयों में शिक्षण कार्य हो रहा है।

सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका बी के सुमन ने बताया कि सोनभद्र में भी लोगों के व्यसनमुक्त जीवन जीने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके प्रतिभा, बीके सीता, बीके सरोज, बीके दीपशिखा, बीके कविता, अवधेश धर द्विवेदी, राजीव शुक्ला, डा. राजेश, गोपाल केसरी, रेखा खंडेलवाल, बीके हरिंद्र भाई, विमलेश ने योगदान दिया।

## विभिन्न कंपनियों की 422 शीशी अंग्रजी शराब संग 188 कैन बियर बरामद

**दुद्धी/सोनभद्र।** कोतवाली पुलिस को रविवार को बड़ी सफलता हासिल हुई ,पुलिस ने तस्करी के लिए ले जाये जा रहे एक बोलेरों अंग्रेजी शराब व बियर की बोतल को बरामद किया,पुलिस की सक्रियता व कार्रवाई से अवैध शराब तश्करों में हड़कंप मच गया। प्रभारी निरीक्षक सुभाष राय ने बताया कि वाहन को कब्जे में लेते हुए शराब को बरामद कर लिया गया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई सहित तस्करों के धर पकड़ में जुट गयी है । उन्होंने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के गुलालझरिया के कर्री के जंगल में एक सुनसान स्थान पर एक बोलेरो वाहन दिखाई पड़ी पुलिस के एसआई दिग्विजय सिंह जैसे ही वाहन के समीप पहुंचे तश्कर वाहन छोड़ चालक समेत दो की संख्या में जंगल मे घुस गए इस कारण वे पकड़ में नही आ सके। उन्होंने बताया कि बोलेरो वाहन संख्या 5इ2503 को कब्जे में ले लिया गया है साथ ही वाहन पे लोड बीयर की 188 कैन , रॉयल स्टैग के 180 एमएल की 48 शीशी , मेक डावेल की 180 एमएल की 192 शीशी , इम्पीरियल ब्लू 180 एमएल 94 शीशी ,इम्पीरियल ब्लू 375 एमएल की 44 शीशी , रॉयल स्टैग 375 एमएल 44 शीशी बराममद की गई है ।

# कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय के वरिष्ठ लिपिक निलंबित, हड़कंप

जनसंदेश न्यूज

**रेणुकूट।** नगर में स्थित कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय के वरिष्ठ लिपिक दीनदयाल मगहिया को भ्रष्टाचार के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की कार्रवाई से विभागीय कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। निलंबित कर्मचारी पर बीमा ग्रेच्युटी सहित अन्य मदों में भुगतान के बदले कर्मचारियों से अवैध वसूली के सबूत पाए गए हैं। जिसके बाद कर्मचारी राज्य बीमा योजना श्रम चिकित्सा सेवाएं उप्र के निदेशक एसपी सिंह की संस्तुति पर निलंबन की कार्रवाई की गई। उन्हें गोरखपुर स्थित कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय से संबद्ध किया गया है। निलंबित कर्मचारी पर चिकित्सालय में कर्मचारियों से विभिन्न सरकारी सुविधाओं के एवज में अवैध वसूली की लगातार शिकायत मिल रही थी। आरोपों की पुष्टि के बाद निदेशक एसपी सिंह ने इसे सरकार के जीरो टॉलरेंस नीति का उल्लंघन मानते हुए वरिष्ठ सहायक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने का आदेश दिया। उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की भी संस्तुति की गई है।

जारी आदेश में निलंबित कर्मचारी को राज्य बीमा औषधालय गोरखपुर से संबद्ध किया गया है। इस दौरान दीनदयाल मगहिया को जीवन निर्वाह भत्ते की नियमानुसार धनराशि देय होगा। इस मामले में रेणुकूट कर्मचारी बीमा निगम चिकित्सालय के अधीक्षक एडी त्रिपाठी ने कहा की निलंबित वरिष्ठ सहायक के खिलाफ भ्रष्टाचार की लगातार शिकायतें मिल रही थी। कर्मचारियों की शिकायत और पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर आरोपी कर्मचारी पर की कार्रवाई गई उचित है।

# जिला अस्पताल की आईसीयू बिल्डिंग बनी आइसोलेशन वार्ड

**समस्या**

**कई दशक बीत जाने के बाद भी नहीं शुरू हुई आईसीयू सुविधा**

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर में बनी आईसीयू वार्ड की बिल्डिंग इन दिनों आइसोलेशन वार्ड बनी हुई है। आईसीयू वार्ड की जगह आइसोलेशन वार्ड बनाकर लोगों को भर्ती किया जा रहा है लेकिन उक्त बिल्डिंग में आज तक आईसीयू का संचालन नहीं हो पाया जबकि करोड़ों रुपए खर्च के बाद आज तक मानव संसाधन और खुलने का इंतजार बिल्डिंग कर रही है। देखना यह है कि कितने दिन उक्त बिल्डिंग आइसोलेशन वार्ड बनकर लोगों की सेवा करती है। जबकि बसपा सरकार में ही बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई, लेकिन बसपा सपा भाजपा की सरकार में भी यह बिल्डिंग आईसीयू वार्ड के रूप में तब्दील नहीं हो पाई। जो यह जनपद में स्वास्थ्य महकमे के लिए एक सवाल खड़ा कर रही है। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जो भी सुविधाएं हैं वह हमारे पास संचालित है।

मुख्यालय स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी संघ जिला चिकित्सालय परिसर में करोड़ों रुपए की लागत से आईसीयू की स्थापना बसपा की सरकार में की गई थी। बसपा सरकार में बन गया। इसके बाद भी वह नहीं चल पाया। इसके बाद सपा की सरकार बनी तो लोगों को उम्मीद जगी थी शायद आईसीयू संचालित हो जाए, लेकिन उक्त सरकार में भी उम्मीदों पर पानी फिर गया सिर्फ अधिकारी व जनप्रतिनिधि लोगों को सांत्वना देते रहे कि जल्द ही आईसीयू का संचालन करा दिया जाएगा। इसके बाद भाजपा की सरकार बनने पर लोगों की उम्मीद जग गई लेकिन भाजपा के कार्यकाल बीत जाने के बाद दूसरे कार्यकाल में भी निरीक्षण करने विधायक व जनप्रतिनिधि के साथ-साथ अन्य अधिकारी आते हैं। लेकिन सिर्फ निरीक्षण करने के बाद ही आईसीयू के संचालन की बात करके वहां से चले जाते हैं। वहीं विभागीय अधिकारियों का मानना है। कि सारे उपकरण उपलब्ध है। लेकिन मानव संसाधन आज तक उपलब्ध नहीं हो पाए इसके लिए कई बार शासन को पत्र लिखा गया। इन दिनों आईसीयू का संचालन न होने के कारण उसमें करोना काल के दौरान आइसोलेशन वार्ड की स्थापना कर दी गई। जो आज भी उसी में संचालित हो रही है। वहीं गंभीर मरीजों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। न संचालित हो रहा है और उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया जाता है। जिससे आए दिन दुर्घटना होती हैं और उनको अपनी जान गंवानी पड़ती है और साथ ही तीमारदारों को आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ रही है। इसके बावजूद भी आईसीयू का संचालन ना होना लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। कई सरकारें भी जाने के बाद भी आईसीयू का संचालन नहीं होने से लोगों की परेशानी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही। वही अधिकारी कहते हैं कि हमारे पास जो संसाधन है उसी में हम अस्पताल का संचालन कर रहे हैं। इन दिनों उसमें आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है जहां गंभीर मरीजों को रखा जाता है। जिला अस्पताल परिसर में बने आईसीयू लोगों के लिए सिर्फ नाम का ही रह गया है। यही नहीं नाम हटाकर आइसोलेशन वार्ड कर दिया गया है। सीएमएस डा. उर्मिला सिंह ने बताया कि जिला अस्पताल प्रशासन की ओर से लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कम संसाधन में कराए जा रहे हैं। हमारा प्रयास है। कि अधिक से अधिक लोगों का कम संसाधन में उपचार कर सके।

## मरीजों को दवाओं संग दी चिकित्सकीय सलाह

**चंदौली।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन रविवार को जनपद के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर किया गया। इसमें 891 मरीजों का उपचार हुआ। मरीजों को दवाएं देने के अलावा सही सलाह भदी विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दिया। सरकार के मंशा के अनुसार जिले में गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने में स्वास्थ्य महकमा जुटा हुआ है। इस क्रम में जिले के 2 शहरी और 21 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। सीएमओ डा. वाईके राय ने बताया कि मेले में 384 पुरूष और 355 महिला एवं 152 बच्चों का उपचार किया गया। वहीं आयुष्मान योजना के 75 लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाए गए। जबकि कोविड हेल्प डेस्क पर 194 मरीजों का परीक्षण एवं 10 रोगियों का कोविड एंटीजेन टेस्ट किया गया। इसमें किसी भी मरीज की रिपोर्ट पाजिटिव नहीं आयी है। इसके अतिरिक्त मलेरिया के कुल 17 टेस्ट किए गए। इसमें भी किसी मरीज की रिपोर्ट पाजिटिव प्राप्त नहीं हुई। मेले में 10 टीवी के लक्षणयुक्त मरीज चिह्नित किए गए।

# छात्रों ने कैंप शिविर में स्वच्छता अभियान का दिया संदेश



सकलडीहा पीजी कॉलेज में कैंप शिविर में उपस्थित छात्राएं।

**सकलडीहा।** कस्बा के पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।वही शिविर के प्रथम सत्र में समस्त छात्र, छात्राओं द्वारा महाविद्यालय की साफ सफाई के बाद विद्यालय कैम्पस में लगे सभी पौधो की सिंचाई का कार्य किया गया ।वही द्वितीय सत्र में एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।द्वितीय सत्र में सबसे महत्त्वपूर्ण ष्नारी शिक्षा व सावित्रीबाई फुले का योगदानष पर प्रकाश डाला गया ।

इस दौरान गोष्ठी के मुख्यवक्ता व वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी जीतेंद्र यादव ने सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले स्त्री शिक्षा में जो संघर्ष का रास्ता दिखाया वही आने वाली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का काम कर रही है। वह भारत की प्रथम शिक्षिका के रूप में जानी जाती हैं।यही नही उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले स्त्री शिक्षा की प्रेरणा स्रोत रही हैं।इसी क्रम में डॉ0 अभय कुमार वर्मा ने गांधी जी की दांडी यात्रा दिवस 12 मार्च पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज ही के दिन गांधी जी ने अंग्रेजी हुकूमत द्वारा नमक पर भारी कर लगाने के विरोध में दांडी यात्रा प्रारंभ किया था जो भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का कारण बनी। 24 दिवसीय यात्रा एक अहिंसक आंदोलन था नमक पर लगाए जाने वाले टैक्स के खिलाफ सविनय अवज्ञा आंदोलन भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन एवं जन जागरण का हिस्सा बना।वही अंत मे गोष्ठी का संचालन व धन्यवाद डॉ0अनिल कुमार तिवारी ने किया।

## संक्षेप

### खड़ान सिद्धपीठ महोत्सव पर होंगे विविध आयोजन



**कमालपुर।** क्षेत्र के खड़ान गांव स्थित दिव्य तपोभूमि पर परमहंस बाबा प्रसन्नदास महाराज ने जीवित समाधी लिया था। ऐसे महान संत के निर्वाण दिवस पर प्रभु के आशिर्वाद स्वरूप आयोजित सिद्धपीठ महोत्सव का आयोजन 14 से 16 मार्च तक तीन दिवसीय मनाया जाएगा। इस दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। यह जानकारी देते हुए जिला पंचायत सदस्य व समाजसेवी अंजनी सिंह ने बताया कि 14 से 16 मार्च तक दिन में 1बजे से सायं 5 बजे तक श्रीमद भागवत गीता ज्ञान यज्ञ संगीतमय रामचरित मानस कथा होगी। इसमें वक्ता अवनीश वशिष्ठ महाराज वृंदावन एवं अनूप महाराज वृंदावन द्वारा 15 मार्च रात्रि 9 बजे से कार्यक्रम चलेगा। इसके अलावा बिरहा लोकगीत, गायक कलाकार, रामशीष यादव एवं नीतूयादव 16 मार्च रात्रि 9बजे से कार्यक्रम चलेगा। काशी नाट्य कला केंद्र एवं मुंबई भोजपुरी जगत के कलाकारों द्वारा झाँकी महिषासुर मर्दनी झाँकी भगवान कृष्ण द्वारा गोवर्धन लीला सहित भिन्न भिन्न धार्मिक प्रस्तुति भोजपुरी भजन गीत संगीत की प्रस्तुति की जाएगी।

### 45 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का होगा आयोजन



महुआरी खास में श्रीमद भागवत कथा के लिए पंडाल तैयार कराते प्रधान व ग्रामीण।

**चहनियां।** क्षेत्र के महुआरीखास गांव में 15 मार्च से 45 दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। सन्त सुंदरराज स्वामी द्वारा प्रतिदिन गंगा में तप करने के पश्चात श्रीमद भागवत कथा सुनायेंगे। इसके लिए तैयारियां जोरों पर चल रही है। हाल ही में बिसुपुर गांव में सन्त सुंदरराज स्वामी द्वारा चतुमार्सा महायज्ञ सम्पन्न हुआ है। अब बिसुपुर गांव से सटे महुआरीखास गांव में 45 दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का दिव्य एवं भव्य आयोजन होने जा रहा है। जिसके लिए तैयारियां 15 दिनों से चल रही है। कारीगरों द्वारा पंडाल बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। आयोजक ग्राम प्रधान सत्येंद्र सिंह ने बताया कि यहां गंगा किनारे सन्त त्रिदण्डी स्वामी के शिष्य सन्त सुंदरराज स्वामी द्वारा 45 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। जिसमे आसपास से हजारो की संख्या में ग्रामीण प्रतिदिन आयेंगे। इस कार्य मे ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है।

### मांगो के समर्थन मे बिजलीकर्मियो की सांकेतिक हड़ताल 16 से

**डीडीयू नगर।** प्रदेश सरकार द्वारा बिजलीकर्मियो से दिसम्बर माह में हुए समझौते लागू न किए जाने तथा ओबरा व अनपरा की 800 मेगावाट की दो ईकाईयो का निर्माण एन टी पी सी को सौंपे जाने से खिन्न बिजलीकर्मी आगामी 16 मार्च को रात्रि 10 बजे से 72 घन्टे के हड़ताल की घोषणा की है। इसके पूर्व बिजलीकर्मी 14 मार्च को शाम 5 बजे मशाल जुलूस निकालकर विरोध तथा 15 मार्च को एक दिवसीय कार्यबहिष्कार करेंगे। उक्त आशय की जानकारी विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक अमर सिंह पटेल ने दी है।

## कार चबूतरे से टकराई, एसडीएम बाल-बाल बचे



**सकलडीहा।** जौनपुर के सदर तहसील में तैनात मारूफपुर निवासी उपजिलाधिकारी सुनील कुमार भारती की कार शनिवार की रात धरहरा गांव में कुएं के चबूतरे से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। संयोग अच्छा रहा कि चालक सहित गाड़ी में सवार एसडीएम बाल-बाल बच गए। मारूफपुर निवासी सुनील कुमार भारती जौनपुर के सदर तहसील में एसडीएम है। शनिवार को वह एक विवाह में शामिल होने के लिए कमालपुर जा रहे थे। रात 1रू30 बजे के करीब धरहरा गांव से गुजरते हुए उनकी कार एक कुएं के चबूतरे से टकरा गई। जिससे कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। लेकिन एसडीएम व चालक बाल-बाल बच गए।


# सिद्धांत हत्याकांड में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



पकड़े गए हत्यारोपी संग पुलिस टीम।

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली पुलिस टीम ने हत्या में वांछित एक अभियुक्त रोहित भारती को रविवार को काली महाल से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मृतक शैलेश कुमार का विशाल भारती की बहन से संबंध था। तथा विशाल भारती का प्रेम प्रसंग मृतक शैलेश की चचेरी बहन से था जिसके कारण अंदरूनी विवाद था। वही मुझसे भी शैलेश से झगड़ा हो जाने के कारण बातचीत बंद थी। बताया कि वह अपने साथी राहुल व बाबू मिलकर विशाल भारती के कहने पर एकराय होकर चाय पीने के बहाने मृतक सिद्धांत के कमरे पर जाकर चाय पिए तथा मौका पाकर रस्सी से गला कसकर उसकी हत्या कर दी और उसका शव रस्सी के सहारे पंखे से टांग दिए, ताकि मामला आत्महत्या का लगे और दरवाजा बंद कर मौके से फरार हो गए।

## शादी में आये अधेड़ की हृदय गति रुकने से मौत



**सकलडीहा।** कस्बा निवासी शंकर जायसवाल के सबसे छोटे पुत्र धनन्जय जायसवाल कि शनिवार को शादी समारोह में आए नजदीकी रिस्तेदार जगदीश सराय निवासी सुरेंद्र जायसवाल 65 पुत्र स्वरूमुरली जायसवाल सकलडीहा अपने नजदीकी रिश्तेदार शंकर जायसवाल के घर सबसे छोटे पुत्र धनंजय की शादी में आए हुए थे वही रविवार की शाम लगभग 5 बजे अचानक हृदय गति रुक जाने से घर पर ही सुरेंद्र जायसवाल की मौत हो गई वहीं परिजनों ने आनन-फानन में आत्मसंतुष्टि के लिए सकलडीहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया वही परिजन व रिश्तेदारों में इसकी सूचना मिलते ही शोक की लहर दौड़ पड़ी।

# शिक्षा के मंदिर में बच्चों को दें बेहतर शिक्षाः जमा खान



पतेरी गांव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री जमा खान।

**इलिया।** यूपी बिहार बार्डर पर स्थित पतेरी गांव में एसएच पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इसकी शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया। जहां विद्यालय की छात्राओं ने नाटक, प्रहसन, डांस, गीत, संगीत आदि प्रस्तुत कर अपनी कला का प्रर्दशन कर वाहवाही बटोरी। इस अवसर बिहार सरकार के अल्पसंख्यक व वेलफेयर मंत्री जमा खान ने कहां कि विद्यालय ही शिक्षा का ऐसा मंदिर है। जहां सभी जाती धर्म के बच्चें एक साथ बैठकर ज्ञान प्राप्त करते हैं।इसी लिए विद्यालयों को शिक्षा का मंदिर कहते हैं।शिक्षा प्राप्त कर छात्र अपने गांव समाज व देश का नाम रोशन कर्ता है।हम सभी का फर्ज है कि बेटा हो बेटी सभी को एक समान शिक्षा देकर उनको अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर प्रदान करें। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख चांद अनिल सिंह ने कहां कि ग्रामीण क्षेत्र में कान्वेंट विद्यालयों के तर्ज पर विद्यालय का संचालन कर समाज के निचले वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना सराहनीय कदम है। इस अवसर विद्यालय के प्रधानाचार्य इंतेखाब खान, राशिद खान,दीपक सिंह, महेंद्र सिंह, नौशाद खान, गुफरान खान, रेशाद खान सहित आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रेम सौहार्द्र व भाईचारे का त्योहार है होलीः राम श्रेष्ठ

**होली मिलन समारोह**

**अबीर गुलाल लगाकर होली के त्योहार की दी बधाइयां**




समाचार पत्र विक्रेता संघ के होली मिलन समारोह को संबोधित करते भागवत नारायण चौरसिया।

**डीडीयू नगर।** भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ का होली मिलन लाल बहादुर शास्त्री पार्क में रविवार को आयोजित हुई। समारोह में मुख्य अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम श्रेष्ठ पासवान व विशिष्ट अतिथि गोरखपुर के वरिष्ठ वितरक नेता नरसिंह मिश्रा थे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक दूसरे का का माल्यार्पण व अबीर गुलाल लगाकर होली के त्यौहार की बधाइयां दी गई।

मुख्य अतिथि ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि होली एक ऐसा त्यौहार है। जो सभी बुराइयों को दूर कर लोगों को गले लगा कर प्रेम सौहार्द व भाईचारा की भावना कायम किया जाता है। प्रदेश महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया ने कहा कि भक्त पहलाद की श्रद्धा शक्ति आप लोग अपने मन में स्थापित करें और सच्चे मन से राष्ट्र समाज व पत्र वितरक भाइयों की सेवा करें यही होली का पवित्र त्यौहार है। आजादी से आज तक कोई भी सरकार आप लोगों की मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया। परंतु मौजूदा सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास पर कार्य कर रहे हैं। हम लोगों को पूर्ण विश्वास है कि वह हम लोगों की 12 सूत्री मांगों को बहुत जल्द पूरा करेंगे। समारोह में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष विजय जायसवाल, धर्मेंद्र कुशवाहा, नरसिंह मिश्रा ,कमलेश विश्वकर्मा, राजेश सिंह, आनंद गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# आज बिरज में होरी रे रसिया...

**होली मिलन**

**स्वर्णकार समाज के ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन**

**पुरानी कार्यकारणी भंग नए पदाधिकारियों को मिले दायित्व**

जनसंदेश न्यूज



होली मिलन समारोह में उपस्थित स्वर्णकार समाज के लोग

**पीडीडीयू नगर।** स्वर्णकार समाज पीडीडीयू नगर (मुगलसराय) चंदौली के ओर से रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत होली गीत से हुई। जिसके बाद सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं मिठाइयां खिलाकर बधाई दी।

इस दौरान स्वर्णकार समाज के पदाधिकारी अत्यंत हर्षोलासित दिखे। कार्यक्रम संयोजक डॉ० विनय कुमार वर्मा ने संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 17 वर्षों में से हमलोगों ने किसी भी प्रकार का कोई सम्मेलन नहीं कराया है। आगामी दिनों में इसकी रूपरेखा खींची जाएगी। कार्यक्रम में पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया गया। साथ ही नगर संयोजक का दायित्व चंद्रमोहन सेठ को प्रदान किया गया। वहीं दुल्हीपुर संयोजक का दायित्व पारस सेठ एवं पड़ाव संयोजक के पद पर अभिषेक सेठ को नियुक्त किया गया।

नियमताबाद संयोजक के पद पर मयंक सेठ को नियुक्त किया गया। इस दौरान काफी हर्ष का माहौल रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ० ओम प्रकाश वर्मा ने कहा कि हमें एकजुट होकर काम करना होगा। पिछले कुछ वर्षों में संगठन में काफी बिखराव हुआ है। सभी को एक बार फिर से संगठित होकर काम करना होगा।

त्रिभुवन वर्मा मोनू ने कहा कि स्वर्णकार समाज की किसी भी मीटिंग में सभी पदाधिकारी व सदस्य अपनी सहभागिता दिखाएं। बैठक में बुजुर्ग अवश्य आएं, जिससे युवाओं को प्रोत्साहन मिले और आगे की रणनीति तैयार हो सके। कार्यक्रम के अंत में सभी ने होली गीत गाकर एक दूसरे को बधाईयां दीं। कार्यक्रम का संचालन त्रिभुवन वर्मा ने व धन्यवाद ज्ञापन प्रेम वर्मा ने किया।

# चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी ने सरकारी धन को जमकर लूटाः संतोष



नगर पालिका कार्यालय परिसर में विरोध दर्ज कराते आप कार्यकर्ता।

**डीडीयू नगर।** भ्रष्टाचार के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं द्वारा रविवार को नगर के शाष्त्री पार्क में तिरंगा शाखा लगाई गई। तदोपरांत वहां से पदयात्रा करते हुए नगर पालिका कार्यालय पर पहुंच कर भ्रष्ट नगर पालिका नमः नामक कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने कहा कि नगर पालिका परिषद ने अपने विगत कार्यकाल में भ्रष्टाचार के कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। इसलिए हम आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता नगर पालिका नमः कार्यक्रम चला रहे हैं। और नगरपालिका को नमस्कार कर रहे हैं। कहां की नगर पालिका ने कई ऐसे कारनामे किए हैं। जिसके लिए इनको प्रणाम करने की जरूरत है।

नगर पालिका के भ्रष्ट ई ओ, चेयरमैन सभासदों ने पूरे नगर की गलियों सड़कों में बडे बडे गड्ढे दिए हैं। और सडकों के निर्माण का पैसा डकारा है। जिसके लिए इनको नमस्कार है, भाजपाईयों की नगर पालिका ने पूरे नगर को गंदगी का अंबार दिया है, शहर को बदसूरत किया है, साफ सफाई का पैसा खा गये, इसके लिए नगर पालिका को नमस्कार है। नगरपालिका के निर्वतमान भाजपाई चेयरमैन, अधिशासी अधिकारी तथा सभासदों ने सरकारी धन को जमकर लूटा इसलिए नगरपालिका को नमस्कार है। इस अवसर पर जिला महासचिव प्रवीण चौबे, ज्ञान पांडे,राजकुमार खरवार, ओम प्रकाश भारती, लाल बिहारी चौबे, रामकृत मौर्या, ओम प्रकाश यादव, राम ललित यादव, सहर अफरोज, प्रमोद शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में टीमों ने दिखाया दमखम



**नियामताबाद।** क्षेत्र के सरने ग्राम सभा में अमर क्लब के तत्वावधान में चल रहे दो दिवसीय 18 वें राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को 12 टीमों के बीच 6 मुकाबला हो चुका था। बेस्ट ऑफ थ्री के मुकाबले में पहला मैच एसीएस रेड सरने व एसीएस ब्लू सरने के बीच हुआ, जिसमें एसीएस रेड विजयी रही, दूसरे सेट का मैच एमटीआइसी चन्दौली व महादेव स्पोर्टिंग क्लब सरने के बीच हुआ जिसमें महादेव स्पोर्टिंग क्लब विजयी हुआ। तीसरे सेट का मैच पुलिस लाइन चन्दौली व महादेव स्पोर्टिंग क्लब बी टीम के साथ हुआ, जिसमें पुलिस लाइन चंदौली विजयी हुई। चौथे सेट का मैच सीआरपीएफ 95 बटालियन व एसएस स्पोर्टिंग क्लब शहीद गांव के बीच हुआ जिसमें शहीद गांव विजयी रहा।

पांचवे सेट में ईसीआर डीडीयू व पुलिस लाइन चन्दौली के बीच हुए कड़े मुकाबले में ईसीआर डीडीयू विजयी घोषित हुआ। छठे सेट में स्पोर्टिंग क्लब चौबेपुर व अमर क्लब सरने के बीच मैच हुआ जिसमें चौबेपुर की टीम विजयी घोषित की गई। इस बाबत आयोजक अशोक दीक्षित ने बताया कि यह टूनामेंट देर रात्रि तक होगा, जिसमें अभी 6 टीमों के बीच मुकाबला होना शेष है। सभी टीमों के बीच मैच हो जाने के बाद सेमी फाइनल व फाइनल मैच खेला जायेगा। आरआई पुलिस लाइन चंदौली राम बिलाश, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ के एन पांडेय, आनंद सिंह, कृष्णा गुप्ता, सपा महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष गार्गी पटेल के साथ ही वरिष्ठ गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने संगोष्ठी में गिनाई उपलब्धियां



भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह।

**सकलडीहा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म के अभिभाषण पर शनिवार को सकलडीहा पूर्वी मंडल की संगोष्ठी धरहरा स्थित शिव मंदिर पर का आयोजित की गई। इस दौरान विकसित भारत की परिकल्पना पर चर्चा की गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म के अभिभाषण पर आयोजित संगोष्ठी में ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह ने कहा कि भाजपा की जनमानस में स्वीकार्यता तेजी से बढ़ी है। सारा विश्व मोदी की ओर देख रहा है। योगी की सरकार में प्रतिदिन जनहित में कार्य किया जा रहा है। वही भासजप नेता अमित सिंह ने कहा कि मोदी-योगी ने देश व प्रदेश में वह कर दिखाया, जो विगत 75 साल में आई कोई सरकार नही कर सकी। भारत के नवनिर्माण में सभी कार्यकताओं को अपना सम्पूर्ण योगदान देना होगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह,अमित सिंह, कुमुद बिहारी सिंह, नांहक पांडेय व अंकित तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### मोदी-अल्बानीज ने जिस मैच में लिया हिस्सा, उसे लेकर दी थी धमकी, दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी खालिस्तान समर्थक संगठनों से जुड़े हैं। दरअसल आरोपियों ने अहमदाबाद में जारी भारत ऑस्ट्रेलिया मैच में बाधा डालने की धमकी दी थी। गौरतलब है कि इस टेस्ट मैच के पहले दिन प्रधानमंत्री मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज भी मौजूद रहे थे। इसके बाद से ही अहमदाबाद क्राइम ब्रांच की टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी थीं। आरोपियों की गिरफ्तारी मध्य प्रदेश से हुई है। आरोपियों ने सिम बॉक्स तकनीक का इस्तेमाल करते हुए धमकी दी थी। इसके बाद अहमदाबाद क्राइम ब्रांच और साइबर सेल आरोपियों की तलाश में जुटी थीं। पुलिस ने पंजाब, बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की विभिन्न लोकेशन पर नजर रखी। आखिरकार दोनों आरोपी मध्य प्रदेश के रीवा और सतना से गिरफ्तार किए गए हैं।



# कोहली के शतक के दम पर भारत ने बनाए 571 रन चौथा दिन खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया 88 रन पीछे

## कोहनी दोहरा शतक चूके, अक्षर के साथ निभाई 162 रन की अहम साझेदारी



**नई दिल्ली।** 12 मार्च को अहमदाबाद में खेले गए चौथे दिन के खेल में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम इंडिया ने विराट कोहली की शतकीय पारी के चलते पहली पारी में 571 रनों का स्कोर खड़ा किया। इस दौरान भारतीय टीम ने पहली पारी के आधार पर 91 रनों की बढ़त हासिल की। बता दें कि इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। पहली पारी में उस्मान ख्वाजा के 180 और कैमरून ग्रीन के 114 रन के चलते ऑस्ट्रेलिया ने 480 रन बनाए थे।
दरअसल, भारतीय टीम की पहली पारी में दो शतक और एक अर्धशतक देखने को मिले। बता दें कि चौथे दिन के खेल में विराट कोहली और रवींद्र जडेजा ने टीम की पारी को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों के बीच शानदार साझेदारी देखने को मिली। भारत के लिए विराट कोहली ने सबसे ज्यादा 186 रन बनाए।
वहीं, शुभमन गिल ने पहली पापी में 128 रन की तूफानी पारी खेली। अक्षर पटेल ने भी विराट कोहली के साथ कमाल की साझेदारी की और अपने बल्ले से 79 रन बनाए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन लियोन और टॉड मर्फी ने तीन-तीन विकेट चटकाए। इस पारी में भारत के नौ ही विकेट गिरे, ऐसा इसलिए क्योंकि श्रेयस अय्यर चोट की वजह से बल्लेबाजी करने नहीं आ सके और विराट कोहली के आउट होने के बाद 9वें विकेट गिरने पर ही टीम की पारी को समेटा गया। पहली पारी में भारत ने 571 रन बनाए और 91 रनों की बढ़त हासिल की।
अहमदाबाद टेस्ट के चौथे दिन के खेल में विराट कोहली ने एक शानदार शतक जड़ा। यह शतक उनके टेस्ट क्रिकेट करियर का 28वां शतक रहा। किंग कोहली ने 3 साल बाद अपने टेस्ट में शतक के सूखे को खत्म कर दिया है। उन्होंने अपने इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का 75वां शतक ठोका। कुल 364 गेंदों का सामना करते हुए कोहली ने 186 रन बनाए, जिसमें कुल 15 चौके शामिल रहे। यह स्कोर उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वाधिक स्कोर रहा।
ऑस्ट्रेलियाई टीम की दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के चोटिल होने के बाद क्रीज पर उनकी जगह मैथ्यू कुहनेमैन ओपनिंग करने आए। बता दें कि भारतीय पारी के दौरान फील्डिंग करते हुए अक्षर पटेल का छक्का रोकना के चलते उस्मान ख्वाजा अपना पैर मुड़वा बैठे, जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया था। ऐसे में चौथे दिन के खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरूआत धीमी नजर आई। टीम ने 6 ओवर तक बिना किसी नुकसान के 3 रन बनाए। क्रीज पर मैथ्यू (0*) और ट्रेविस हेड (3*) रन पर नाबाद है।
ऑस्ट्रेलिया के 480 रन के जवाब में भारत ने दूसरे दिन 36 रन बनाए। तीसरे दिन रोहित शर्मा 35 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद पुजारा भी 42 रन पर पवेलियन लौट गए, लेकिन गिल दूसरे छोर पर रन बनाते रहे। वह 128 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विराट कोहली ने एक छोर संभलकर बल्लेबाजी की। दूसरे छोर पर जडेजा 28 और भरत 44 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन कोहली सभी के साथ अर्धशतकीय साझेदारी करते रहे। अक्षर पटेल के साथ उन्होंने छठे विकेट के लिए 162 रन की रिकॉर्ड साझेदारी (छठे विकेट के लिए भारतीय बल्लेबाजों द्वारा दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी) की और बाजी पलट दी। इन दोनों ने पहली पारी में भारत का स्कोर 555 रन तक पहुंचाया। इसके बाद अक्षर 79 रन बनाकर आउट हो गए।

## यूपी वारियर्स ने छुआ 100 का आंकड़ा जबरदस्त फॉर्म में दिख रहीं हीली



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस और यूपी वारियर्स के बीच वीमेंस प्रीमियर का 10वां मैच खेला जा रहा है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में कमाल कर रही मुंबई इंडियंस अपनी जीत के सिलसिले को बरकरार रखने का प्रयास कर रही है। मुंबई ने अभी तक खेले गए तीनों मुकाबलों में शानदार परफॉर्म किया है।
वहीं, एलिसा हीली की अगुवाई में यूपी को इस लीग में सिर्फ 1 मैच में हार का सामना करना पड़ा है। एलिसा हीली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। यूपी को पहला झटका देविका वैद्य के रूप में लगा। देविका वैद्य 8 रन बनाकर आउट हुई। 14वें ओवर में गेंदबाजी करने के लिए हेली मैथ्यूज बुलाया गया। इस ओवर की पहली गेंद पर मैथ्यूज ने चौका जड़ दिया। इस ओवर में 10 रन बने। अलिसा हीली ने सात चौकों और एक छक्के की मदद से लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा कर लिया है। 24 ओवर के बाद यूपी वॉरियर्स का स्कोर 123/2 है। अलिसा हीली (52*), तालिया मैक्ग्रा (39*)। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस लगातार तीन मैच जीतकर तालिका में टॉप पर है. टीम के नेट रन रेट भी +4.228 का है। वहीं, यूपी वॉरियर्स ने तीन मैचों में अब तक दो मुकाबले जीते हैं। टीम चार अंकों के साथ तालिक में तीसरे नंबर पर है और उसका नेट रन रेट भी +0.509 का है।

## ऐसे विकेट पर पता नहीं दोबारा बल्लेबाजी करने का फिर मौका कब मिलेगा: शुभमन

### गिल ने खेल के तीसरे दिन 235 गेंद में 128 रन की पारी खेली थी



**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में घरेलू सरजमीं पर अपना पहला टेस्ट शतक जड़ने वाले युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि वह बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की अब तक की बल्लेबाजी की सबसे अनुकूल पिच पर ढीले शॉट नहीं खेलने के लिए प्रतिबद्ध थे। गिल ने शनिवार को यहां खेल के तीसरे दिन 235 गेंद में 128 रन की पारी खेली।
बीसीसीआई.टीवी पर डाले गए वीडियो में गिल ने अपने साथी खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा को दिए साक्षात्कार में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं सोच रहा था कि मुझे नहीं पता कि मुझे इस तरह का विकेट दोबारा कब मिलेगा। मैं खराब शॉट खेलकर इस मौके को गंवाना नहीं चाहता था। यही मेरे दिमाग में चल रहा था। उन्होंने कहा, भारत में टेस्ट शतक बनाकर बहुत अच्छा लगता है।
यह मेरा पहला शतक (स्वदेश में) है और इसे भारत में आईपीएल के अपने घरेलू मैदान पर बनाना शानदार है। गिल ने 2023 में स्वप्निल प्रदर्शन करते हुए सभी प्रारूप में में शतक बनाए हैं। उनका पहला टेस्ट शतक दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ चटगांव टेस्ट में आया था। तीसरे दिन के खेल के दौरान स्पिनरों को कुछ मदद मिल रही थी। गिल ने कहा कि उनकी रणनीति स्पिनरों के खिलाफ सतर्कता बरतने और इसकी भरपाई तेज गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामकता दिखाकर करने की थी।
उन्होंने कहा, मैं स्पिनरों के खिलाफ खुद को रोक रहा था और मैं तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी ऐसा नहीं कर सकता था। आपको इसे संतुलित करना होगा और मैं यही करने की कोशिश कर रहा था। गिल ने कहा, मैं सकारात्मक होने की कोशिश कर रहा था और एक रन लेने तथा खराब गेंद पर रन बनाने का इंतजार कर रहा था। गिल और पुजारा की जोड़ी ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 113 रन जोड़े।

## मेहदी हसन के सामने इंग्लैंड ने टेके घुटने, बांग्लादेश ने वर्ल्ड चैंपियन से टी20 सिरीज जीती



**बांग्लादेश।** बांग्लादेश और इंग्लैंड के बीच 12 मार्च शनिवार को 3 मैचों की रोमांचक टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला गया। पहले मैच में वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड को हराने के बाद मेजबान टीम बांग्लादेश ने दूसरे मुकाबले में भी अंग्रेजों को धूल चटा दी, जिसके चलते उन्होंने इस सीरीज पर भी अब कब्जा कर लिया। बांग्लादेश ने शेर ए बांग्ला स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी20 में जोस बटलर की टीम को 4 विकेट से हराया है। इस मैच में बांग्लादेश के हीरो स्टार ऑलराउंडर मेहदी हसन रहे। जिन्होनें अपनी गेंदबाजी से कोहराम मचा दिया।

***117 रन पर ऑल आउट हुई इंग्लैंड***

बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जिसको सही साबित करने में मेहदी हसन ने अहम भूमिका निभाई। इंग्लैंड पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 117 रन पर ही ऑल आउट हो गया। इंग्लिश टीम में से कोई भी बल्लेबाज 30 या उससे अधिक रन नहीं बना पाया। टीम की तरफ से सर्वाधिक 28 रन बेन डकेट ने बनाए। वहीं बांग्लादेश की तरफ से सबसे सफल गेंदबाज मेहदी हसन रहे। जिन्होनें अपने 4 ओवर के स्पेल में 3 की जबरदस्त इकॉनमी से गेंदबाजी करते हुए चार बड़े विकेट अपने नाम किए और इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया। इसके अलावा शाकिब, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान और हसन महमूद को भी 1-1 सफलता मिली।

***7 गेंदें और 4 विकेट शेष रहते हुए जीता बांग्लादेश***

शाकिब अल हसन के नेतृत्व वाली बांग्लादेश ने दूसरे टी20 में इंग्लैंड के खिलाफ 118 रन का लक्ष्य 7 गेंदें और 4 विकेट शेष रहते हुए ही हासिल कर लिया। मेजबान टीम के लिए नजमुल हुसैन ने 46 रन की महत्वपूण पारी खेली। इसके अलावा मेहदी हसन ने भी अच्छे 20 रन बनाए। ऐसे में मेहदी के इस हरफनमौला प्रदर्शन के चलते उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' के अवॉर्ड से भी नवाजा गया। वहीं इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा 3 विकेट तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने झटकी। सैम करन, मोईन अली और रेहान अहमद ने भी 1-1 विकेट अपने नाम की।

## लेनिंग ने शेफाली वर्मा की तारीफ, बोलीं- गुजरात जायंट्स के खिलाफ पिच को समीकरण से बाहर कर दिया



**मुंबई।** शेफाली वर्मा की दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से लक्ष्य का पीछा करते हुए 28 गेंद में नाबाद 76 रन की तेजतर्रार पारी से उनकी प्रेरणादायी कप्तान मेग लेनिंग भी हैरान हैं। लेनिंग ने स्वीकार किया कि विस्फोटक बल्लेबाज शेफाली ने शनिवार को गुजरात जाइंट्स के खिलाफ जो पारी खेली उसकी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में किसी को उम्मीद नहीं होगी। दिल्ली की मारिजेन कैप ने 15 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे गुजरात की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 105 रन ही बना सकी। इसके बाद शेफाली ने 10 चौकों और पांच छक्कों से गुजरात की गेंदबाजी को ध्वस्त किया और लेनिंग (नाबाद 21) के साथ मिलकर टीम को 10 विकेट से जीत दिलाई। लेनिंग ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, मैंने उम्मीद नहीं की थी कि शेफाली ऐसी पारी खेलेगी, मुझे नहीं लगता कि किसी और ने भी उम्मीद की होगी। उन्होंने कहा, वह अपने मजबूत पक्ष के अनुसार खेली और अपनी भूमिका निभाई। जब टी20 क्रिकेट में ऐसा होता है तो आपको बस इसके साथ जाना होता है। दिल्ली की कप्तान ने कहा कि पिच से शुरूआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिली। उन्होंने कहा, पिच से नई गेंद की गेंदबाजों को मदद मिल रही थी। अगर आप गेंद सही लाइन और लेंथ से करते हैं जो हमने महसूस किया कि मदद मिल रही थी। लेनिंग ने कहा, लेकिन शेफाली ने विकेट को समीकरण से बाहर कर दिया, उसने खुद का समर्थन किया, अपने मजबूत पक्षों के अनुसार खेली, स्थिर रही और सीधे हिट किया। इन विकेटों पर अगर आप ऐसा करते हैं तो आप सफल होंगे। मुझे दूसरे छोर पर खड़े होकर उसे अपना काम करते देखना अच्छा लगता है। लेनिंग ने मारिजेन कैप की भी पांच विकेट चटकाने के लिए प्रशंसा की जिन्होंने दिल्ली की टीम की जीत का मंच तैयार किया। गुजरात जाइंट्स की मुख्य कोच रेशेल हेन्स ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने सोफिया डंकले को टीम में शामिल नहीं करके गलती की जिनकी 65 रन की पारी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ अंतर पैदा किया था। हेन्स ने कहा, मारिजेन एक बेहतरीन गेंदबाज हैं और मैं उनसे कुछ भी नहीं छीनना चाहती।
एक ऐसी बल्लेबाज को बाहर करना जिसने पिछले मैच में प्रदर्शन किया था, मुझे यकीन नहीं है कि यह सही फैसला था। उन्होंने कहा, इस टूनार्मेंट में हमारे पास दो खिलाड़ी हैं जिन्होंने अर्धशतक बनाए और डंक (सोफिया डंकले) की पारी शायद सबसे अच्छी टी20 पारियों में से एक थी जिसे मैंने पिछले काफी समय में देखा है। हमें इस प्रतियोगिता में फॉर्म में चल रही खिलाड़ियों की जरूरत है, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सबसे अधिक गेंदों का सामना करें।

## शतकीय पारी के दौरान बीमार थे विराट कोहली, अनुष्का ने किया बड़ा खुलासा



विराट कोहली ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर का 75वां शतक लगाया। विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट की पहली पारी में 186 रन बनाए। वह दोहरा शतक लगाने से चूक गए, लेकिन इस दौरान कई रिकॉर्ड बना दिया। कोहली ने पत्नी अनुष्का शर्मा को शतक समर्पित किया। वहीं, अनुष्का ने सोशल मीडिया पर एक बड़ा खुलासा किया। अनुष्का ने इंस्टाग्राम स्टोरी में कोहली का वीडियो शेयर करते हुए बताया कि विराट ने बीमार होने के बावजूद इतनी बड़ी पारी खेली। वह कमजोरी महसूस कर रहे थे। अनुष्का ने लिखा, "इतने संयम के साथ बीमारी में बल्लेबाजी की है। आपने मुझे हमेशा प्रेरित किया है।" कोहली ने 1205 दिन के बाद टेस्ट क्रिकेट में शतक लगाया। यह उनका 28वां टेस्ट शतक है। विराट ने पिछली बार 23 नवंबर 2019 को बांग्लादेश के खिलाफ कोलकाता में शतक लगाया था।

***कोहली का टेस्ट में दूसरा धीमा शतक***

टेस्ट क्रिकेट में यह विराट कोहली का दूसरा सबसे धीमा शतक भी है। इस शतक के लिए उन्होंने 241 गेंदों का सामना किया। कोहली का सबसे धीमा शतक 2012 में नागपुर के मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ आया था। उस मैच में उन्होंने अपने शतक के लिए 289 गेंदों का सामना किया था।

***मैच में क्या हुआ?***

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। उस्मान ख्वाजा के 180 और कैमरून ग्रीन के 114 रन के चलते ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 480 रन बनाए। भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन ने सबसे ज्यादा छह विकेट लिए। इसके जवाब में भारत ने शुभमन गिल के 128, विराट कोहली के 186 और अक्षर पटेल के 79 रन के चलते भारत ने 571 रन का स्कोर खड़ा किया। नाथन लियोन और टॉड मर्फी ने तीन-तीन विकेट लिए। पहली पारी के आधार पर भारत को 91 रन की बढ़त मिली। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक बिना कोई विकेट गंवाए तीन रन बना लिए हैं।

## एलिस पेरी ने किया कप्तान का समर्थन, बोलीं- स्मृति को फॉर्म वापसी के लिए एक अच्छी पारी की जरूरत



महिला प्रीमियर लीग की सबसे महंगी खिलाड़ी स्मृति मंधाना फिलहाल खराब दौर से गुजर रही हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की टीम लगातार चार मैच हार चुकी है। टीम की खिलाड़ी एलिस पेरी ने अपनी कप्तान का समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें बस एक अच्छी पारी की जरूरत है, वो लय हासिल कर लेंगी तो बेहतर करेंगी। पेरी ने कहा कि स्मृति को तो जानती हूं। वो बेहद जिम्मेदार और प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। उन्हें अपने आप पर और दबाव नहीं बनाना चाहिए। स्मृति आरसीबी की कप्तान हैं जिसमें पेरी के अलावा सोफी डिवाइन और हीथर नाइट जैसी खिलाड़ी शामिल हैं। पेरी ने कहा कि नए टूनार्मेंट में अलग टीम के साथ खेलना आसान काम नहीं होता। उनमें बल्लेबाजी के साथ-साथ कप्तानी करने के भी अच्छे गुण हैं।

***लीग की सबसे महंगी खिलाड़ी हैं स्मृति***

स्मृति मंधाना महिला प्रीमियर लीग की सबसे महंगी खिलाड़ी हैं। महिला प्रीमियर लीग के ऑक्शन में पहली बोली उन पर लगी थी और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने उन्हें 3.4 करोड़ में खरीदा था। इसके बाद उन्हें टीम की कप्तानी भी दी गई, लेकिन स्मृति अब तक आशा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं। चार मैच में वह 20 के औसत से 80 रन बना पाई हैं। इस दौरान उनकी सबसे बड़ी पारी 35 रन की रही है। पूरी लीग में उनके अब तक उनके बल्ले से सिर्फ एक छक्का निकला है।

# मारपीट में घायल महिला की मौत

जनसंदेश न्यूज

**दुखद**

**एक मार्च को रास्ते के विवाद में लगी थी चोट**



**बरसठी।** थाना क्षेत्र के हरद्वारी गांव में एक मार्च को रास्ते को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल वृद्ध महिला केवला देवी कन्नौजिया 65 (पूर्व प्रधान) की शनिवार की रात इलाज के दौरान मौत हो गई। मारपीट में दोनों पक्षों एक दर्जन लोगों को चोटे आई थीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया।

बताया जाता है कि रास्ते को लेकर दयाशंकर पुत्र चानिका विश्वकर्मा और प्रेमलाल कनौजिया के बीच विवाद चल रहा था। एक मार्च को दोनों पक्षों में इसी बात को लेकर कहासुनी के बाद लाठी-डंडे ईंट पत्थर चलने लगे जिसमें दोनो पक्षों से एक दर्जन लोग घायल हो गये थे। पुलिस दोनों पक्षों से 6-6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। घायल महिला केवला देवी 65 का जिला अस्पताल में इलाज के बाद स्वजन मड़ियाहूं स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज करवा रहे थे। दो दिन पूर्व महिला घर आई थी। शनिवार को स्थिति खराब होने पर फिर इलाज हेतु मड़ियाहूं के निजी अस्पताल ले गये जहाँ केवला देवी की रात 9 बजे मौत हो गई। एक पक्ष ने दयाशंकर विश्वकर्मा, श्याम कुमार उर्फ रामू विश्वकर्मा, आनंद कुमार उर्फ सोनू विश्वकर्मा, दुर्गावती विश्वकर्मा दिव्या, कविता पत्नी भारत लाल विश्वकर्मा के खिलाफ 147, 323, 504, 506 एवं एसटी एक्ट तथा दूसरे पक्ष ने प्रेमलाल कन्नौजिया, अभिषेक, ज्योति, ममता, माधुरी एक परमशील के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करवाया था। रात को मौत की सूचना पर गांव में तनाव व्याप्त है। थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है और पीएम रिपोर्ट में मौत के कारण स्पष्ट होने पर कार्रवाई की जाएगी। एक मार्च को दोनों तरफ से मुकदमा दर्ज है।

## छिनैती का लगाया आरोप

**सुइथाकला।** क्षेत्र के सरायमोहिऊद्दीनपुर निवासी एक पिकअप चालक द्वारा रविवार को डेहरी निवासी एक युवक पर चार साथियों संग उससे पचास हजार की छिनैती किए जाने का आरोप लगाया गया है। मामले में पीड़ित द्वारा उक्त लोगों के विरुद्ध थाने में लिखित रूप से शिकायत की गई है। बताया जाता है कि सरायमोहिउद्दीनपुर निवासी असकरन अग्रहरि का आरोप है कि वह रविवार की सुबह अपने अढ़नपुर निवासी मित्र नौशाद से पचास हजार रुपए लेकर अपनी पिकअप गाड़ी से घर की तरफ वापसी कर रहा था। उसी दौरान कटका गांव स्थित मटरू की दुकान के नजदीक अचानक पीछे से पल्सर सवार उक्त आरोपित युवक आया और ओवरटेक कर पिकअप रोकवा लिया। उसके साथियों ने उसे जबरदस्ती गाड़ी से नीचे उतारकर पकड़ लिया जिसमें आरोपित युवक असलहे से धमकाते हुए उसकी जेब से पचास हजार रुपए तथा मोबाइल छीन लिया। छिनैती के बाद सभी फरार हो गए। फिलहाल मामले में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मामला आपसी लेन देन का है। फिर भी दोनों पक्षों को थाने पर बैठाकर पूछताछ जारी है। जांचों परान्त आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# देश की तरक्की शिक्षा से ही संभव : गिरीश यादव

**वार्षिकोत्सव में छात्रों की प्रस्तुति ने मोहा मन**

**खुटहन/खेतासराय।** माडर्न चिल्ड्रेन स्कूल कलापुर का वार्षिकोत्सव शनिवार की देर शाम धूमधाम के साथ मनाया गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए राष्ट्रीय गीत, कौव्वाली, एकांकी नाटक और लोकनृत्य ने उपस्थितों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहाकि शिक्षा के बल पर ही खुद के साथ साथ देश की तरक्की संभव है।



वार्षिकोत्सव समारोह में राज्यमंत्री गिरीश यादव को मोमेंटो देकर सम्मानित करते लोग

कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि ने देवी सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि इनसे दो कुलों को रोशनी मिलती है। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य सूबेदार सिंह ने तकनीकी शिक्षा पर जोर देते हुए कहाकि ब्यवसाय आधारित शिक्षा व कंप्यूटर का ज्ञान आज की विशेष जरूरत है। स्वागत गीत रिया, आकांक्षा, मुस्कान, अंजू और शिवानी तथा सावित्री, पलक, निष्ठा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। संचालन सुरेश चंद्र यादव ने किया। इस मौके पर मदन सोनी, अशोक मौर्य, सोनू मिश्रा, बलिहारी, राजेन्द्र, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे। स्कूल प्रबंधक इंद्रसेन मौर्या ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

# बेटे की प्रताड़ना से तंग मां ने ट्रेन से कटकर दी जान

जनसंदेश न्यूज

**ये कैसा वक्त**

**सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कोटवार बाजार महगांवा स्टेशन के बीच का मामला**



**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कोठवार बाजार रेलवे क्रॉसिंग के समीप रविवार की सुबह 9:30 बजे एक महिला ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक परिवारिक कलह के चलते महिला ने यह कदम उठाया है।

रविवार को सुबह वाराणसी से लखनऊ जा रही मालगाड़ी के सामने भकुरा गांव की रहने वाली जरीना पत्नी मुमताज 45 ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला पहले कोटवार बाजार रेलवे क्रॉसिंग के समीप जा रही थी लेकिन गांव के लोगों ने वहां से उसे जबरदस्ती पकड़कर हटा दिया। इसके बाद महिला रेलवे क्रॉसिंग से 200 मीटर पहले महगांवा स्टेशन के समीप ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। परिवार के अन्य लोगों के मुताबिक बेटे सिकंदर की प्रताड़ना की वजह से महिला ने ट्रेन के सामने कूदकर जान दे। बहू बेटे से आए दिन जरीना की मारपीट होती थी जिससे तंग आकर उसने यह कदम उठा लिया। जरीना के पति मुमताज दो माह पहले ही सऊदी कमाने के लिए गया था। आरपीएफ इंस्पेक्टर कैलाश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बड़ागांव में सड़क पर खड़े युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद परिजनों ने उक्त घायल को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया।

क्षेत्र के बड़ागांव निवासी 25 वर्षीय संजय कुमार पुत्र स्व रामफेर रविवार को घर के समीप सड़क पर खड़ा था कि सामने से आ रही तेज रफ़्तार बाइक ने टक्कर मार दिया जिसके चलते संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।





# शिविर में सैकड़ों मरीजों का हुआ उपचार, बांटी गयीं निःशुल्क दवाएं

जनसंदेश न्यूज

खुटहन। प्राथमिक विद्यालय देनुआ के प्रांगण में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिले के सात चिकित्सकों द्वारा सात सौ से अधिक मरीजों का उपचार व निःशुल्क दवाएं बांटी गईं। यह आयोजन स्व. डाक्टर अशोक श्रीवास्तव की पावन स्मृति में आयोजित किया गया।

सर्जन डाक्टर ओपी सिंह, फिजीशियन डाक्टर हर्ष विक्रम सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टर अरविंद यादव व डाक्टर राजेश, हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर सलिल श्रीवास्तव, दंत रोग विशेषज्ञ डाक्टर राहुल सिंह तथा होम्योपैथ चिकित्सक डाक्टर अल्पना विश्वकर्मा ने मरीजों का उपचार किया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक रमेश मिश्रा ने कहा कि हम तमाम गंभीर रोगों की जद में अज्ञानता व गलत खानपान की वजह से आ रहे हैं। खेती में जमकर प्रयोग किए जा रहे रासायनिक खादों से पैदा खाद्यान्न और फास्ट फूड को हम अपने आहार में शामिल कर रहे हैं जो रोगो की जननी है। इसके अलावा साफ सफाई और स्वच्छता की कमी भी एक प्रमुख कारण है। इस मौके पर नितेश श्रीवास्तव, गोपी श्रीवास्तव, लालबहादुर सिंह, राय साहब विश्वकर्मा, आलोक सिंह, सचेंद्र प्रधान, आनंद, अवनीश, मंगरू गौतम आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता राम लखन सिंह व संचालन प्रमोद पाण्डेय ने किया। आयोजक डाक्टर आशीष श्रीवास्तव ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया।



स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक

# सफलता के लिए भगीरथ प्रयास की आवश्यकता : प्रो. विभा

जनसंदेश न्यूज

**बैठक**

**टीडीपीजी कॉलेज के सात दिवसीय विशेष शिविर का तीसरा दिन**

**जौनपुर।** 'सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर परिश्रम से सफलता मिलती है। सफलता के लिए भगीरथ प्रयास की आवश्यकता होती है। योग्यता के अनुसार इच्छा होनी चाहिए और उसके लिए निरंतर प्रयास होना चाहिए। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने कहा है कि स्वप्न में जीवन आनंद है, जागने पर जीवन सेवा है और सेवा ही आनंद है। इसलिए हमें निरंतर सेवा के लिए अग्रसर रहना चाहिए।' उक्त उद्गार तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन काशी हिंदू विश्वविद्यालय के विधि विभाग की प्रो. विभा त्रिपाठी ने व्यक्त किए।



विशेष शिविर के दौरान मंचासीन अतिथिगण

उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक का अर्थ है स्वयं को सेवा के लिए 24 घंटे तत्पर रखना। हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए। कोई परिणाम नहीं मिले तब भी, बुरे परिणाम मिले तब भी और अच्छे परिणाम मिले तब भी। उन्होंने कहा कि किताब, किस्मत और हालात से जो सीखता है, वही आगे बढ़ता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने शिविर का निरीक्षण किया। शिवरार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सामाजिक एकीकरण एवं समावेशी विकास के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थियों को निरंतर कार्य करना चाहिए। उन्हें समाज का ज्ञान होना चाहिए और समाज में जहां कमी है, उसको दूर करने का प्रयास करना चाहिए। ऐसा आचरण करना चाहिए जिसकी समाज नकल करे। शिविरार्थियों के लिए योग का भी आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक विकास यादव ने शिविरार्थियों को विभिन्न प्रकार के योग-आसनों की शिक्षा दी। उन्होंने भ्रामरी, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपाल भारती, मंडूक, उष्ट्र आदि आसनों के बारे में शिविरार्थियों को विस्तार से बताया। इसके बाद दूसरे सत्र में टीडी कॉलेज के बीएड विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अजय दुबे ने व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान देते हुए कहा कि हमें ऐसा आचरण करना चाहिए, जिसका कि लोग अनुकरण करें। पाज़िटिव विचारों को आत्मसात करके, नेगेटिव विचारों को बाहर निकालना चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राजीव रतन सिंह सिंह ने अभ्यागतों का स्वागत किया।

डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. माया सिंह ने कहा कि आप अपने साथ-साथ समाज के विकास में काम आए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विपिन कुमार सिंह, डॉ. जितेश सिंह ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी एवं डॉ. हरिओम त्रिपाठी ने किया। कनिष्का मिश्र, कीर्ति मिश्र, अर्चिता दुबे, संजना कनौजिया, आकांक्षा प्रजापति, साक्षी सिंह, प्रियंका यादव, हर्ष सिंह, गौरी सिंह, हर्षिता सिंह, रवि शर्मा, आशीष जायसवाल, आनंत कुमार मौर्य सहित शिविर में 300 शिविरार्थियों ने भाग लिया।

## संक्षेप



प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते सभासद

### सभासद ने हरी झंडी दिखाकर सोम प्रचार वाहन को किया रवाना

**मुंगराबादशाहपुर।** कस्बे में सोम डिजिटल एलईडी प्रचार वाहन डिस्पले का शुभारंभ राजकुमार उमरवैश्य (राजू) व सिटी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता (पिंटू) ने संयुक्त रूप से मंत्रोच्चारण के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सोम एलईडी प्रचार वाहन के प्रो. विकेश गुप्ता ने एलईडी प्रचार वाहन का विधि विधान से पूजा अर्चना किया। इस दौरान सिटी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता ने कहा कि सोम एलईडी डिजिटल प्रचार वाहन के शुभारंभ से जन जन तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं व्यवसाय से संबंधित जानकारी मिलेगी। डिजिटल प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोग अपने व्यवसाय को नई दिशा, साथ ही प्रचार प्रसार के लिए अधिक धन व्यय नहीं करना पड़ेगा। कहाकि वाहन नगर क्षेत्र सहित गांव के विभिन्न इलाकों में घूम कर सरकारी एवं गैर सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगे। लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### क्रिकेट खेलने के विवाद में चाचा-भतीजा को पीटा

**खेतासराय।** क्षेत्र के सफीपुर गांव में रविवार को क्रिकेट खेलने के विवाद में मनबढ़ युवकों ने चाचा-भतीजा की पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल चाचा को डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार सफीपुर गांव में युवक क्रिकेट खेल रहे थे। इस दौरान गांव के अंकित यादव पुत्र दुर्गा प्रसाद यादव से किसी बात को लेकर युवकों का विवाद हो गया। उसने फोन करके अपने चाचा गंगा प्रसाद यादव को बुला लिया। युवकों ने मौके पर पहुंचे गंगा प्रसाद की पिटाई कर घायल कर दिया। उपचार के लिए उन्हें पीएसी सोंधी लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### सरकारी योजनाओं के प्रति चलाया जागरूकता अभियान

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के अभिमन्यु यादव महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन प्राथमिक विद्यालय लपरी में किया गया। जनता का हक विषय पर जागरूकता अभियान चलाया।



शिविर को संबोधित करते हुए सोशल एक्टविस्ट रमेश यादव ने कहा कि सूचना मांगने वाली जनता भिखारी नहीं शहंशाह है, सूचना का अधिकार कानून के माध्यम से सरकार से जनता को सवाल पूछने का हक है। इसके माध्यम से सरकार को अपने कार्य, शासन की कार्यप्रणाली को सार्वजनिक करने का अधिकार मिला। लोकतंत्र में जनता मालिक है जनता को सार्वजनिक कार्यों की सूचना प्राप्त करने का अधिकार इस कानून में उल्लेखित है। देश का कोई भी नागरिक किसी भी सरकारी, गैर सरकारी विभाग से जानकारी ले सकता है। प्रबंधक मुन्ने लाल यादव ने कहा कि पढ़ाई के साथ सामाजिक ज्ञान होना जरूरी है बगैर सामाजिक ज्ञान के जीवन जीना कठिन है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वकील यादव ने कहा कि निरक्षर को साक्षर, जनसंख्या नियंत्रण, गांव की साफ-सफाई, समाज में फैली कुरीतियों को जड़ से मिटाने के लिए संकल्प दिलाया गया।

### संकेत के माध्यम से एनसीसी बच्चों ने दी यातायात की जानकारी

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा के निर्देशानुसार प्रभारी निरीक्षक यातायात सै. हुसैन मुन्तजर व समस्त उप निरीक्षक यातायात की उपस्थिति में एनसीसी के बच्चों द्वारा यातायात के संकेत के माध्यम से विभिन्न चौराहों पर यातायात का संचालन सफलतापूर्वक कराया गया। वे लोगों को पुष्प देकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर रहे थे। शहर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाते हुए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की अनिवार्यता, हेलमेट, सीट बेल्ट, सड़क पर अवैध रुप से खड़े वाहनों के पार्किंग, मदिरापान करके वाहन न चलाने के संबंध में लोगों को जेसीज व वाजिदपुर चौराहों पर जागरूक किया गया एवं चेकिंग अभियान चलाकर प्रवर्तन की कार्यवाही भी की गयी।



### रोवर्स रेंजर्स व निपुण जांच शिविर का आयोजन

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के खैरुद्दीनगंज वार्ड स्टेशन रोड स्थित मड़ियाहूँ पीजी कॉलेज शनिवार से चल रहे पंचदिवसीय रोवर्स/रेंजर्स शिविर के दूसरे दिन ध्वज शिष्टाचार के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एसके पाठक ने सभी शिविरार्थियों को सम्बोधित करते हुए समाज में व्याप्त बुराइयों एवं कुरीतियों को दूर करने तथा विषम परिस्थितियों में धैर्य, संयम के साथ संस्कारित और अनुशाषित



व्यवहार हेतु प्रेरित किया और निरंतर नित नवीन उचाईयों को प्राप्त करने हेतु आशीर्वचन दिया। प्रभारी डॉ. सुजीत कुमार पटेल ने सभी शिविरार्थियों को स्काउटिंग एवं गाइडिंग के नियमों तथा सिद्धांतों को अपने व्यावहारिक जीवन में आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक एवं काउंसलर मनोज विश्वकर्मा, आशु सरोज, निखिल चौरसिया, शालू दुबे इत्यादि उपस्थित रहे।

# स्वयं सेविकाओं ने निकाली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली

जनसंदेश न्यूज

**सुजानगंज।** रविवार को श्री गौरीशंकर संस्कृत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर में तृतीय दिवस शिविर स्थल जेपी इण्टरनेशनल स्कूल में स्वयंसेवक एवं सेविकाओं द्वारा प्रातः जागरण, नित्य क्रिया के बाद प्रार्थना तथा योगाभ्यास से दिनचर्या प्रारम्भ की गयी।



जागरूकता रैली निकालतीं स्वयंसेविकाएं

जलपान के बाद स्वयंसेवकों द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गयी तथा श्री गौरीशंकर धाम शिव मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाकर मंदिर परिसर की साफ, सफाई का कार्य किया गया। पुनः शिविर स्थल पर भोजन विश्राम के बाद बौद्धिक सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें आपदा प्रबन्धन एवं बचाव कार्य विषय पर अपना विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि शिवानन्द चौबे द्वारा स्वयंसेवकों को आपदा के समय किए जाने वाले बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए प्राकृतिक सन्तुलन बनाने जीवन को प्रकृति के अनुरूप ढालने तथा प्रकृति के साथ समरस होने की बात की गयी। विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के प्रवक्ता गिरीश सिंह द्वारा स्वयंसेवकों को जीवन में आने वाली विभिन्न समस्याओं से लड़ने के लिए सतत धैर्य के साथ समुचित विचार व निर्णय कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ स्वयं सेविका पुष्पा, संध्या एवं प्रीति द्वारा सरस्वती बन्दना से हुआ। कार्यक्रम में ज्योति सरोज, मनीषा यादव, आरती यादव, शिम्पी यादव द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वयं सेविका भूमिका यादव द्वारा किया गया। आये हुए अतिथियों का आभार कार्यक्रम अधिकारी इंदु प्रकाश चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

# शिविर के तीसरे दिन कराया गया योगाभ्यास

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के खैरुद्दीनगंज वार्ड स्टेशन रोड स्थित मड़ियाहूँ पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील कुमार मौर्य एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दुर्गेश्वरी पांडे ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में बच्चों को योगाभ्यास कराया गया छात्रों ने महाविद्यालय प्रांगण की सफाई भी की। महाविद्यालय के प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें एक स्वस्थ जीवन व्यतीत करने के लिए प्रतिदिन 30 मिनट योगा करना आवश्यक है इससे शरीर चुस्त दुरुस्त रहता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वस्थ जीवन शैली को बताते हुए कहा कि बॉडी फिट तो माइंड हीट। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील कुमार मौर्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि फिटनेस के लिए इन्वेस्टमेंट जीरो है लेकिन इसमें रिटर्न100 प्रतिशत है। फिट इंडिया अभियान का मकसद लोगों को फिट रहने के लिए जागरूक करना है। दुर्गेश्वरी पांडे ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक स्वस्थ जीवन ही सबसे बड़ा धन है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवेंद्र उपाध्याय एवं डॉक्टर दया सिंधु ने अपना अपना विचार व्यक्त करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



शिविर के दौरान योगाभ्यास करती छात्राएं

# वोटर लिस्ट में संशोधन के लिए बीएलओ से करें संपर्क : एसडीएम

**नपं कर्मचारियों ने लोगों को किया जागरूक**

जनसंदेश न्यूज

**जफराबाद।** एसडीएम सदर सुनील कुमार भारती ने नगर पंचायत कचगांव के चुनाव हेतु निर्मित ड्राफ्ट मतदाता सूची में परिवर्धन/संसोधन/विलोपन के लिए 11 से 17 मार्च तक का समय दिया है। यदि किसी का नाम मतदाता सूची में न जुड़ा हो, या सूची से न कटा हो, या एक वार्ड के वोटर का नाम किसी अन्य वार्ड में प्रकाशित हो तो इसका संशोधन कराने के लिए अपने-अपने बीएलओ से संपर्क कर लें। सम्बंधित फार्म भर कर अभिलेखों और साक्ष्यों के साथ अपना परिवर्धन/संसोधन/विलोपन आवेदन पत्र अपने बीएलओ को जमा करें ताकि फाइनल मतदाता सूची में किसी प्रकार की कोई त्रुटि न हो सके।

इसी क्रम में नगर पंचायत कचगांव में रविवार को प्रत्येक वार्डो में जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को बताया गया कि यदि जिस किसी की भी मतदाता सूची में त्रुटि हुई है उसे संशोधित करवाना है, या उसका नाम दूसरे वार्ड में चला गया है तो वह अपने अभिलेखों को अपने बीएलओ को जमा कर दे।

## 17 मार्च तक जुड़वाएं मतदाता सूची में अपना नाम : ईओ

**गौराबादशाहपुर।** नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण कार्यक्रम पुनः प्रारंभ हो गया है। उसमें ऐसे लोग जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से शेष रह गया है या जिनका नाम उनके मूल वार्ड से हटकर किसी अन्य वार्ड में दर्ज हो गया है साथ ही ऐसे लोग जिनकी उम्र 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष पूरी हो चुकी है वह ऑफलाइन तहसील में फॉर्म जमा कर-के या ऑनलाइन वेबसाइट http://sec.up.nic.in पर जाकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने हेतु आवेदन कर सकते हैं। उक्त बाते ईओ डॉ. अनुपम सिंह ने रविवार को एक प्रेस वार्ता में कही। आगे उन्होंने बताया कि यह आवेदन करने की समय सीमा 17 मार्च तक है। इसके पूर्व आवेदन करना सुनिश्चित करें जिससे उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो सके।

# बेरंग होती जिंदगी को रंगीन बनाती है होली


होली मिलन समारोह को सम्बोधित करते पूर्व विधायक

**होली मिलन**

**आपसी सौहार्द तथा भाईचारे का इससे बड़ा धरती पर नहीं है कोई दूसरा उदाहरण**

**जनसंदेश न्यूज**

**गौराबादशाहपुर।** आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोगों की जिंदगी से खुशियों के रंग जैसे गायब से हो रहे हैं, परंतु इस बेरंग होती जिंदगी में होली ही एक ऐसा त्योहार है जो दोबारा रंग भर देता है। आपसी सौहार्द तथा प्रेम का प्रतीक धरती पर इससे बड़ा कोई दूसरा त्योहार नहीं है। उक्त बातें केशवपुर स्थित एक मैरिज हाल में आयोजित होली मिलन समारोह में आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक डॉक्टर हरेंद्र सिंह ने कहीं।

इस दौरान गजना निवासी विनोद यादव, कुछमुछ निवासी सनी यादव तथा पहेतिया निवासी राजू यादव पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता भी ग्रहण की। कार्यक्रम में आए हुए लोगों का होली गीत गाकर गायक आशीष पाठक मधुर ने अभिनंदन और स्वागत किया। धर्मापुर क्षेत्र पंचायत सदस्यों को अजय पाल द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में जिला मंत्री जय सिंह, मंडल प्रभारी विनय सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। अध्यक्षता राधेश्याम विश्वकर्मा ने की। इस मौके पर दिलीप त्रिपाठी, उमेश सिंह, धीरज मिश्रा, रामाश्रय सोनकर, विकास सिंह, पप्पू सिंह, सुरेंद्र सिंह, मनोज सिंह, संतोष मौर्य, संतोष विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## जेसीआई चेतना ने मनाया होली मिलन समारोह



**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** जेसीआई जौनपुर चेतना का होली मिलन समारोह शहर के एक होटल में संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया। सभी का स्वागत करते हुए अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को एक गिफ्ट देते हुए होली की बधाई दी और भारत के रीति-रिवाजों, परंपराओं के अनुसार होली को सबसे अच्छा त्योहार बताया। पूर्व अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने सभी को बधाई दिया और कार्यक्रम की सराहना की।

कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक सेठ, मंडल अधिकारी गौरव सेठ, रत्नेश गुप्ता, शशांक सिंह, राकेश जायसवाल, रंजीत सिंह, गणेश साहू, डॉ. प्रशांत द्विवेदी, मनमोहन सिंह, मंजू जायसवाल, कार्यक्रम संयोजक अर्चना सेठ, सरिता बैंकर, देवेंद्र, रिंपी कौर, डॉली गुप्ता, डॉ. आकांक्षा द्विवेदी आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सचिव मीरा अग्रहरि और कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी ने संयुक्त रूप से किया। सभी का आभार कार्यक्रम संयोजक इंदिरा जायसवाल ने व्यक्त किया।

**संक्षेप**

**एनएसएस का हर छात्र देश की सेवा के लिए तैयार**



**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन रविवार को छात्र संसद का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. राकेश कुमार बिंद ने किया। सर्वप्रथम कॉलेज के चार युवा सांसद नादिया, अंशिका पांडेय, गुलनाज बानो, हर्ष यादव ने अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम में युवा मुख्य अतिथि अहमद अब्बास खान ने कहाकि साइबर के प्रति हमें जागरूकता से कार्य करना चाहिए इसकी पूर्ण जानकारी भारत के समस्त नागरिकों के लिए जरूरी है, जिससे हम हमेशा किसी भी साइबर क्राइम से बच सकते हैं एवं एनएसएस के समस्त छात्र देशहित के लिए तैयार रहते हैं। दूसरे युवा विशिष्ट अतिथि प्रवीण यादव ने कहाकि देश की शिक्षा तब मजबूत होगी जब देश का युवा शिक्षा पर जोर देगा। कठोर सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन मेहनत करने की आवश्यकता है, तभी हमारा देश आगे बढ़ेगा। आए हुए अतिथियों का धन्यवाद आरडी परेड प्रतिनिधि आंचल मौर्य ने किया। एनएसएस के प्रशांत यादव स्वयंसेवक ने तत्काल एक वृद्ध महिला को ब्लड की आवश्यकता पर डोनेट किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विवेक विक्रम सिंह, डा. नीलेश सिंह, राजन पांडेय, आदित्य, राकेश मौर्य, शिवम अग्रहरी एवं समस्त छात्र/छात्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुमित सिंह ने किया।

# महिलाओं की भागीदारी से सामाजिक संरचना होगी पुष्ट


जागरूकता रैली निकालते छात्र

**महिला सशक्तिकरण**

**फरीदुल हक मेमोरियल पीजी कालेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**जनसंदेश न्यूज**

**शाहगंज।** फरीदुल हक मेमोरियल पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने नारी सशक्तिकरण पर एक जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली में अब्दुर्रहमान, रोशनी बरनवाल, विधि सोनी, जेब्रा परवीन, राहुल, जिया, सचिन सहित स्वयं सेविकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर के दूसरे सत्र में स्वयंसेवक और स्वयं सेविकाओं ने नारी सशक्तिकरण के विषयों पर चर्चा परिचर्चा की। नारी सशक्तिकरण के मुख्य बिंदु पर समाजशास्त्र के प्राध्यापक डा. निजामुद्दीन ने कहा कि सामाजिक संरचना को मजबूत बनाने के लिए महिलाओं की समाज में भागीदारी सुनिश्चित की जाए जिससे सामाजिक उत्थान को मजबूती मिल सके। इस दौरान वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. अमित दया गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी डा. धर्मेंद्र कुमार, डा. अनामिका मिश्रा, ओम प्रकाश चौरसिया, डा. निजामुद्दीन, सूर्य प्रकाश यादव, गीता देवी, सुनीता यादव आदि मौजूद रहे।

## रासेयो के तृतीय कार्य दिवस पर जागरूकता रैली


जागरूकता रैली निकालते विद्यालय के स्वयंसेवक

**मुंगराबादशाहपुर।** 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' थीम के तहत भारतीय सांस्कृतिक केंद्र द्वारा संचालित स्थानीय प्रयागराज मार्ग स्थित प्रो. रामनाथ पांडेय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का कार्यक्रम ग्राम पंचायत भवन कमालपुर के प्रांगण में तृतीय दिवस के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी बिंदु पटेल ने स्वयं सेविकाओं को लेकर कमालपुर में जागरूकता रैली निकाली।

इस दौरान जागरूकता रैली के साथ ही स्वयं सेविकाओं ने कमालपुर ग्रामवासियों को सर्व शिक्षा अभियान के तहत पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'वृक्ष धरा के आभूषण है करता दूर प्रदूषण है' के स्लोगन के जरिए कमालपुर के ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। इस दौरान छात्राओं ने अन्य राष्ट्रीयता से जुड़े कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने विस्तार पूर्वक अपने अपने विचार भी प्रकट किए। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. कमलेश पांडे, रविशंकर शुक्ला, धीरज गुप्ता, संजू मिश्रा, शालू समेत बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

## कायस्थ महासभा ने आयोजित की शोकसभा

**जौनपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 5680 के जिला उपाध्यक्ष पत्रकार जय आनंद की माता के निधन पर कैम्प कार्यालय मियांपुर पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया।

प्रदेश महासचिव/जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने शोकसभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. पुष्पा देवी जननी तो जय आनंद की थी, लेकिन वह सभी को पुत्रवत प्यार करती थी। वह सहज, सरल और उदार व्यक्तित्व की महिला थीं। उन्होंने हमेशा देना सीखा और सिखाया। चाहे समाज को देना हो, परिवार को देना हो सहज ही वह स्वीकार होता था।

उनका महासभा व उससे जुड़े लोगों से विशेष लगाव था। उनके न रहने से कायस्थ समाज की अपूरणीय क्षति हुई है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम रतन श्रीवास्तव ने कहा कि वह एक ममतामयी माँ थी। शशि श्रीवास्तव गुड्डू ने कहा कि जय की माता हम सबके लिए आदरणीया व प्रेणास्त्रोत रहीं उनके जाने पर हम सब दुखी है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि स्व0 पुष्पा देवी के निधन से कायस्थ महासभा शोक संतप्त है ।

# प्रशिक्षण कार्यशाला व्यक्तित्व विकास का माध्यम : रिचा

**संबोधन**

**जेसीआई क्लासिक ने एनएसएस छात्रों को कार्यशाला के माध्यम से दी जानकारी**

**जनसंदेश न्यूज**


प्रशिक्षण कार्यशाला को सम्बोधित करती रिचा गुप्ता

**जौनपुर।** नगर के मीरपुर इलाके में डॉक्टर अख्तर हसन रिजवी शिया डिग्री कॉलेज के माध्यम से चलाए जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत जेसीआई क्लासिक द्वारा छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में निर्णय क्षमता के बारे में छात्रों को विस्तृत जानकारी दी गई। जेसीआई की मंडल प्रशिक्षिका रिचा गुप्ता ने कहा प्रशिक्षण कार्यशाला व्यक्तित्व विकास का सबसे बड़ा माध्यम है। संस्था अध्यक्ष शिवम सिंह ने कहाकि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान संस्था द्वारा अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण कार्यशाला चलाई जाएगी जिससे विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभा को बेहतरीन करने का प्रयास किया जाएगा। शिया डिग्री कॉलेज के एनसीसी ऑफिसर व असिस्टेंट प्रोफेसर अवधेश ने कहा यह बेहतरीन संयोग है कि कॉलेज प्रशासन नगर में कार्यरत संस्थाओं के साथ मिलकर नई पहल की शुरूआत कर रही है क्योंकि सभी साथ मिलकर चलें तो जरूर ही कुछ नया इतिहास बनाएंगे। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष विशाल गुप्ता, विकल्प शुक्ला, श्याम जी सेठ व विद्यालय प्रशासन की तरफ से डॉ. तस्लीम फातिमा, डॉक्टर शादाब हैदर, ऋषिकेश यादव, हरेंद्र मौर्य, राम आसरे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था सचिव योगेश साहू द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## इस्लाम को बचाने में शामिल हैं अहलेबैत की कुर्बानियां : मौलाना गुलाम अली


बज्मे मुसालमा को सम्बोधित करते मौलाना

**पंजतनी कमेटी ने छोटी लाइन इमामबाड़े में आयोजित किया बज्मे मुसालमा**

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** पंजतनी कमेटी द्वारा शनिवार की रात कदम रसूल छोटी लाइन इमामबाड़े में बज़्मे मुसालमा का आयोजन किया गया। सालाना मजलिस के 25 साल होने के उपलक्ष्य में ये कार्यक्रम आयोजित हुआ था। मौलाना शेख हसन जाफर ने हदीसे किसा से इसका आगाज किया।

मोहम्मद हसन नसीम ने इमामबाड़े के चमत्कार के बारे में बताया कि 9 मोहर्रम 1980 को यहाँ मौला के कदम आये थे। यहाँ की मिट्टी में अजब सी खुशबू थी। यही वजह है कि पूरे देश से यहाँ दर्शन करने वालों का तांता लगा रहता है और प्रत्येक रविवार की शाम को मजलिसों का जो सिलसिला शुरू हुआ जो आज भी कमेटी द्वारा जारी है। अलविदाई तकरीर में मौलाना गुलाम अली खान हरिद्वार ने कहा कि आज अहलेबैत के चाहने वाले इस इमामबाड़े की तामीर में जुटे है क्योंकि इस्लाम आज जो पूरी दुनिया में फैला है उसमें अहलेबैत की कुर्बानियां शामिल है। यजीदी हुकूमत ने इसे खत्म करने की जब कोशिश की तो हजरत इमाम हुसैन ने अपने 71 साथियों के साथ कर्बला में शहादत देकर इस्लाम को बचाया। इससे पूर्व मुसालमा में शायर ए अहलेबैत अलताफ मारूफी, अजीम आजमी, तनवीर नौगोरी, हेजबा इमामपुरी, नातिक गाजीपुरी, हसन फतेहपुरी, शोहरत जौनपुरी, इरफान, व मुंतजिर जौनपुरी ने अपने अपने कलाम पेश किये। संचालन मीसम रामपुरी ने किया। कमेटी द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष शाहिद मेंहदी, नेहाल हैदर, कैफी रिजवी, एजाज हुसैन, नियाज हसन, हसनैन कमर, मौलाना बाकर मेंहदी, अजादर हुसैन, आजम जैदी, शाकिर जैदी, अजमी आब्दी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव मजबूती से लड़ेगी प्रमासपा

**ज्ञानपुर।** प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के तत्वाधान में गाँव चलो अभियान के अंतर्गत रविवार को औराई क्षेत्र के कोइलरा गाँव में जन चौपाल लगाया गया। जिसमें पार्टी की नीतियों विचारधारा व सिद्धांतों से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम को प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव दिनेश शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रगतिशील मानव समाज पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में मिशन 2024 की तैयारी के लिए गांव-गांव अभियान चलाकर संगठन को मजबूत करके उत्तर प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में मजबूती से चुनाव लड़ेगी। प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के लोगों को संगठित करके सत्ता में भागीदारी प्राप्त करेगी। साथ ही सत्रह अति पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल कराने के लिए आंदोलन करेगी। इस अवसर पर महेंद्र बिंद, श्यामपति बिंद, मुकेश प्रजापति, राजबली बिंद, सन्तोष आदि लोग मौजूद रहे।

# गर्मी शुरू होते ही गन्ने के रस की दुकानें सजीं

**लालानगर।** ठंड का मौसम बीत जाने के बाद गर्मी शुरू होते ही बाजारों में गन्ने के रस की मांग होने लगी है। और सूर्य देव भी अपना विकराल रूप दिखाना प्रारंभ कर दिए हैं।


सड़क के किनारे सजी गन्ने के रस की दुकान

बता दें कि होली के बाद से ही मौसम में परिवर्तन शुरू हो जाता है, और धीरे-धीरे गर्मी का प्रचंड रूप अपना तेवर दिखाने लगता है। जिससे परेशान लोग ठंड पानी एवं कोल्ड ड्रिंक से लेकर गन्ने का रस पसंद करने लगे हैं लेकिन गन्ने का रस बेच रहे दुकानदार लोगों को अंधेरे में रखकर जूस पिलाने में लगे हुए हैं।बताया जाता है कि खड़े गन्ने को पानी में भिगोकर पूरी रात रखने के बाद सुबह अपने गाड़ियों पर गन्ने को लादकर बाजारों में निकल जाते हैं, और ज्यादा से ज्यादा पानी वाला रस निकालकर लोगों को पिला रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ ठंडा गरम मौसम के अचानक बदलाव होते रहने से अस्पतालों में मरीजों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है जो खांसी बुखार से ग्रसित दिखाई पड़ रहे हैं।

## सड़क का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**ज्ञानपुर।** बभनौटी से उचेथा ममहर को जाने वाली सड़क मार्ग का निरीक्षण उप जिला अधिकारी तहसीलदार तथा थानाध्यक्ष औराई एवं ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता तथा सहायक अभियंता द्वारा अन्य स्टाफ के साथ किया गया।

इस दौरान ग्रामीण व आसपास के लोग उपस्थित रहे। विदित हो कि इस सड़क का निर्माण वर्ष 1983 में होना बताया गया तब से ही यह सड़क जनहित में आवागमन के लिए संचालित है। वर्तमान में पक्की रूप में बन चुकी है किंतु इस सड़क का कुछ अंश निजी काश्तकार भूमि में पड़ने के कारण कहीं-कहीं पिच कार्य अधूरा है आज निरीक्षण के दौरान संबंधित काश्तकारों की राय पूछी गई। ग्रामीणों तथा काश्तकारों की राय से इस अधूरे कार्य पूर्ण किए जाने में सहमति है। मौके पर लिखित रूप में भी राय प्राप्त की गई है। अब संबंधित विभाग इस सड़क को अंधुरे कार्य को शीघ्र ही पूर्ण कराएगा। जिससे आम जन की समस्या दूर हो जायेगी।

## भटकी बालिका को सुरियावां पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**ज्ञानपुर।** सुरियावां पुलिस को डायल 112 से सूचना प्राप्त हुई कि एक बच्ची उम्र लगभग 14-15 वर्ष लावारिस स्थिति में मिली है। उक्त बच्ची अपना नाम पता भी नही बता पा रही है। सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा मय महिला आरक्षी तत्काल मौके पर पहुंचकर बच्ची को थाने पर लाकर परिजनों की जानकारी का प्रयास किया गया।


बालिका को सुरियावां पुलिस ने परिजनों से मिलाया

थाना स्थानीय के व्हाट्सएप ग्रुपों में बच्ची के फोटो को शेयर करते हुए व्यापक प्रचार प्रसार किया गया तथा चाइल्ड लाईन को भी बच्ची के संबंध में सूचित किया गया। सुरियावां पुलिस के अथक प्रयास से जानकारी हुई कि बच्ची अपने पिता राजकुमार पुत्र शोभनाथ सेठ निवासी कोरऊत बाजार थाना लोहता जनपद वाराणसी व माता पूनम के साथ अपने मामा मलखाना वर्मा पुत्र शिवशंकर वर्मा निवासी वार्ड नं0 04 शास्त्री नगर सुरियावां के घर आयी थी जो बिना बताये घर से निकल गयी थी। गुम हुई बच्ची को उनके माता-पिता को सकुशल सुपुर्द किया गया। बच्ची को सकुशल अपने साथ पाकर परिजनों सहित स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस के सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

# पेयजल पाइपलाइन फटने से सड़क पर बह रहा पानी, शिकायत की भी अनदेखी


बीच सड़क पर फैला पानी

**जनसंदेश न्यूज**

**गोपीगंज।** जल संरक्षण के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार करोड़ों की धनराशि पानी की तरह खर्च कर रही है किन्तु नगर पालिका परिषद गोपीगंज जल संरक्षण के नाम पर कितनी जागरूक है, इसका नजारा गोपीगंज के सदर मोहाल में देखने को मिल सकता है। लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिए यह पैसा जागरुकता के ऊपर खर्च किया जा रहा है।

धरातल पर वास्तविकता यह है कि सरकार द्वारा जल संरक्षण के इतने प्रयास के बाद भी जल की बबार्दी रुकने का नाम नहीं ले रही है। वहीं नगर में पानी की पाइप लाइन फट जाने के कारण पानी सड़कों पर बह रहा है।

पानी की बबार्दी के मामले में आम जनता की बात तो दूर है। बबार्दी करने में जल कल विभाग खुद ही अगुआ बन बैठा है। यह मामला नगर के कई मोहल्लों की है, कहीं पाइप फट कर पानी सड़क पर बह रहा है तो कही खुद ही बहा रहे है।

पिछले दो दिनों सदर मोहाल में कई जगह से पाइप लाइन के फटने से पानी सड़क पर बह रहा है। जब की कुछ माह पूर्व इसी जगह पर पेयजल पाइप लाइन की मरम्मत की गई थी। नागरिकों का आरोप है की पाइप लाइन को ठीक करने में मानकों की अनदेखी की जाती है, जिससे यह समस्या आए दिन बनी रहती है। इसकी शिकायत अधिशासी अधिकारी से की गई परंतु अभी तक कोई कार्यवाही की बात तो दूर कानों पर जू तक नही रेंग रही है।

नगर में देखा जाए तो नागरिक भी इसके जिम्मेदार है जो अपनी दुकानों के सामने हजारों लीटर पानी प्रतिदिन बर्बाद कर रहे है। पानी बबार्दी के साथ साथ पानी के सड़क पर फैल जाने से प्रतिदिन राहगीर फिसलकर घायल हो रहे है।

# इंडिया कार्पेट एक्सपो को लेकर निर्यातकों में उत्साह

**कालीन मेला**

**15 से 18 मार्च नई दिल्ली में आयोजित है सीईपीसी द्वारा कालीन मेला**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** कालीन निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा 15 मार्च से आयोजित चार दिवसीय इंडिया कार्पेट एक्सपो को लेकर निर्यातकों में उत्साह है। रविवार को नगर के चुनिंदा निर्यातकों से भेट व फोनिक वार्ता हुई। अधिकांश निर्यातक सोमवार ही नई दिल्ली के लिए बाबतपुर से फ्लाइट से उड़ान भरेंगे। सैंपल्स भेजा जा चूका है।

प्रतिष्ठित कालीन निर्यातकों से अलग अलग वार्ता हुई। निर्यातकों ने कहा कि डोमोटेक्स में अभी भाग लेकर आया हूं। डोमोटेक्स से बहुत कुछ सीख मिलती है। विश्व बाजार में कौन से क्वालिटी के कालीनो की डिमांड अधिक है। आयातकों से बात चीत में स्पष्ट हो जाता है। नई दिल्ली में आयोजित कालीन मेला इस लिए खास है कि कालीन सैंपल्स विभिन्न देशों में कालीनो के अलग-अलग डिमांड को ध्यान में रख कर तैयार कराया गया।


इम्तियाज अहमद

जिससे कामयाबी की पूरी उम्मीद है। हमे आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि इस बार इंडिया कार्पेट एक्सपो कालीन उद्योग को नई दिशा देने का काम करेगा। सीईपीसी के सदस्य टेक्सटिको कम्पनी के पार्टनर इम्तियाज अहमद ने बताया कि मेले की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। विभिन्न देशों के 300 से अधिक आयातको ने आने की सहमति दी है। 200 से अधिक निर्यातकों का स्टाल बुक किया है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्राजील, जर्मनी, इटली, लेबनान, साउथ अफ्रीका, टर्की, स्पेन, यूके, यूएसए, यूएई, लेबनान, मारीशश सहित विभिन्न देशों के आयातक मेले की शोभा बढाएंगे।

## योगी सरकार में भी खनन माफिया की कट रही चांदी

**ज्ञानपुर।** डीघ ब्लाक के कुंडी कला भटगवा गंगा घाट से अवैध बालू खनन अनवरत जारी है। खनन माफियाओं व सफेद पोशो व चौकी कटरा की मिलीभगत से खनन माफिया देर रात अबैध बालू खनन करवाते हैं। जबकि नाव द्वारा गंगा उसपार प्रयागराज के अझोला और कोठरी घाट पर भी बालू भेजा जाता है व भैसों व ट्रैक्टरों द्वारा संचालन हो रहा है। शासन स्तर से खनन पर रोक होने के बाद भी इन स्थानों के अलावा कोनिया के कई घाटों पर बालू खनन माफिया सक्रिय हैं।

**संक्षेप**

**बैठक आज**

**भदोही।** श्री राम शोभा यात्रा महा समिति भदोही नगर की बैठक 13 मार्च सोमवार सायं 7 बजे स्थान श्री महादेव मंदिर के प्रांगण मे बुलाई गई है। बैठक मे सभी पदाधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है। इस आशय की सूचना समिति के संरक्षक संतोष कुमार दुबे ने दी है।

## शस्त्र हैंडलिंग के संबंध में पुलिस कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**ज्ञानपुर।** जनप्रतिनिधिगण, विशिष्ट जन व अतिथिगण तथा अधिकारियों की सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मियों को शस्त्रों के रखरखाव, हैंडलिंग व फायरिंग की सावधानियों के सम्बंध में प्रशिक्षित करने हेतु जनपदीय पुलिस लाईन ज्ञानपुर में रविवार से पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण के पहले दिन अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती व क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर द्वारा पुलिसकर्मियों को उनके कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों व शस्त्र हैंडलिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर ब्रीफ किया गया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।




# ₹13000 करोड़ से अधिक के निवेश से 27 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का

## लोकार्पण एवं शिलान्यास

**नितिन गडकरी**
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार
के कर–कमलों द्वारा

एवं

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
की अध्यक्षता में

**सोमवार, 13 मार्च 2023**

### लोकार्पण

जंगल कौड़िया–मोहद्दीपुर खण्ड का 4 लेन निर्माण
(NH-29E, कुल लम्बाई–18 किमी, लागत ₹323 करोड़)

छावनी–छपिया का 2 लेन पेव्डशोल्डर सहित निर्माण
(NH-227A, कुल लम्बाई–55 किमी, लागत ₹281 करोड़)

भौराबरी से परतावल चौराहा तक निर्माण
(NH-328, कुल लम्बाई–26 किमी, लागत ₹94 करोड़)

बंगाली टोला से बनरहा पूरब पट्टी तक निर्माण
(NH-730, कुल लम्बाई–19 किमी, लागत ₹70 करोड़)

कुई बाजार से गोला तक निर्माण
(NH-227A, कुल लम्बाई–9 किमी, लागत ₹38 करोड़)

बमनान में सीसी पेवमेन्ट का निर्माण
(NH-727G, कुल लम्बाई–380 मी, लागत ₹4 करोड़)

### शिलान्यास

सौनौली–जंगल कौड़िया (गोरखपुर) खण्ड का 4 लेन निर्माण
(NH-24, कुल लम्बाई–80 किमी, लागत ₹2700 करोड़)

4 लेन ग्रीनफील्ड गोरखपुर बाईपास का निर्माण
(कुल लम्बाई–27 किमी, लागत ₹2100 करोड़)

बढ़हलगंज–महरौना घाट का 2 लेन पेव्ड शोल्डर सहित निर्माण
(NH-227A, कुल लम्बाई–57 किमी, लागत ₹974 करोड़)

महाराजगंज–निचलौल–ठूठीबारी का 2 लेन पेव्डशोल्डर सहित निर्माण
(NH-730S, कुल लम्बाई–40 किमी, लागत ₹809 करोड़)

हड़िया चौराहे से करमैनी घाट तक 2 लेन पेव्डशोल्डर सहित निर्माण
(NH-328, कुल लम्बाई–49 किमी, लागत ₹593 करोड़)

बलरामपुर बाईपास का 2 लेन पेव्डशोल्डर सहित निर्माण
(कुल लम्बाई–21 किमी, लागत ₹516 करोड़)

शोहरतगढ़–उसका बाजार का 2 लेन पेव्डशोल्डर सहित निर्माण
(NH-730, कुल लम्बाई–33 किमी, लागत ₹510 करोड़)

सिकरीगंज–बढ़हलगंज का 2 लेन पेव्डशोल्डर सहित निर्माण
(NH-227A, कुल लम्बाई–39 किमी, लागत ₹403 करोड़)

छपिया–सिकरीगंज का 2 लेन पेव्डशोल्डर सहित निर्माण
(NH-227A, कुल लम्बाई–35 किमी, लागत ₹307 करोड़)

गोरखपुर–आनन्द नगर रेल खण्ड पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण
(लागत ₹66 करोड़)

शोहरतगढ़ बाईपास का निर्माण
(NH-730, कुल लम्बाई–6 किमी, लागत ₹189 करोड़)

गिलौला बाईपास का 2 लेन पेव्डशोल्डर सहित निर्माण
(NH-730 कुल लम्बाई–3.50 किमी, लागत ₹62 करोड़)

**दोपहर 12:30 बजे, महन्त दिग्विजयनाथ पार्क, गोरखपुर**

### लोकार्पण

झाँसी–खजुराहो खण्ड (उ0प्र0 सीमा) का 4 लेन निर्माण
(NH-75/76, लागत ₹1410 करोड़)

झाँसी–उरई खण्ड पर गुलारा गांव में वे–साईड अमेनिटी का विकास
(NH-27, क्षेत्रफल–2.123 हे0, लागत ₹11 करोड़)

### शिलान्यास

म.प्र.–उ.प्र. सीमा से कबरई खण्ड का 4 लेन निर्माण
(NH-34 एवं 35, कुल लम्बाई–46 किमी, लागत ₹1681 करोड़)

राष्ट्रीय राजमार्ग–27 एवं 44 के जंक्शन पर इंटरचेन्ज का निर्माण
(NH-27 एवं 44, कुल लम्बाई–1.30 किमी, लागत ₹126 करोड़)

सूपा में रोड ओवर ब्रिज का निर्माण
(NH-76, लागत ₹79 करोड़)

किडारी में रोड ओवर ब्रिज का निर्माण
(NH-76, लागत ₹64करोड़)

झाँसी–कानपुर खण्ड के झाँसी मेडिकल तिराहे पर फ्लाईओवर का निर्माण
(NH-27, कुल लम्बाई–1.3 किमी, लागत ₹61 करोड़)

खैराड़ा में रोड ओवर ब्रिज का निर्माण
(NH-76, लागत ₹51 करोड़)

झाँसी–ललितपुर खण्ड के कैलगुंवा चौराहा पर अण्डरपास और सर्विस रोड का निर्माण
(NH-44, लागत ₹19 करोड़)

**दोपहर 03:30 बजे, पुलिस लाईन, मोदी ग्राउण्ड, महोबा**

### परियोजना के लाभ

सोनौली–गोरखपुर के 4 लेन निर्माण से अन्तर्राष्ट्रीय सीमा तक यातायात में समय बचत के साथ सीमा सुरक्षा, पर्यटन एवं व्यापार को बढ़ावा।
बाईपास के निर्माण से गोरखपुर रिंग रोड पूर्ण होगी जिससे शहर में जाम से निजात, व्यापारिक, आवासीय इकाईयों की स्थापना।
कुशीनगर से लुम्बिनी तक सड़क निर्माण से बौद्ध पर्यटन स्थलों में अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा।
गिलौला बाईपास के निर्माण से बहराइच–श्रावस्ती–बलरामपुर की बेहतर कनेक्टिविटी एवं देवी पाटन मंदिर के पर्यटकों के लिए यातायात की सुगमता।
झाँसी–खजुराहो के निर्माण से मैहर–सिंगरौली–रांची औद्योगिक गलियारे एवं झाँसी–ओरछा–खजुराहो में यातायात की सुगमता एवं पर्यटन को बढ़ावा।
म.प्र.–उ.प्र. सीमा से कबरई खण्ड के निर्माण से भोपाल–कानपुर औद्योगिक गलियारे में लखनऊ तक यातायात की सुगमता एवं समय की बचत।
झाँसी–प्रयागराज के मध्य रोड ओवर ब्रिज के निर्माण से बुन्देलखण्ड क्षेत्र में यातायात में सुगमता एवं समय की बचत।
उ.प्र. में निवेश को प्रोत्साहन एवं औद्योगिक विकास को बढ़ावा, नये रोज़गार के अवसरों का सृजन, समय एवं ईंधन की बचत तथा प्रदूषण में कमी।

### गरिमामयी उपस्थिति

**जनरल (डॉ.) वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त)** – सड़क परिवहन एवं राजमार्ग एवं नागरिक विमानन राज्यमंत्री, भारत सरकार | **पंकज चौधरी** – वित्त राज्यमंत्री, भारत सरकार | **जितिन प्रसाद** – लोक निर्माण मंत्री, उत्तर प्रदेश | **डा. संजय कुमार निषाद** – मत्स्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | **रामकेश निषाद** – जल शक्ति राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

रमापति राम त्रिपाठी सांसद (लोकसभा) | जगदम्बिका पाल सांसद (लोकसभा) | हरीश द्विवेदी सांसद (लोकसभा) | रवि किशन सांसद (लोकसभा) | कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल सांसद (लोकसभा) | कमलेश पासवान सांसद (लोकसभा) | अनुराग शर्मा सांसद (लोकसभा) | आर. के. सिंह पटेल सांसद (लोकसभा) | विजय कुमार दूबे सांसद (लोकसभा)

कीर्ति वर्धन सिंह सांसद (लोकसभा) | प्रवीन कुमार निषाद सांसद (लोकसभा) | रविन्दर कुशवाहा सांसद (लोकसभा) | राम शिरोमणि वर्मा सांसद (लोकसभा) | डा. राधा मोहन दास अग्रवाल सांसद (राज्यसभा) | संगीता यादव सांसद (राज्यसभा) | बृजलाल सांसद (राज्यसभा) | बाबू राम निषाद सांसद (राज्यसभा)

#### माननीय विधानसभा व विधान परिषद सदस्यगण

राकेश कुमार गोस्वामी । ब्रजभूषण राजपूत । रवि शर्मा । डा. रश्मि आर्य । रामरतन कुशवाहा । राजीव सिंह (पारीछा) । प्रकाश द्विवेदी । कैलाश नाथ । पल्टूराम । विनय वर्मा । श्यामधनी राही । राजेश त्रिपाठी । श्रीराम चौहान । डा. विमलेश पासवान
विजयलक्ष्मी गौतम । दीपक कुमार मिश्र 'शाका' । अंकुर तिवारी । गणेश चंद । अजय सिंह । दूधराम । राम फेरन पाण्डेय । ज्ञानेन्द्र सिंह । प्रेमसागर पटेल । जयमंगल । फतेह बहादुर । इंजी. सरवन कुमार निषाद । महेन्द्र पाल सिंह । प्रभात कुमार वर्मा
मनीष कुमार उर्फ मन्टू । डॉ. असीम कुमार । पंचानन्द पाठक (पी.एन.पाठक) । रामप्रताप वर्मा उर्फ शशिकान्त वर्मा । डा. शिव प्रताप यादव । वीरेन्द्र चौधरी । अनिल कुमार त्रिपाठी । महेंद नाथ यादव । कविन्द्र चौधरी । राजेन्द्र प्रसाद चौधरी । इन्द्राणी देवी । ऋषि त्रिपाठी
सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा । विपिन सिंह । डा. बाबू लाल तिवारी । अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह । जितेन्द्र सिंह सेंगर । डॉ. धर्मेन्द्र सिंह । सुभाषचन्द्र उर्फ सुभाष यदुवंश । रमा निरंजन । देवेन्द्र प्रताप सिंह । सी.पी. चन्द । प्रज्ञा त्रिपाठी । रतन पाल सिंह । ध्रुव कुमार त्रिपाठी

FOR LIVE STREAMING :
www.facebook.com/nitingadkary
https://twitter.com/nitin_gadkari
www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

FASTag
• लगभग 40 करोड़ घंटे प्रतिवर्ष के अमूल्य समय की बचत • लगभग 35 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष ईंधन की बचत
• लगभग 10 लाख टन कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में कमी से पर्यावरण संरक्षण
इसलिए FASTag अपनाएं... और देशहित में अपना योगदान दें...

सड़कें ही नहीं,
राष्ट्र का निर्माण भी